✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार


# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 228 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 14 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




# कृषि एवं अन्य विभागों में होगी बहाली, मुंबई में बनेगा बिहार भवन

## नीतीश कैबिनेट ने बैठक कर 41 प्रस्तावों पर लगाई मुहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य के विभिन्न विभागों से जुड़े 41 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। मंत्रिमंडल ने करीब 53 वर्ष बाद बिहार और झारखंड के बीच लंबित सोन नदी जल बंटवारे को सुलझा लिया है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव अरविंद चौधरी ने बताया कि 1973 में हुए बाणसागर समझौते के अनुसार अविभाजित बिहार को 7.75 मिलियन एकड़ फुट जल आमंत्रित हुआ था। वर्ष 2000 में राज्य के बंटवारे के बाद झारखंड द्वारा दोनों राज्यों के बीच जल बंटवारा किए जाने की मांग उठाई जाती रही है एवं इस मुद्दे की वजह से बिहार की इंद्रपुरी जलाशय परियोजना पर समिति नहीं दी जा रही थी। बिहार द्वारा जल बंटवारे का फार्मूला तय होने के बाद भी मामले का समाधान नहीं हो रहा था। परंतु 10 जुलाई 2025 को रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में विचार विमर्श के बाद दोनों राज्यों के बीच सहमति बनी की अभिभाजित बिहार के हिस्से के 7.75 मिलियन एकड़ फीट जल में से 5.75 एकड़ फीट जल बिहार को एवं 2.00 फ़ीट एकड़ जल झारखंड को मिलेगा। इस निर्णय से वर्षों से लंबित इंद्रपुरी जलाशय परियोजना के कार्यालय का मार्ग प्रशस्त होगा एवं भोजपुर, बक्सर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, पटना और गया के अलावा अरवल जिले में सिंचाई सुविधा को अस्थाई तौर सेप्रदान किया जा सकेगा। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने पटना शहर में अंडरग्राउंड केबलिंग के जरिए घरों में बिजली आपूर्ति की परियोजना का प्रस्ताव स्वीकृत किया है। इस परियोजना पर कुल 653 करोड रुपए की राशि खर्च की जाएगी। परियोजना के तहत पेसू के अंतर्गत 13 प्रमंडलों में भूमिगत केबलिंग के जरिए बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। नीतीश मंत्रिमंडल ने 789 माध्यमिक विद्यालय उच्च माध्यमिक सरकारी विद्यालयों के लिए वर्ष 2025-26 के लिए 14 अरब 85 करोड़ 50 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से केंद्र प्रायोजित पीएम श्री योजना अंतर्गत चयनित 789 माध्यमिक उच्च माध्यमिक विद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा



नीति 2020 के अनुरूप कक्षा 6 से लेकर 12वीं के विद्यार्थियों में आधुनिक शिक्षण कौशल नवाचार तकनीकी साक्षरता को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अलावा मंत्रिपरिषद ने बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कंपनी लिमिटेड के क्षेत्राधीन इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी), गयाजी परियोजना के लिए निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 220 केवी डीसी संचरण लाइन के निर्माण को मंजूरी दी। यह लाइन 400/220/132 केवी चंदौती (पीएमटीएल) ग्रिड-उपकेंद्र से आईएमसी, गयाजी तक बनेगी। इसके लिए 33.29 करोड़ रुपये की नई योजना को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा संवाहक अनुज्ञप्ति (कंडक्टर लाइसेंस) के निर्गमन के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता को दसवीं पास के स्थान पर आठवीं पास निर्धारित करने हेतु बिहार मोटरगाड़ी नियमावली, 1992 में संशोधन को भी मंजूरी दी गई। कृषि विभाग के अधीन विभिन्न कार्यालयों में स्वीकृत 293 पदों के समर्पण/प्रत्यर्पण के बाद बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा कोटि-05 (पौधा संरक्षण) संवर्ग के तहत 194 पौधा संरक्षण पर्यवेक्षक और 99 पौधा संरक्षण निरीक्षक पदों का सृजन किया गया। इसके साथ ही कुल 694 पदों के पुनर्गठन/सृजन को स्वीकृति मिली। इसके अलावा विभागीय परियोजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन के लिए वन एवं पर्यावरण मामलों के समाधान हेतु वन एवं पर्यावरण सलाहकार के एक गैर-संवर्गीय पद के तीन वर्षों के लिए अस्थायी सृजन को मंजूरी दी गई। सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के आलोक में मत्स्य निदेशालय के अधीन कार्यालय परिचारी संवर्ग के स्वीकृत 200 पदों का कार्यालयवार चिन्हितीकरण और पुनर्गठन करने की स्वीकृति दी गई। साथ ही बिहार कार्यपालिका (संशोधन) नियमावली, 2025 से संबंधित संशोधित अधिसूचना को घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रिपरिषद ने आनंद विवाह अधिनियम, 1909 (संशोधित 2012) के अंतर्गत बिहार में आनंद कारज रीति से संपन्न विवाह के निबंधन के लिए बिहार आनंद कारज विवाह निबंधन नियमावली, 2025 को स्वीकृति दी। मंत्रिपरिषद ने बिहार भवन, मुंबई के निर्माण कार्य के लिए 314.20 करोड़ रुपये (तीन सौ चौदह करोड़ बीस लाख उनसठ हजार रुपये) की **(शेष पृष्ठ 11 पर)**

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम नीतीश कुमार ने दी मकर संक्रांति की बधाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मकर संक्रांति और लोहड़ी पर्व पर समस्त प्रदेश एवं देशवासियों को अपनी बधाई और शुभकामनायें दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि मकर संक्रांति और लोहड़ी का पर्व लोगों के लिए सुख, शान्ति और समृद्धि लायेगा। मकर संक्रांति और लोहड़ी के पर्वों का सांस्कृतिक महत्व भी है। लोग इन पर्वों को हर्षोल्लास, पारस्परिक स्नेह एवं सौहार्द्र के साथ मनायें। मकर संक्रांति के पावन स्नान के बाद लोग चूड़ा, दही, तिलकुट खाते और खिलाते हैं, इससे परस्पर प्रेम और सद्भाव बढ़ता है। नये फसलों के घर आने की खुशी में लोहड़ी पर्व मनाया जाता है।

# घूसखोर राजस्व अधिकारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोपालगंज।** बिहार के विभिन्न जिलों में विजिलेंस का एक्शन देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में गोपालगंज के बरौली प्रखंड कार्यालय में कार्यरत राजस्व अधिकारी को निगरानी विभाग की टीम ने 6500 रुपए घूस लेते रंगे हाथों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राजस्व अधिकारी विजय कुमार सिंह के रूप में की गई है। गिरफ्तार विजय कुमार सिंह को निगरानी की टीम अपने साथ पटना लेकर चली गई जहां उससे पूछताछ कर अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। वही निगरानी विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के बाद जिले में हड़कंप मच गया है। मामले के संदर्भ में बताया जाता है कि बरौली प्रखंड के बघेजी गांव निवासी शैलेंद्र शाह अपनी जमीन के दाखिल खारिज कराने के लिए बार-बार राजस्व अधिकारी विजय कुमार सिंह के पास जा रहे थे। इस बीच राजस्व अधिकारी द्वारा 10 हजार रुपए की मांग की गई थी। हालांकि शैलेंद्र शाह इतने रुपये दे पाने में असमर्थ थे लेकिन राजस्व अधिकारी द्वारा उनसे बार-बार पैसे की डिमांड की जा रही थी। इसके बाद शैलेंद्र साह ने पटना स्थित निगरानी विभाग से शिकायत की। प्राप्त सूचना के बाद निगरानी की टीम ने मामले की जांच की। जांच के बाद एक धावा टीम का गठन किया गया। मौके पर पहुंचकर रंगे हाथ राजस्व अधिकारी विजय कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

## मैट्रिक-इंटर परीक्षा कदाचारमुक्त कराने के लिए बना उड़नदस्ता

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट और मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2026 की परीक्षा कदाचारमुक्त तरीके से हो, इसके लिए शिक्षा विभाग ने उड़नदस्ता पदाधिकारी नामित कर दिए हैं। किस जिले में कौन पदाधिकारी होंगे, शिक्षा विभाग ने यह भी तय कर दिया है। नामित पदाधिकारी विभिन्न जिले के शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान डायट के व्याख्याता हैं। इनकी जिम्मेवारी कदाचार मुक्त परीक्षा सुनिश्चित कराना, कोषागार से प्रश्न-पत्रों की निकासी की निगरानी, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर समेत अन्य कार्यों की होगी। हर जिले में एक-एक अफसर उड़नदस्ता पदाधिकारी के रूप में नामित हुए हैं। कुल 38 पदाधिकारियों को परीक्षा में कदाचार रोकने के लिए लगाया गया है। पदाधिकारियों को आवंटित जिले में 31 जनवरी को जाना होगा शिक्षा विभाग नेउड़नदस्ता में नामित पदाधिकारियों को 31 जनवरी को आवंटित जिले में प्रस्थान करने को कहा है। पदाधिकारी परीक्षा की समाप्ति तक परीक्षा के कार्यों के पर्यवेक्षण करेंगे।

# बिहार विधानसभा का बजट सत्र 2 फरवरी से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा का बजट सत्र 2 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। यह सत्र 25 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 का आम बजट सदन में पेश करेगी। वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव बजट पेश करेंगे। मंगलवार को नीतीश कैबिनेट में प्रस्ताव पर मुहर लगी। बजट सत्र को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों ही अपनी तैयारियों में जुट गए हैं। यह बजट सत्र इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि यह बिहार की नई सरकार का पहला पूर्ण बजट सत्र होगा। सरकार के लिए यह मौका होगा कि वह अपने आर्थिक विजन, विकास योजनाओं और प्राथमिकताओं को सदन और जनता के सामने रखे। जानकारी के मुताबिक बजट मे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, ग्रामीण विकास और बुनियादी ढांचे पर विशेष जोर दिया जा सकता है। साथ ही सामाजिक कल्याण योजनाओं और महिलाओं-युवाओं से जुड़ी योजनाओं के लिए भी अतिरिक्त प्रावधान किए जाने की उम्मीद है। वित्त विभाग भी बजट को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। बजट सत्र को लेकर विधानसभा परिसर और प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था से लेकर सदन संचालन तक की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

## बीपीएससी शिक्षिका ने की आत्महत्या

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले के तिलौथू प्रखंड में बीपीएससी से चयनित शिक्षिका ने अपने किराए के कमरे में आत्महत्या कर ली है। मृतक शिक्षिका की पहचान सविता कुमारी के रूप में हुई है। वह तिलौथू के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केरपा में नये ट्रांसफर के बाद तैनात थी।

# अब घर बैठे हो जाएगी जमीन की रजिस्ट्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में अब घर बैठे जमीन की रजिस्ट्री हो जाएगी। नीतीश सरकार बुजुर्गों के लिए नई व्यवस्था लेकर आई है। इसके तहत 80 साल या उससे ज्यादा की उम्र को अपनी जमीन या फ्लैट की रजिस्ट्री के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। उन्हें घर पर ही जमीन निबंधन की सभी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सात निश्चय-3 के तहत मंगलवार को यह घोषणा की। सीएम नीतीश कुमार ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कई बार ऐसा देखा गया है कि राज्य के वृद्धजनों, जिनकी उम्र 80 वर्ष या उससे ज्यादा है, उन्हें जमीन/ फ्लैट की रजिस्ट्री से जुड़े कार्यों के निष्पादन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में 80 वर्ष या उससे ज्यादा की उम्र के लोगों के लिए जमीन/ फ्लैट के निबंधन की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। बुजुर्गों को घर बैठे जमीन रजिस्ट्री की सुविधा 1 अप्रैल 2026 से लागू की जाएगी।







# सड़क दुर्घटना के घायलों को कैशलेश सहायता देगी सरकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शहरी सड़कों की तर्ज पर अब ग्रामीण सड़कों पर होनेवाली दुर्घटनाओं में भी पीड़ितों को सरकार की ओर से सहायता दी जाएगी। इस संबंध में हाल ही में दिल्ली मेंआयोजित देशभर के परिवहन मंत्रियों की बैठक में सहमति बनी है। इस फैसले से ग्रामीण इलाकों में सड़क हादसों के शिकार लोगों को समय पर इलाज और आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है। मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए बिहार के परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने इस निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के इलाज के लिए केंद्र सरकार की ओर से डेढ़ लाख रुपये तक की कैशलेस सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इसका लाभ शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में सड़क हादसों के पीड़ितों को मिलेगा। इस योजना के तहत घायल व्यक्ति को अस्पताल में इलाज के दौरान पैसे की चिंता नहीं करनी पड़ेगी और तुरंत चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य दुर्घटना के बाद के 'गोल्डन ऑवर' में इलाज सुनिश्चित करना है ताकि समय पर इलाज मिलने से जान बचाई जा सके। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां अस्पताल तक पहुंचने में देरी होती है, यह योजना बेहद कारगर साबित हो सकती है। इसके साथ ही सरकार ने राहवीरों को प्रोत्साहित करने के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले राहगीर या मददगार व्यक्ति को 25 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि अक्सर लोग कानूनी झंझट के डर से घायलों की मदद करने से कतराते हैं लेकिन इस फैसले से लोगों में मदद की भावना बढ़ेगी और घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सकेगा। सरकार का मानना है कि यह कदम न केवल सड़क दुर्घटनाओं में मौतों की संख्या कम करेगा बल्कि मानवीय संवेदनाओं को भी मजबूत करेगा। परिवहन विभाग जल्द ही इस योजना को लागू करने की प्रक्रिया शुरू करेगा ताकि इसका लाभ आम लोगों तक शीघ्र पहुंच सके।

CMYK

### खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने किया कार्यशाला का आयोजन

# उपभोक्ता की सुविधा को ध्यान में रख तैयार की जाएं योजनाएं : प्रत्यय अमृत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अंतर्गत उपभोक्ता कार्य विभाग द्वारा 'पूर्वी राज्यों में उपभोक्ता संरक्षण पर एक दिवसीय कार्यशाला' का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला होटल ताज सिटी सेंटर, पटना में आयोजित हुई जिसका उद्देश्य पूर्वी राज्यों में उपभोक्ता संरक्षण तंत्र को सुदृढ़ करना और उपभोक्ता अधिकारों को लेकर जागरूकता व प्रभावी क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श करना था। बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, भारत सरकार के उपभोक्ता कार्य विभाग की सचिव निधि खरे, अपर सचिव अनुपम मिश्रा और बिहार सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। प्रत्यय अमृत ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह की कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जो भी योजनाएं बनाई जाएं, वे उपभोक्ता की सुविधा को ध्यान में रखकर तैयार की जाएं। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी निर्देशों और नीतियों का केंद्र एक आम आदमी होता है। आमतौर पर सरकारी अधिकारी आम आदमी को एक लाभान्वित व्यक्ति के रूप में देखते हैं, यानी वह व्यक्ति जो कल्याणकारी सेवाओं का प्राप्तकर्ता है। इस मॉडल के तहत योजना बनाई जाती है, राशि जारी की जाती है, योजना को लागू किया जाता है और उसका उद्घाटन किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह मॉडल आवश्यक है, लेकिन अब यह अधूरा प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि समय आ गया है जब सरकार को नागरिकों को केवल सेवाओं के लाभार्थी के रूप में नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं के रूप में देखना चाहिए जो स्पष्ट जानकारी, निष्पक्ष व्यवहार, समयबद्ध समाधान और जवाबदेह परिणाम के हकदार हैं। उनके अनुसार ये चारों बिंदु अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि जब कोई व्यक्ति कोई सामान या सेवा खरीदता है तो उसकी अपेक्षाएं सरल और तात्कालिक होती हैं। वह चाहता है कि उत्पाद या सेवा सही ढंग से काम करे, सुरक्षित हो और किफायती हो। किसी भी ऐप या प्रणाली के डिजाइन में आम आदमी को केंद्र में रखना आवश्यक है। निधि खरे, सचिव, उपभोक्ता कार्य विभाग, भारत सरकार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उपभोक्ता संरक्षण एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है जो हम सभी के ऊपर है। उन्होंने कहा कि यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम अपने नागरिकों और उपभोक्ताओं के अधिकारों की प्रभावी रूप से रक्षा करें। श्रीमती खरे ने कहा कि यह जानकर सभी को आश्चर्य होगा कि मात्र आठ महीनों की अवधि, यानी मई 2025 से दिसंबर 2025 के बीच उपभोक्ताओं को 45 करोड़ रुपये का रिफंड दिलाया गया है। यह उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा और प्रभावी उपभोक्ता शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# मकर संक्रांति को लेकर कॉम्फेड की व्यापक तैयारी, दूध-दही की रिकॉर्ड आपूर्ति का लक्ष्य

### 125 लाख लीटर दूध, 35 लाख किलोग्राम दही, 22 हजार किलो तिलकुट के विपणन का लक्ष्य

### बिहार और झारखण्ड में 37,210 बिक्री केंद्रों से उपलब्ध कराए जाएंगे सभी उत्पाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मकर संक्रांति के अवसर पर बिहार स्टेट मिल्क को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड, कॉम्फेड ने व्यापक स्तर पर तैयारी पूरी कर ली है। विगत चार दशकों के अपने कार्यकाल में कॉम्फेड लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर रहा है। स्थापना काल से अब तक कॉम्फेड का विस्तार निरंतर होता रहा है और वर्तमान में यह बिहार के सभी 38 जिलों में दुग्ध सहकारिता के माध्यम से किसानों से दूध संग्रह कर उसका विपणन कर रहा है। पिछले वर्षों में मकर संक्रांति के अवसर पर सुधा दूध और दही की मांग में भारी वृद्धि को देखते हुए कॉम्फेड के प्रबंध निदेशक द्वारा सभी संघों और इकाइयों को बिहार एवं झारखण्ड के सभी शहरों में इस वर्ष भी सुधा दूध, दही और सुधा तिलकुट के पर्याप्त विपणन की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। वर्ष 2025 में मकर संक्रांति के दौरान बिहार और झारखण्ड में 113.65 लाख लीटर दूध, 28.65 लाख किलोग्राम दही और 19.28 हजार किलोग्राम तिलकुट की बिक्री हुई थी। इस वर्ष मकर संक्रांति पर 125 लाख लीटर सुधा दूध, विभिन्न पैक साइज में लगभग 35 लाख किलोग्राम दही तथा 22 हजार किलोग्राम सुधा तिलकुट के विपणन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बिहार और झारखण्ड में सुधा के 944 पूर्णकालिक दुग्ध मंडपों और लगभग 37,210 बिक्री केंद्रों से सभी उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही स्पेशल मिष्टी दही, सुधा स्पेशल घी, सुधा डिलाइट दूध, सुधा अनरसा, प्रीमियम मिठाइयां, नमकीन, कुकीज और सलिल सुधा पेयजल जैसे नए उत्पादों की भी व्यवस्था की गई है। दूध की बढ़ती मांग को देखते हुए विभिन्न शहरों में मिल्क टैंकरों से आपूर्ति की जाएगी और दही की उपलब्धता के लिए विशेष दही एक्सप्रेस पूरे दिन संचालित होगी। उपभोक्ताओं को पॉली पैक के अलावा टेट्रा पैक और इलेक्स्टर पैक दूध भी उपलब्ध कराया जाएगा जिसकी शेल्फ लाइफ सामान्य तापमान पर क्रमशः छह और तीन माह है। मकर संक्रांति के बाद बिहार और झारखण्ड में 'दही खाओ इनाम पाओ' प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें उपभोक्ता निःशुल्क भाग ले सकेंगे। ग्राहकों की सुविधा के लिए सभी शहरों में उड़नदस्ता दल गठित किए गए हैं जो उपलब्धता और उचित मूल्य सुनिश्चित करेंगे। पटना मुख्यालय में टॉल फ्री नंबर 18003456199 सुबह सात बजे से रात नौ बजे तक कार्यरत रहेगा।

# विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष से की शिष्टाचार भेंट



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने मंगलवार को नई दिल्ली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात पूरी तरह से संगठनात्मक विषयों और आगामी कार्ययोजनाओं के केंद्र में रही। भेंट के दौरान संगठन की वर्तमान गतिविधियों, भविष्य की रणनीति तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने से जुड़े विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। दोनों नेताओं के बीच कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय, संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। चर्चा का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती प्रदान करना रहा। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने संगठन को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा पार्टी के सिद्धांतों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही लोकतांत्रिक व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव का आधार बनता है। मुलाकात के दौरान यह भी रेखांकित किया गया कि संगठनात्मक एकता, अनुशासन और निरंतर संवाद के माध्यम से ही आगामी चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया जा सकता है। यह शिष्टाचार भेंट आपसी सहयोग और समन्वय को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है, जिससे संगठन को नई ऊर्जा और स्पष्ट दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## कैलिफोर्निया बादाम के साथ फसल के जश्न में पोषण जोड़ें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मकर संक्रांति भारत भर में नई फसल, ऊर्जा और खुशहाली का प्रतीक है। पोंगल, लोहड़ी, उत्तरायण और माघ बिहू जैसे रूपों में मनाया जाने वाला यह पर्व पारंपरिक व्यंजनों और पारिवारिक मेल-मिलाप से जुड़ा है। इस अवसर पर कैलिफोर्निया बादाम उत्सव और सेहत के बीच संतुलन बनाने का आसान तरीका पेश करते हैं। प्रोटीन, हेल्दी फैट और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर कैलिफोर्निया बादाम इम्युनिटी, ऊर्जा और संपूर्ण स्वास्थ्य को सपोर्ट करते हैं। रितिका समद्दार, रीजनल हेड डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली ने कहा बादाम पोषक तत्वों से भरपूर और तृप्ति देने वाले होते हैं। रोजाना मुट्ठी भर कैलिफोर्निया बादाम पारंपरिक व्यंजनों के साथ लेने से ब्लड शुगर संतुलित रहता है और सेहत से समझौता नहीं करना पड़ता।

# राष्ट्र निर्माण में एआइ और डिजिटल दक्षता की आवश्यकता : आनंद किशोर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना में राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 'एआई साक्षरता और राष्ट्र निर्माण' विषय पर एक ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इसलिए भी विशेष रहा क्योंकि एक दिन पूर्व ही पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय द्वारा इस विषय को पाठ्यक्रम के रूप में स्वीकृति प्रदान की गई थी और कॉलेज में पहली बार इस समसामयिक विषय पर औपचारिक शैक्षणिक आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष सह अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, बिहार सरकार आनंद किशोर रहे। उन्होंने अपने संबोधन में राष्ट्र निर्माण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका, युवाओं के लिए डिजिटल दक्षता की आवश्यकता तथा शिक्षा व्यवस्था में तकनीकी नवाचारों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथियों के रूप में मगध विश्वविद्यालय के कुलपति शशिप्रताप शाही, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव अबू बकर रिजवी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता राजीव रंजन, कॉलेज निरीक्षक कृष्णानंद सिंह सहित कई विश्वविद्यालय एवं शैक्षणिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की विषयवस्तु, आयोजन की गुणवत्ता और अकादमिक प्रासंगिकता की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

## पंजाबी बरादरी, पटना एवं लेडीज विंग के संयुक्त तत्वावधान में लोहड़ी पर्व मना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पंजाबी ब्रादरी, पटना एवं लेडीज विंग, पंजाबी बरादरी के संयुक्त तत्वावधान में लोहड़ी का पावन पर्व लाला लाजपत राय भवन, पटना में अत्यंत पारंपरिक, गरिमामय एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के सदस्य, उनके परिजन एवं गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पंजाबी बरादरी, पटना के अध्यक्ष दिलजीत खन्ना ने सभी अतिथियों, सदस्यों एवं उनके परिवारजनों का आत्मीय स्वागत किया तथा लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में श्री खन्ना ने लोहड़ी के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं कृषि-परंपरागत महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व पंजाब की जीवनशैली, भाईचारे, समृद्धि और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेजर जनरल ए. एस. बजाज, अतिरिक्त महानिदेशक, एनसीसी निदेशालय, पटना (बिहार) तथा विशिष्ट अतिथि सुनील आनंद, चेयरमैन, संजय आनंद फाउंडेशन, न्यूयॉर्क उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने लोहड़ी उत्सव की भव्यता एवं पारंपरिक स्वरूप की सराहना की तथा पंजाबी बरादरी द्वारा सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण हेतु किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

# महामना हॉकी गोल्ड कप 2026 के शुभंकर का मंत्री श्रवण कुमार ने किया अनावरण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** महामना मालवीय मिशन, बिहार इकाई, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार एवं क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाली बालक-बालिका अंडर-16 श्रेणी की तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता महामना हॉकी गोल्ड कप 2026 के शुभंकर एवं ट्रॉफी का अनावरण मंगलवार को परिवहन विभाग कार्यालय, विश्वेश्वरैया भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान किया गया। शुभंकर एवं ट्रॉफी का अनावरण ग्रामीण विकास सह परिवहन मंत्री श्रवण कुमार, पूर्व विधायक राजेश्वर राज एवं महामना मालवीय मिशन, बिहार इकाई के अध्यक्ष सह आयोजन समिति के सचिव बिपिन कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के राजगीर हॉकी स्टेडियम में 19 से 21 जनवरी, 2026 तक इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में पूर्व ओलंपियन अशोक ध्यानचंद की गरिमामयी उपस्थिति भी रहेगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बिहार अन्य क्षेत्रों में निरंतर प्रगति कर रहा है, उसी तरह खेल के क्षेत्र में भी राज्य आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रीय खेल हॉकी में बिहार के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन करें, इस दिशा में महामना मालवीय मिशन, बिहार इकाई का यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बिहार में सड़क सुरक्षा पर सवाल, हेलमेट और सीट बेल्ट तक सिमटा पुलिस का नजरिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस और प्रशासन का रवैया केवल हेलमेट, सीट बेल्ट और वाहन की गति तक सीमित होकर रह गया है। जानकारों का कहना है कि हेलमेट और सीट बेल्ट दुर्घटना के समय मृत्यु दर को कम कर सकते हैं, लेकिन इनसे दुर्घटनाओं की संख्या कम नहीं होती। इसके बावजूद पुलिस प्रशासन रोजाना चालान काटकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान रहा है जबकि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस और व्यावहारिक कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। राजधानी पटना से लेकर मगध क्षेत्र के सुदूर ग्रामीण इलाकों तक अवैध छकड़ा गाड़ियों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है। यह वाहन सड़क पर चलने की किसी भी मानक कसौटी पर खरे नहीं उतरते और अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। बावजूद इसके पुलिस और परिवहन विभाग की आंखों के सामने लाखों की संख्या में ये वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिन पर कोई प्रभावी नियंत्रण नहीं है। सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण नाबालिग ऑटो और ट्रैक्टर चालक भी हैं। शहरों से लेकर गांवों तक, राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर कच्ची गलियों तक, बिना लाइसेंस और नाबालिग चालक खुलेआम वाहन चलाते नजर आते हैं।

### पूर्णिया पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, कार्यकर्ता सम्मान समारोह में हुए शामिल

# गांव के विकास के बिना भारत विकसित नहीं बन सकता : संजय सरावगी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी आज अपने प्रवास कार्यक्रम के क्रम में भागलपुर से पूर्णिया पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद उनका कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सरावगी कला भवन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मान समारोह को संबोधित किया। कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में भी आती है तो हम अपनी विचारधारा को नहीं छोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि आज जम्मू कश्मीर से 370 समाप्त हो गई तो अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बन गया। अब पुनौरा धाम में मां जानकी का भव्य मंदिर बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो जाति और परिवार के नाम पर काम नहीं करती है। यहां बूथ पर काम करने वाला सामान्य कार्यकर्ता भी संगठन के सर्वोच्च पद पर पहुंच सकता है। भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने भाजपा कार्यकर्ता सम्मान सम्मेलन में कहा कि संगठन की असली ताकत समर्पित कार्यकर्ता हैं। विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिला प्रचंड बहुमत उन कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, अनुशासन, समर्पण और जनता के विश्वास का परिणाम है। यही कारण है कि जब मुझे प्रदेश में पार्टी का नेतृत्व मिला तो मैंने निर्णय लिया कि मैं खुद जिलों में जाकर कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करूंगा। पूर्णिया की धरती को मक्का और मखाना की धरती बताते हुए कहा कि मखाना के किसानों की चिंता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी है।

## सुन्दरकाण्ड सामूहिक पाठ के वार्षिकोत्सव पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आध्यात्मिक सत्संग समिति के तत्वावधान में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले सुन्दरकाण्ड सामूहिक पाठ का वार्षिकोत्सव आज महाराणा प्रताप भवन, आर्य कुमार रोड में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मध्याह्न से हनुमानजी महाराज के भंडारे का शुभारंभ किया गया। भंडारे के संयोजक सुरेन्द्र प्रसाद एवं सुशील सुन्दरका ने बताया कि विगत कई वर्षों से लगातार भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। आज के भंडारे में लगभग छह हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आध्यात्मिक सत्संग समिति के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि सुन्दरकाण्ड वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में हनुमानजी महाराज को लड्डू का विशेष भोग अर्पित किया गया। संध्या पांच बजे से सर्वकल्याणार्थ संकल्प के साथ सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ आरम्भ हुआ। लगभग पांच सौ श्रद्धालुओं के समवेत स्वर में चौपाइयों का गान गूंज उठा।

# बिहार ने मधुमक्खी पालन एवं मधु उत्पादन में ऐतिहासिक प्रगति दर्ज की : रामकृपाल यादव



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि बिहार ने मधुमक्खी पालन एवं मधु उत्पादन के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति दर्ज की है जो किसानों की आय वृद्धि, कृषि विविधीकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। विगत एक दशक में राज्य के मधु उत्पादन में 177 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय मधु उत्पादन में बिहार का योगदान 12.30 प्रतिशत रहा जिससे राज्य ने अग्रणी मधु उत्पादक राज्यों में अपनी सशक्त पहचान बनाई है। वर्तमान में राज्य का मधु उत्पादन लगभग 18,600 मीट्रिक टन है तथा वर्ष 2025-26 के लिए 22,000 मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कृषि मंत्री ने कहा कि इस उपलब्धि को और गति देने के लिए राज्य सरकार शीघ्र हीं शहद की समग्र अर्थव्यवस्था को सशक्त करने हेतु नीति लाने जा रही है। इसके माध्यम से मधु उत्पादन, प्रसंस्करण, गुणवत्ता, ब्रांडिंग और मार्केटिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य कर रही है। ताकि बिहार के शहद को देश-विदेश के बाजारों में बेहतर पहचान और उचित मूल्य मिल सके। कृषि मंत्री ने कहा कि मधुमक्खी पालन, शहद, मोम एवं अन्य उप-उत्पादों से प्रत्यक्ष आय के साथ-साथ प्राकृतिक परागण के जरिए फल, सब्जी और तिलहनी फसलों की उपज एवं गुणवत्ता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। योजना के अंतर्गत मधुमक्खी कॉलोनी, छत्ता/बॉक्स, शहद निष्कर्षण उपकरण (हनी इक्सट्रैक्टर) व फूड-ग्रेड कंटेनर (जो स्वच्छ निष्कर्षण, सुरक्षित भंडारण व गुणवत्ता संरक्षण में सहायक होगा) सहित आवश्यक उपकरणों पर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया मंडल के पांच रेलकर्मियों को पुरस्कृत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर विनोद कुमार द्वारा संरक्षा की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेलकर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागार में विगत दिनों मंडल के अलग-अलग हिस्सों में संभावित दुर्घटनाओं को रोकने एवं संरक्षा हेतु उत्कृष्ट कार्य में योगदान देने वाले कुल पांच रेलकर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। इन रेल कर्मियों में 27.05.2025 को एसएसई पीवे दानापुर के अधीन कार्य करने वाले मोहम्मद असलम के द्वारा किलोमीटर संख्या 581/30-32 पर क्रैक देखा गया एवं रेल पथ को तत्काल संरक्षित किया गया जिससे होने वाली संभावित दुर्घटना को टाला जा सका। 24.11.2025 को एसएसई पीवे मोकामा के अधीन कार्य करने वाले रंजीत कुमार एवं राजीव कुमार के द्वारा रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान किलोमीटर संख्या 453/29-31 पर रेल पथ टूटा हुआ पाया गया। इन्होंने तत्काल इसको संरक्षित करते हुए किसी भी प्रकार की रेल दुर्घटना होने से बचाया। 25.11.2025 को एसएसई पीवे मोकामा के अधीन कार्य करने वाले ट्रैक मेंटेनर सुरेश पासवान ने किलोमीटर संख्या 443/1-3 पर रेल पथ को क्रैक पाया एवं संभावित दुर्घटना से बचाया।

# डालमिया सीमेंट प्लांट विस्तार को मंजूरी, 107.32 करोड़ का होगा निवेश

## 594 को मिलेगा प्रत्यक्ष रोजगार, उत्पादन क्षमता बढ़कर होगी डेढ़ मिलियन टीपीडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रोहतास।** रोहतास जिले के कल्याणपुर, बंजारी स्थित डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड की इकाई आर सी डब्लू के विस्तार प्रस्ताव को बिहार कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। इस परियोजना पर कुल 107 करोड़ 32 लाख रुपये का निजी पूंजी निवेश किया जाएगा। इससे क्षेत्र में औद्योगिक विकास को नई गति मिलने के साथ-साथ 594 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त होगा। उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा यह स्वीकृति बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नियमावली 2016 के तहत प्रदान की गई है। प्रस्तावित विस्तार के अंतर्गत सीमेंट निर्माण इकाई की उत्पादन क्षमता को एक मिलियन टी पी डी से बढ़ाकर डेढ़ मिलियन टी पी डी किया जाएगा। क्षमता वृद्धि के बाद सीमेंट उत्पादन में उल्लेखनीय इजाफा होने की संभावना है, जिससे बाजार की मांग को बेहतर तरीके से पूरा किया जा सकेगा। यह निर्णय बिहार कैबिनेट की बैठक में लिया गया जिसकी अध्यक्षता नीतीश कुमार ने की। राज्य सरकार ने इसे रोहतास जिले में औद्योगिक विकास, निवेश को आकर्षित करने और रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। सरकार का मानना है कि इस परियोजना से न केवल प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से भी बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिलेगा। स्थानीय स्तर पर इस विस्तार परियोजना से कुशल और अर्धकुशल श्रमिकों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इसके साथ ही परिवहन, रखरखाव, आपूर्ति, ढुलाई, खान, बिजली और अन्य सहायक उद्योगों एवं सेवाओं को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और स्थानीय व्यापार को गति मिलेगी। डालमिया सीमेंट प्लांट के मानव संसाधन प्रमुख संजय झा ने कहा कि बिहार सरकार के सहयोग से इस क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों ही रूपों में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। उनके अनुसार कंपनी स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देते हुए कौशल विकास पर भी ध्यान देगी। ताकि वे औद्योगिक गतिविधियों से जुड़ सकें। कुल मिलाकर, डालमिया सीमेंट के विस्तार को मिली मंजूरी को रोहतास जिले के औद्योगिक भविष्य के लिए एक अहम उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

# तिलौथू में बीपीएससी शिक्षिका की मौत का मामला गंभीर, पति हिरासत में

## जांच में जुटी एफएसएल टीम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू।** रोहतास जिले के तिलौथू प्रखंड से सामने आई बीपीएससी चयनित महिला शिक्षिका की मौत के मामले ने अब गंभीर मोड़ ले लिया है। 29 वर्षीय शिक्षिका सविता कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है। तिलौथू थाना पुलिस ने मृतका के पति विवेक कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है जबकि एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) टीम मौके पर पहुंचकर वैज्ञानिक जांच कर रही है। मृतका कैमूर जिले के भभुआ की रहने वाली थीं और हाल ही में पूर्णिया से स्थानांतरित होकर तिलौथू प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केरपा में पदस्थापित हुई थीं। वह कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्र-छात्राओं को पढ़ाती थीं। सविता कुमारी का शव उनके किराए के कमरे से बरामद किया गया था जिसके बाद पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई। परिजनों के अनुसार सविता कुमारी की शादी करीब दो साल पहले कैमूर जिले के चांद थाना क्षेत्र निवासी शिक्षक विवेक कुमार से हुई थी। विवेक कुमार वर्तमान में डिहरी के एक विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए तिलौथू थाना पुलिस ने लड़का और लड़की दोनों पक्षों के परिवारों को थाना बुलाया है। ताकि सभी पहलुओं से पूछताछ कर सच्चाई सामने लाई जा सके। परिजनों ने इस मामले में निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सासाराम सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तिलौथू थानाध्यक्ष शुभम कुमार ने बताया कि आत्महत्या के पीछे के कारणों का फिलहाल स्पष्ट खुलासा नहीं हुआ है। एफएसएल रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के लिखित आवेदन के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। यह घटना न सिर्फ एक परिवार, बल्कि पूरे शिक्षा जगत के लिए गहरा आघात मानी जा रही है।


# वर्षों से फरार कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** रोहतास पुलिस के द्वारा बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र से टॉप 10 के दूसरे अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज के हवाले से दी गई। जानकारी के तहत काराकट थाना क्षेत्र से पुलिस ने टॉप-10 अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया कि गिरफ्तार अपराधकर्मी विष्णु कुमार सिंह उर्फ विवेक राज है जो गच्छई रामपुर गांव का निवासी बताया जाता है। पुलिस के अनुसार विष्णु कुमार सिंह उर्फ विवेक राज के विरूद्ध कई गंभीर मामले दर्ज हैं और वह दो गंभीर मामलों में कई वर्षों से फरार था। पुलिस को सूचना मिली थी कि वह काराकाट बाजार आया हुआ है जिसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम में काराकाट थाना अध्यक्ष एवं डीआईयू रोहतास की टीम को भी शामिल किया गया। टीम का गठन कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मी के विरूद्ध काराकट थाना में दर्ज मामलों में धारा 392 भा0द0वि0, 399/402/412/ 414 भा0द0वि0, 25(1-बी) ए/26/35 शस्त्र अधि0 आदि शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि इस गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम के सदस्यों को पुरस्कृत किया जा रहा है।

# डिहरी विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर विधायक सोनू सिंह ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा के विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात कर डिहरी विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण एवं जनहितकारी विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य डिहरी एवं आसपास के क्षेत्रों को शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, सड़क, पर्यटन एवं बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में नई पहचान दिलाना रहा। विधायक सोनू सिंह ने मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र की प्रमुख आवश्यकताओं को रखते हुए निम्नलिखित मांगों पर विशेष रूप से ध्यान आकृष्ट कराया। विधायक ने कहा कि डिहरी ऐतिहासिक, औद्योगिक एवं भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। जनसंख्या, प्रशासनिक जरूरतों एवं विकास की व्यापक संभावनाओं को देखते हुए डिहरी को जिला का दर्जा दिया जाना आवश्यक है जिससे प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी और आम जनता को स्थानीय स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कभी एशिया के प्रसिद्ध औद्योगिक क्षेत्रों में शामिल रहे डालमियानगर के पुनर्विकास की मांग करते हुए विधायक ने कहा कि इसके पुनर्जीवन से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और स्थानीय युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। डिहरी में केंद्रीय विद्यालय (केन्द्रीय विद्यालय) की स्थापना की मांग रखी गई जिससे क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा मिल सके और सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ आम नागरिकों के बच्चों को भी इसका लाभ मिले। विधायक ने डिहरी में एम्स स्तर के उच्चस्तरीय अस्पताल की स्थापना की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे रोहतास सहित आसपास के जिलों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी और गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

सोन नदी के तट पर 'सोन ड्राइव' के निर्माण की मांग करते हुए विधायक ने कहा कि इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, शहर का सौंदर्यीकरण होगा तथा स्थानीय लोगों को आवागमन व मनोरंजन की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। पाली रोड को चौड़ा कराने की मांग रखते हुए विधायक ने कहा कि इससे यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी, दुर्घटनाओं में कमी आएगी और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी प्रस्तावों को गंभीरता से सुना और उन पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने कहा कि वे डिहरी विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने हेतु हर स्तर पर प्रयास करते रहेंगे।

# युवा कवियों के पथप्रदर्शक डॉ. रविशंकर उपाध्याय की स्मृति में काशी में काव्य-सम्मान : आलोक उपाध्याय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रतिभाशाली युवा कवि डॉ. रविशंकर उपाध्याय की स्मृति में प्रतिवर्ष प्रदान किया जाने वाला 'युवा कवि डॉ. रविशंकर उपाध्याय पुरस्कार' आज 12 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम हिंदी विभाग के रामचंद्र शुक्ल सभागार में संपन्न होगा जहां एक चयनित युवा कवि को समकालीन हिंदी कविता में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। मूल रूप से भभुआ (कैमूर, बिहार) के निवासी डॉ. रविशंकर उपाध्याय काशी हिंदू विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में प्रोफेसर प्रकाश शुक्ल के मार्गदर्शन में शोधरत थे। वे अपनी सशक्त, संवेदनशील और समय-सापेक्ष कविताओं के लिए साहित्यिक जगत में विशेष रूप से चर्चित रहे। उनका काव्य-संग्रह 'उम्मीद अभी बाकी है' साहित्यकारों द्वारा व्यापक रूप से सराहा गया जिसमें आम जनजीवन, संघर्ष और भविष्य की आशा की गहरी अभिव्यक्ति मिलती है। दुर्भाग्यवश वर्ष 2014 में उनका आकस्मिक निधन हो गया।

# नोखा बाजार समिति में मजदूरों के हक को लेकर आंदोलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** भीम आर्मी रोहतास के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं चेनारी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अमित पासवान के नेतृत्व में नोखा बाजार समिति में मजदूरों के हक की मांग को लेकर जोरदार आंदोलन किया गया। यह आंदोलन नोखा बाजार समिति स्थित एसएफसी गोदाम में कार्यरत स्थानीय मजदूरों के साथ हो रहे शोषण के विरोध में किया गया। इस अवसर पर अमित पासवान ने कहा कि वे अपने मजदूर भाइयों के अधिकारों की लड़ाई में उनके साथ खड़े हैं और उनकी जायज मांगों को लेकर धरना के माध्यम से वरीय पदाधिकारियों से वार्ता की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि नोखा बाजार समिति के गोदाम में बाहरी मेठ एवं बिचौलियों के माध्यम से स्थानीय मजदूरों का लगातार शोषण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ठीकेदार एवं मेठ की मिलीभगत से बाहरी मजदूरों को काम पर लगाया जा रहा है जबकि अनुसूचित जाति वर्ग के वे स्थानीय मजदूर जिनकी जमीन अधिग्रहण कर उसी भूमि पर गोदाम का निर्माण किया गया है उन्हें काम से वंचित कर भगाया जा रहा है। यह घोर अन्याय और सामाजिक शोषण का उदाहरण है।

आंदोलन के दौरान शांतिपूर्ण तरीके से धरना दे रहे अनुसूचित जाति वर्ग के मजदूरों पर ठीकेदार एवं मेठ के इशारे पर बाहरी असामाजिक तत्वों द्वारा हमला किया गया जिसकी अमित पासवान ने कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि जब तक मजदूरों की मांगें पूरी नहीं होतीं तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। मजदूरों की प्रमुख मांगें -नोखा बाजार समिति में कार्यरत मजदूरों को उनका वाजिब अधिकार दिया जाए। रकबा अनुसूचित जाति का है और मेठ बाहरी–यह अन्याय तुरंत बंद हो। नोखा बाजार समिति का गोदाम निर्माण जिन अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की जमीन अधिग्रहण कर किया गया है उन्हें रोजगार में प्रथम प्राथमिकता दी जाए।

बाहरी ठीकेदार एवं मेठ की संलिप्तता से गरीब स्थानीय मजदूरों का हक मारा जा रहा है। स्थानीय मजदूरों को काम से वंचित कर अपने रिश्तेदारों एवं बाहरी लोगों को काम पर लगाया जा रहा है जिसे तुरंत रोका जाए। सबसे अहम मांग यह है कि गोदाम में अनुसूचित जाति वर्ग से आने वाले मेठ की नियुक्ति की जाए। इस आंदोलन में अमित पासवान के साथ मजदूर अजय पासवान, योगेंद्र पासवान, माना कुमार, सोनू सम्राट, छोटू पासवान सहित हजारों मजदूर मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में अनुकम्पा समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला अनुकम्पा समिति, जिला चयन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति करने हेतु प्राप्त कुल 18 मामलों का निष्पादन किया गया तथा संविदा के आधार पर नियोजन एवं संविदा अवधि विस्तार के कुल 15 मामलों का निष्पादन किया गया। उक्त बैठक में अपर समाहर्त्ता सह अपर जिला दण्डाधिकारी, उप विकास आयुक्त, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, स्थापना उप समाहर्त्ता, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी रोहतास, जिला कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता लोक निर्माण पथ प्रमण्डल डिहरी, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, प्रभारी पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित हुए।

## वारंटी गिरफ्तार

**चेनारी (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र के तेलारी के धर्मेंद्र बिंद उम्र करीब 33 वर्ष पिता रामअवध बिंद, बबुली बिंद उर्फ रामाशंकर बिंद उम्र करीब 45 वर्ष पिता स्व. अवधेश बिंद दोनों ग्राम बिंदटोली तेलारी थाना-चेनारी, जिला-रोहतास को विधिवत गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# ठीकेदारी प्रथा समाप्त कर सफाई मजदूरों को स्थायी नियुक्ति देने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मेहतर सेवा संघ बिहार के अध्यक्ष एवं डॉ. अंबेडकर फैलोशिप सम्मान से सम्मानित मोहन राम ने ठीकेदारी प्रथा को समाप्त कर सफाई मजदूरों की स्थाई नियुक्ति की मांग को लेकर एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। मोहन राम ने कहा कि जब से देश के नगर निगमों, नगर पालिकाओं, सरकारी कार्यालयों एवं निजी संस्थानों में ठीकेदारी प्रथा लागू हुई है तब से सफाई मजदूरों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। ठीकेदारी व्यवस्था के तहत इन मजदूरों का खुलेआम शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कैसी विडंबना है कि सफाई मजदूर चाहे वे बिहार के हों या देश के किसी भी राज्य के हर दिन तड़के सुबह माघ की कड़ाके की ठंड, जेठ की चिलचिलाती धूप, भीषण गर्मी अथवा सावन-भादों की मूसलाधार बारिश में भी अपने दुर्बल कंधों पर पांच फीट के डंडे में झाड़ू और बेलचा लेकर गलियों, सड़कों एवं नालियों की साफ-सफाई करते नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि यदि ये सफाई मजदूर न हों तो पूरा देश हैजा जैसी गंभीर बीमारियों की चपेट में आ जाए। इसके बावजूद इनके साथ लगातार अन्याय हो रहा है। सफाई मजदूरों के स्थाई पदों को समाप्त कर ठीकेदारी प्रथा के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है जिससे उन्हें बेहद कम वेतन मिलता है। मोहन राम ने कहा कि अल्पवेतन के कारण सफाई मजदूर न तो अपने परिवार का समुचित भरण-पोषण कर पा रहे हैं, न ही अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा और इलाज उपलब्ध करा पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में वे घुट-घुट कर जीवन जीने को विवश हैं।

# छह दिवसीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज अनुमंडल अंतर्गत संझौली प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मैदान में संत श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। इसका आरंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। महायज्ञ के पहले दिन श्रद्धालुओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। यज्ञ मंडप से शुरू हुई इस शोभायात्रा में बैंड-बाजा, घोड़े और रथों पर सवार देवी-देवताओं की झांकियां मुख्य आकर्षण थीं।

# पंचायत समिति की बैठक में खाद एवं जन्म प्रमाण पत्र में अवैध वसूली पर चर्चा

## दोषी दुकानदारों पर कार्रवाई और खाद विक्रेताओं की बैठक बुलाने का आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बहुउद्देशीय भवन में मंगलवार को पंचायत समिति की सामान्य बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख घुरा सिंह यादव ने किया। बैठक में किसानों, मजदूरों और आम जनता से जुड़ी कई समस्याओं को जनप्रतिनिधियों ने मुद्दा उठाया। बैठक में सबसे पहले यूरिया खाद की किल्लत और कालाबाजारी का मुद्दा छाया रहा। सदस्यों ने बताया कि सरकारी दर 266 रुपये होने के बावजूद दुकानदार 400 से 450 रुपये में यूरिया बेच रहे हैं। इस पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने जांच कर दोषी दुकानदारों पर कार्रवाई और खाद विक्रेताओं की बैठक बुलाने का आश्वासन दिया। गेहूं के बीज नहीं जमने की शिकायत की बात कही गई। बेलांव पंचायत में फार्मर रजिस्ट्री व ई-केवाईसी में आ रही परेशानी, पंचायत सरकार भवन के शौचालय का उपयोग नहीं होने तथा आरटीपीएस के तहत जन्म प्रमाण पत्र में अवैध वसूली का मुद्दा भी उठा। बीपीआरओ ने जांच कर कार्रवाई की बात कही। दुर्गावती नदी किनारे मानक से अधिक मिट्टी खुदाई, श्रम कार्ड बनाने में गड़बड़ी और अतिक्रमण जैसी समस्याओं पर भी चर्चा हुई। बैठक में सांसद प्रतिनिधि मोहन राम, उप प्रमुख सुनील यादव, बीडीसी डिग्री पासवान बीडीसी जागीर अंसारी सहित जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# वाराणसी की तर्ज पर एनिकट में हनुमान घाट पर भव्य सोन आरती का शुभारंभ आज से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शहर के ऐनीकट स्थित हनुमान घाट पर आज से नियमित रूप से भव्य सोन आरती का शुभारंभ किया जा रहा है। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस ऐतिहासिक आयोजन का संचालन वाराणसी के विद्वान पंडित आचार्य अनुज मिश्रा के नेतृत्व में किया जाएगा। उनके साथ बनारस से आमंत्रित तीन विद्वान पंडित पूरी विधि-विधान के साथ आरती संपन्न कराएंगे। आचार्य अनुज मिश्रा ने बताया कि यह आरती पूरी तरह काशी (बनारस) की तर्ज पर होगी जिसमें श्रृंगार, मंत्रोच्चार और दीपों की भव्य सजावट शामिल रहेगी। आरती की कुल अवधि लगभग 40 से 45 मिनट होगी। कार्यक्रम का समय प्रतिदिन सूर्यास्त के समय सोन आरती आयोजित की जाएगी। मुख्य आरती का शुभारंभ शाम 5:30 से 5:40 बजे के बीच होगा।

आरती से पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। शाम 4:00 बजे से स्थानीय कलाकार 'जख्मी जी' एवं उनके साथियों द्वारा तबला व अन्य वाद्य यंत्रों पर संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। लगभग एक घंटे के सांस्कृतिक सत्र के पश्चात मुख्य आरती की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

**हनुमान घाट के चयन का कारण**

पूर्व में अन्य घाटों पर भी इस आयोजन पर विचार किया गया था, लेकिन शनिवार एवं रविवार को पहले से आयोजित आरतियों के समय से टकराव से बचने के लिए हनुमान घाट का चयन किया गया। इस संबंध में पूर्व विधायक इंजीनियर सत्यनारायण यादव के साथ विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया गया। ताकि श्रद्धालुओं को शांत, सुव्यवस्थित और आध्यात्मिक वातावरण प्राप्त हो सके। आयोजन समिति ने शहरवासियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सोन आरती के साक्षी बनें और इस आध्यात्मिक पहल को सफल बनाएं।

# बिजली चोरी में छह पर प्राथमिकी, लगा 2.49 लाख जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत अवैध रूप से विद्युत चोरी को लेकर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत दो प्रशाखा में छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। संबंधित कनीय विद्युत अभियंता ने बताया कि मीटर से पहले मुख्य सर्विस तार में कटिंग कर एवं एक अतिरिक्त तार जोड़कर मीटर बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत चोरी करने को लेकर प्रखंड दिनारा के दूबे डिहरी निवासी वशिष्ठ दूबे पिता-श्रीराम दूबे पर 36864, जनार्दन पाण्डेय पिता-सीताराम पाण्डेय पर 19820, दीपा देवी पति-बबन पाण्डेय पर 66077, अनिल रंजन दुबे पिता-सुरेंद्र दुबे पर 60576 रुपये जुर्माना लगायी गयी है। विद्युत विभाग का बकाया राशि लंबित रहने पर लाइन काटने के उपरांत बिना बकाया राशि तथा पुनः विद्युत संयोजन शुल्क जमा किये अवैध रूप से विद्युत चोरी को लेकर धारूपुर निवासी दशरथ यादव पिता-सरयू सिंह यादव पर 59241 रुपये तथा खैरा निवासी पप्पू कुमार पिता-द्वारिका चौरसिया पर बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से व्यवसायिक परिसर मे विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर 6756 रुपये दंडित राशि लगायी गयी है।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन का औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा मंगलवार को दोपहर बाद पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन का औचक निरीक्षण किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन पर मौजूद सीसीटीवी कंट्रोल रूम से निगरानी व्यवस्था का निरीक्षण किया और सीसीटीवी कैमरों द्वारा कवर किए गए क्षेत्रों का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने प्लेटफार्म संख्या 1/2 तथा 7/8 का एक छोर से दूसरे छोर तक पैदल निरीक्षण किया।


## पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 (**वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा** के कार्यक्षेत्र के अधीन) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **एनआईटी सं. 247_2025-26, कार्य का विवरण:** सेवड़ाफुली से बिष्णुपुर सहित बेलुड़ से हुगली तक विभिन्न लेवल क्रॉसिंग गेट के बीसीएम कार्य के बाद लेवल क्रॉसिंग रोड की सतह की मरम्मत और लेवल क्रॉसिंग गेट की अन्य सहायक बुनियादी संरचना। **अनुमानित मूल्य :** रु.77,95,520.62, **बयाना राशि:** रु. 1,55,900/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** शून्य । **समापन अवधि** : 06 (छह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 28.01.2026 को 14.00 बजे । निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान: ई-निविदा प्रणाली के मामले में बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।।

HWH-529/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू-II (एक्सईएन-बीआरएल-एसडीएएच), दिनांक 08.01.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.:टीएन-170-25-26, कार्य का नाम:** सियालदह मंडल के कांकुरगाछी कॉर्ड सेक्शन में अप और डाउन दोनों में ब्रिज नंबर X-13 की री-गर्डरिंग का प्रावधान और सियालदह मंडल के सर्कुलर रेलवे में दमदम जंक्शन-पातिपुकुर के बीच ब्रिज नंबर 1 सीपी की री-गर्डरिंग का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 5,35,63,583.60, **बयाना राशि:** रु.4,17,800/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 06.02.2026 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 06.02.2026 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार, ई-निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है।

SDAH-350/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## एक नजर

### रजौली की शिक्षिका बनी झारखंड में सीडीपीओ



**रजौली (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र के सिरोडावर पंचायत के बलिया गांव स्थित इंटर विद्यालय की शिक्षिका स्वाती कुमारी का चयन झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा सीडीपीओ में होने पर छात्र-छात्राओं समेत शिक्षकों में खुशी का माहौल है।स्वाती कुमारी का चयन शिक्षिका पद पर फरवरी 2024 में बिहार लोक सेवा आयोग के टीआरई-2 के तहत हुआ था।शिक्षक नेता सह मध्य विद्यालय बलिया के शिक्षक अजीत कुमार ने बताया कि विज्ञान की शिक्षिका स्वाती कुमारी ने दो वर्षों तक विद्यालय में शिक्षण कार्य की हैं।अब झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सीडीपीओ की परीक्षा में 22वां रैंक प्राप्त हुआ है,जो शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के लिए गौरव का विषय है।शिक्षिका स्वाती कुमारी विद्यालय परिवार के लिए प्रेरणा की स्त्रोत बन गई हैं,जिनका सीडीपीओ पद का निर्वहन होने से काफी सहायक होगा।वहीं इंटर विद्यालय बलिया के प्रधानाध्यापक सतीश कुमार ने हर्ष जताते हुए बताया कि सहायक शिक्षिका स्वाती कुमारी के सीडीपीओ पद पर चयन होने से शिक्षक रंजीत कुमार, रीना रंजन, सन्नी कुमार, सुधीर दास, ज्योत्सना समेत अन्य लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

### गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर एसडीओ ने की बैठक

**हिलसा (नालंदा)।** अनुमंडल कार्यालय के सभागार में मंगलवार को गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर एसडीओ अमित कुमार पटेल की अध्यक्षता में अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक आयोजित की गई। एसडीओ ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय पर्व को गरिमामय ढंग से मनाने के लिए सभी अधिकारियों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अभी से तैयारियों में जुट जाएं। अनुमंडल मुख्यालय स्थित रामबाबू हाई स्कूल का मैदान मुख्य समारोह स्थल होगा, जहां परेड के साथ झंडे की सलामी दी जाएगी तथा नागरिकों व प्रशासन के बीच क्रिकेट और फैंसी मैच का आयोजन किया जाएगा। एसडीओ ने बताया कि देशभक्ति और नारी सशक्तिकरण विषय पर दो थीम में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतिभागियों को अपनी पेंटिंग 20 जनवरी तक सीडीपीओ कार्यालय में जमा करनी होगी। चयनित प्रतिभागियों को 26 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी ब्रजेश कुमार मौर्य, जेल अधीक्षक अशोक कुमार सिंह, थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार, बीडीओ अमर कुमार, सीओ मो. इकबाल अनवर, सीडीपीओ नीलम सिन्हा, आशुतोष कुमार, नवल कुमार, नरेश प्रसाद अकेला, सूरज कुमार, अजीत कुमार, मंजय चंद्रवंशी, अर्जुन विश्वकर्मा, कुमार पंकज सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### विश्व युवा दिवस पर विधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा शिल्पी सोनीराज के मार्गदर्शन में तथा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा द्वारा 5 जनवरी से 12 जनवरी 2026 तक नवादा विधि महाविद्यालय, नवादा, कन्हाई इंटर विद्यालय, राजेन्द्र मेमोरियल कॉलेज, नवादा, प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, नवादा एवं गांधी इंटर विद्यालय, नवादा में विवेकानंद जयंती के अवसर पर विश्व युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों जैसे मैराथन दौड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### 121 वर्षीया वयोवृद्ध का निधन

**रजौली।** रजौली नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 स्थित मोहल्ला तकिया की रहने वाली वयोवृद्ध सावित्री देवी का आज तड़के सुबह चार बजे अपने निवास स्थान पर निधन हो गया। मृतका के पौत्र राजा सिंह ने बताया कि उसकी दादी स्वर्गीय हरि सिंह की धर्मपत्नी सावित्री देवी का जन्म वर्ष 1905 में हुआ था। 121 वर्ष की लंबी आयु पूर्ण कर संसार को अलविदा कहने वाली सावित्री देवी क्षेत्र की सबसे बुजुर्ग महिलाओं में शुमार थीं, जिन्होंने अपने जीवनकाल में कई पीढ़ियों को फलते-फूलते देखा।उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे रजौली और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई है।मोहल्ला तकिया स्थित उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए स्थानीय ग्रामीणों और शुभचिंतकों का तांता लगा हुआ है। लोग उन्हें एक बेहद सरल और मृदुभाषी महिला के रूप में याद कर रहे हैं, जिनका लंबा अनुभव समाज के लिए प्रेरणादायक था।

### डॉ. अमरदीप सिन्हा मगध यूथ आइकन अवार्ड से सम्मानित




**नवादा।** प्रसिद्ध संस्थान ए-वन कंपटीशन सेंटर के निदेशक डॉ. अमरदीप सिन्हा को मगध यूथ आइकन अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ अमरदीप सिन्हा को शिक्षा में नवाचार और सुधार के लिए दिया गया है। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के विधान सभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार, अतरी के विधायक रोमित कुमार, सीआरपीएफ कमांडेंट अवधेश कुमार भी उपस्थित थे। शिक्षा,खेल, स्वास्थ्य विभाग,आदि पुरस्कृत किया गया। नवादा के विद्यार्थी को अनेकों विभागों में सरकारी नौकरी दिलवा चुके हैं। द करियर गाइडेंस के डायरेक्टर अविनाश कुमार,फाउंडर डॉ नंदन कुमार सिन्हा के सहयोग से कार्यक्रम हो पाया।

### इनर व्हील डे पर सेवा और सशक्तिकरण का संदेश, क्लब ने किया भव्य आयोजन

नबिटा ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** इनर व्हील डे के शुभ अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ बिहार शरीफ की ओर से नाला रोड स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब की सदस्यों ने केक काटकर इनर व्हील डे को उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्लब की अध्यक्ष रश्मि रानी ने कहा कि इस विशेष दिन को यादगार बनाने के लिए क्लब ने पूरे उत्साह के साथ इनर व्हील डे का आयोजन किया है। उन्होंने बताया कि सेवा, सहयोग और संवेदना इनर व्हील क्लब के मूल मंत्र रहे हैं, जिनके तहत क्लब वर्षों से समाजहित में निरंतर कार्य कर रहा है। इनर व्हील डे के अवसर पर क्लब की ओर से जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया, ताकि कड़ाके की ठंड से उन्हें राहत मिल सके। साथ ही कार्यक्रम के दौरान नारी सशक्तिकरण का सशक्त संदेश भी दिया गया। अध्यक्षा रश्मि रानी ने कहा कि क्लब शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा जरूरतमंद महिलाओं और छात्र-छात्राओं के उत्थान के लिए लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने आगामी सत्र की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर, बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न अभियान चलाए जाएंगे।

# डीएम ने समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य के दिये निर्देश

**नगर विकास योजनाओं की हुई समीक्षा**




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में नगर विकास एवं आवास विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
बैठक में बुडको के परियोजना निदेशक अभिषेक कुमार ने अवगत कराया कि मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के अंतर्गत नगर क्षेत्र में स्वीकृत चार महत्त्वपूर्ण परियोजनाएं—अम्बेडकर पार्क का विकास, जेपी चौक का विकास, पटेल चौक का विकास तथा भगत सिंह चौक का नवीनीकरण—पूर्ण रूप से संपन्न कर ली गई हैं। बस पौधारोपण कराया जाना शेष है। इन चारों परियोजनाओं पर कुल 68,06,997 की स्वीकृत राशि व्यय कर कार्य पूर्ण किया गया है, जिससे इन स्थलों की सुंदरता, संरचना एवं उपयोगिता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। नगर परिषद नवादा अंतर्गत सिविल कोर्ट के पीछे से प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय होते हुए गोवर्धन मंदिर तक तथा हरिश्चंद्र स्टेडियम से प्रसाद विगहा तक सड़क निर्माण कार्य एजेंसी द्वारा कराया जा रहा है। इस पर जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद नवादा को संबंधित एजेंसी द्वारा 24 जनवरी 2026 से पूर्व कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। मंगर विगहा पुल के पार से बुधौल होते हुए एनएच-20 तक नाला निर्माण कार्य प्रगति पर है।इसके अतिरिक्त योजना के अंतर्गत आठ अन्य प्रमुख परियोजनाएँ वर्तमान में निर्माणाधीन हैं, जिनमें तालाब एवं पार्क का नवीनीकरण, महादेव मोड़ से सिरोडाबर गाँव तक सड़क निर्माण, मेन रोड से चाँदनी चौक-मस्जिद-बाईपास तक आरसीसी नाला निर्माण जैसी आधारभूत संरचना से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं। कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद वारिसलीगंज ने बताया कि वारिसलीगंज नगर परिषद अंतर्गत थाना चौक से रेलवे गुमटी तक सड़क के दोनों ओर आरसीसी नाला निर्माण एवं सड़क विभाजक तथा ईंट की परत बिछाने का कार्य प्रगति पर है। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी कार्यों को शीघ्रता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने सभी कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वर्ष 2024-25 की योजनाओं के लिए चयनित एजेंसियों द्वारा कार्य नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित एजेंसियों को काली सूची में डालने के साथ प्राथमिकी की कारवाई करें।
इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद नवादा, हिसुआ एवं वारिसलीगंज तथा नगर पंचायत रजौली को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से कार्य-स्थलों का भ्रमण कर निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग करें तथा प्रतिवेदन तैयार कर मुख्यालय को समर्पित करें।इसी क्रम में नगर परिषद हिसुआ, नगर परिषद वारिसलीगंज तथा नगर पंचायत रजौली के अंतर्गत संचालित विकास योजनाओं की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी कार्यों की प्रगति तेज करें, अधूरे कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त नवादा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद नवादा/हिसुआ/वारिसलीगंज, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत रजौली सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# सब्जी कारोबारी लूटकांड का खुलासा स्कॉर्पियो के साथ बदमाश गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना पुलिस ने 4 जनवरी को सब्जी कारोबारी के साथ हुई लूटपाट की घटना का खुलासा करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर घटना में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो को बरामद कर लिया है, जबकि एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित की पहचान अस्थावां थाना क्षेत्र के कटहरी गांव निवासी गौतम कुमार उर्फ विक्की पासवान के रूप में हुई है। वह पीड़ित सब्जी व्यवसायी के पड़ोस में ही किराए के मकान में रह रहा था। सदर डीएसपी-1 नुरुल हक ने बताया कि यह घटना 4 जनवरी की सुबह करीब 4 बजे की है। सब्जी कारोबारी अपने किराए के मकान से बाजार समिति जा रहे थे। इसी दौरान बड़ी पहाड़ी कोल्ड स्टोर के पास स्कॉर्पियो सवार सात बदमाशों ने उन्हें जबरन वाहन में बैठा लिया। बदमाशों ने कारोबारी से 2 लाख 20 हजार 700 रुपये नकद, एक सोने की चेन और मोबाइल फोन लूट लिया तथा बाद में उन्हें देवधा ओवरब्रिज के पास उतार दिया। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित गौतम कुमार ने ही पूरे घटनाक्रम की रेकी की थी। उसने अपनी स्कॉर्पियो का इस्तेमाल लूटकांड में किया। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि इस कांड का मुख्य साजिशकर्ता दीपनगर थाना क्षेत्र का वाल्मीकि पासवान है, जिसने पूरी योजना तैयार की थी। पुलिस के अनुसार इस गिरोह में कुल सात अपराधी शामिल थे, जो दीपनगर, नूरसराय, हरनौत, सिलाव और लहेरी थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित के पास से लूट से संबंधित कागजात भी बरामद किए हैं। बताया गया कि गौतम कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ अस्थावां थाना में कांड संख्या 225/23 दर्ज है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा शिल्पी सोनीराज के मार्गदर्शन में तथा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा 13 जनवरी 2026 को कॉन्फ्रेंस हॉल, लाइब्रेरी, व्यवहार न्यायालय, नवादा में बाल विवाह मुक्त भारत योजना को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने हेतु भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे 100 दिवसीय अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा एवं प्रभारी सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, नवादा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी के बी.सी.एम., जिला समन्वयक, तटवासी समाज, नवादा, रिसोर्स पर्सन, डिफेंस लॉयर, पैनल लॉयर, पारा विधिक स्वयंसेवक, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित रही।

# तेलहाड़ा महोत्सव में कलाकारों का रहा जलवा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** तेलहाड़ा महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक उत्सव का शुभारंभ नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार स्थानीय विधायक रोहेल रंजन एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंच से जैसे ही कार्यक्रम की शुरुआत हुई, पूरा परिसर लोक-संस्कृति, संगीत और उल्लास से भर उठा। ग्रामीण अंचल में आयोजित इस महोत्सव ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि बिहार की लोक-परंपराएं आज भी जीवंत हैं और जनमानस में गहराई से रची-बसी हैं। पटना की प्रसिद्ध संस्था साकार कलाकृति के कलाकारों ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उद्घाटन अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजनों से क्षेत्र की पहचान मजबूत होती है तथा स्थानीय कला, संस्कृति और प्रतिभाओं को मंच मिलता है। इस्लामपुर बिधायक रूहेल रंजन के कहा कि तेल्हाड़ा महोत्सव स्थानीय लोगों की सहभागिता से आयोजित एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जो युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने इस तरह के आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एकंगरसराय, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, एकंगरसराय, राजस्व अधिकारी, एकंगरसराय तेल्हाडा पंचायत के मुखिया एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित उपस्थित थे। इस अवसर पर राधा सिन्हा, प्राची कुमारी, रश्मि कुमारी, तनु कुमारी, संजना कुमारी, निशा कुमारी, मानसी कुमारी, विवेक कुमार और अजित कुमार की टीम ने पारंपरिक विवाह नृत्य, झिझिया नृत्य, छठ पर्व नृत्य तथा "बिहार गौरव" गीत पर मनोहारी प्रस्तुति दी। इन नृत्यों में बिहार की लोक-संस्कृति, आस्था और सामाजिक जीवन की झलक साफ दिखाई दी। हर प्रस्तुति पर तालियों की गूंज से पूरा पंडाल गूंज उठा। गायन कार्यक्रम में गायक लालकेश्वर उर्फ शिवम् ने अपनी सुरीली आवाज में मुझे दिल की बीमारी है और तुम माने या न माने दिलदारा जैसे गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावुक कर दिया। वहीं गायक एवं अभिनेता मुन्ना पंडित उर्फ देवराज मुन्ना ने मैं निकला गड्डी लेके गाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

# राजगीर मकर मेला की तैयारियों का डीएम ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** राजगीर में 14 - 20 जनवरी तक आयोजित होने वाले राजकीय मकर मेला-2026 की तैयारियों का जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने मेला ग्राउंड में निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेला अवधि में आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुरक्षा, सुविधा और भीड़ प्रबंधन हर हाल में सुनिश्चित हो। डीएम ने कहा कि मकर मेला के दौरान विभिन्न कुंडों व धाराओं में स्नान, पूजा-अर्चना तथा ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करने के लिए भारी संख्या में लोग राजगीर आते हैं, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, यातायात व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिता, प्रदर्शनी, मेडिकल कैंप, पार्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी तथा सुरक्षा तैनाती से जुड़े सभी कार्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन ने पूरे मेला क्षेत्र में पुलिस बल, महिला पुलिस, दंडाधिकारी और स्वयंसेवकों की प्रतिनियुक्ति की है। भीड़ नियंत्रण के लिए सीसीटीवी व ड्रोन से विशेष निगरानी रखी जाएगी। यातायात व्यवस्था सुचारु रखने हेतु वैकल्पिक मार्ग, पार्किंग स्थल, एंबुलेंस और चिकित्सकीय टीम की भी व्यवस्था की गई है। डीएम ने असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

**मकर मेला 2026 के प्रमुख कार्यक्रम**

उद्घाटन एवं कृषि मेला 14 जनवरी, मेला थाना परिसर
महाआरती – 15 जनवरी, ब्रह्म कुंड
संत समागम यात्रा – 15 जनवरी
दंगल प्रतियोगिता – 15–16 जनवरी
फुटबॉल/क्रिकेट/वॉलीबॉल/कबड्डी/एथलेटिक्स प्रतियोगिता – 15 से 18 जनवरी तक
विख्यात कलाकारों की प्रस्तुति – 16 जनवरी
क्विज एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता – 17 जनवरी
पतंग प्रतियोगिता – 18 जनवरी
टमटम/पालकी सज्जा – 19 जनवरी
दुधारू पशु एवं कृषि उत्पाद प्रदर्शनी,
नुक्कड़ नाटक – 20 जनवरी
समापन समारोह – 20 जनवरी

निरीक्षण के दौरान सहायक प्रशिक्षु समाहर्ता, एसडीओ राजगीर, अपर समाहर्ता राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, नगर कार्यपालक पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित कई विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# टी.एस.कॉलेज, हिसुआ में निबन्ध प्रतियोगिता के सफ़ल प्रतियोगी को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हिसुआ (नवादा)।** नगर परिषद स्थित महाविद्यालय टी.एस.कॉलेज हिसुआ में सोमवार को युवा दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ.पवन कुमार शर्मा, हिसुआ विधायक अनिल सिंह, तथा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी आतिश रंजन द्वारा महाविद्यालय में विवेकानंद जयंती के अवसर पर निबन्ध प्रतियोगिता में सफ़ल प्रतियोगी को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के एन एस एस इकाई द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता के संयोजक डॉ पूनम भारती के देख रेख में 8 जनवरी को निबंध प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। जिसका विषय था 'स्वामी विवेकानंद एवं विकसित भारत में युवाओं की भूमिका' इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र छात्राओं ने भाग लिया था, जिसमें स्नातक की छात्रा रानी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि द्वितीय स्थान अलीशा राज, तृतीय स्थान मनीष कुमार ने प्राप्त किया। 12 जनवरी को एन एस एस पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार चौहान के नेतृत्व में महाविद्यालय में विवेकानंद जयंती समारोह के अवसर पर सफल छात्र छात्राओं को प्राचार्य डॉ पवन कुमार शर्मा, हिसुआ विधायक अनिल सिंह, तथा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी आतिश रंजन द्वारा प्रशस्ति पत्र तथा शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मंच संचालन मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने किया,इस अवसर पर वितेक्षक डॉ स्वर्गेश कुमार, डॉ.अमरदीप मोहन अमहोरे, डॉ पूनम भारती, डॉ.संजय कुमार, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ नागेंद्र दास, डॉ पूनम कुमारी, डॉ राकेश कुमार चौधरी, डॉ धनंजय कुमार, आदि उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में छात्र की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** सारे थाना क्षेत्र के एनएच-33 पर बिहारशरीफ–बरबीघा मार्ग स्थित अंबा बिगहा गांव के पास सड़क हादसा में इंजीनियरिंग के छात्र की मौत हो गई। बाइक सवार युवक हाइवा (ट्रक) की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बांका जिला के बसी थाना क्षेत्र अंतर्गत दलिया गांव निवासी स्व. सुबोध कुमार पंडित के 24 वर्षीय पुत्र सुमीत कुमार के रूप में की गई है। वह अस्थावां पॉलिटेक्निक कॉलेज में इंजीनियरिंग का छात्र था और वर्तमान में इंटर्नशिप कर रहा था। मृतक के साथियों ने बताया कि सुमीत बरबीघा इंजीनियरिंग कॉलेज में इंटरव्यू देने गया था और वहां से बाइक से लौट रहा था। इसी दौरान अंबा बिगहा–धर्मकांटा के समीप एक तेज रफ्तार हाइवा ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।
हादसे के बाद हाइवा चालक वाहन को मिशन चौक के पास छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि युवक के शरीर के अंग सड़क पर बिखर गए थे। सारे थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराया गया है और परिजनों के पहुंचने के बाद शव उन्हें सौंपा जाएगा। हाइवा को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# होटल मालिक ने रोका नाली का बहता पानी, मोहल्लेवासी परेशान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली।** नगर पंचायत में ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने से मोहल्लेवासियों की परेशानी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। गोपाल नगर मोहल्ले में नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इस नारकीय जीवन के विरुद्ध मोहल्लेवासियों ने मंगलवार की दोपहर को नगर पंचायत कार्यालय में लिखित आवेदन देकर तत्काल समस्या से निदान करने की गुहार लगाई है। गोपाल नगर निवासी संजय कुमार बंटी, आदित्य प्रकाश आर्य, महेश कुमार समेत दर्जनों लोगों ने बताया कि बारिश के दिनों हमलोगों के नालियों का पानी घर में घुस जाता है। इसको लेकर बीते दो वर्षों से लगातार पत्राचार नगर पंचायत कार्यालय को किया जा रहा है। नगर पंचायत प्रशासन द्वारा मोहल्लेवासियों को आश्वासन दिया गया कि जल्द ही बेहतर ड्रेनेज सिस्टम स्थापित कर जलजमाव से मुक्ति दी जाएगी। वहीं सामान्य दिनों में नालियों का पानी के निकास हेतु एनएच-20 के किनारे नाला का उपयोग किया जा रहा था। किंतु विगत कुछ दिनों से बाईपास के कॉर्नर पर एक होटल मालिक अमित कुमार के द्वारा होटल संचालन के लिए एनएच के किनारे बने नालियों में मिट्टी भराई करके अतिक्रमण कर लिया गया है। इसके कारण नाली से बहता हुआ पानी अवरुद्ध हो गया है और मोहल्ले के नालियों का पानी का बहाव सड़कों और गलियों में हो रहा है। सड़कों और गलियों में बहता गन्दा पानी कई प्रकार के घातक जलजनित रोगों और दुर्गंध का कारक बन गया है। सड़कों से गुजरने वाले लोग तो कुछ समय के लिए नाक और मुंह आदि बंद करके पार कर जाते हैं,किंतु मोहल्ले में रहने वाले सैकड़ों लोगों का जीना मुहाल हो गया है। नगरवासियों ने कहा कि नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी कार्यालय में मौजूद नहीं थे, इसलिए लिखित आवेदन कार्यालय में जमा किए हैं। साथ ही आशा जताई कि नगर पंचायत प्रशासन इस समस्या का निराकरण प्राथमिकता से करेगी।

**क्या कहते हैं पदाधिकारी**

इस संबंध में प्रभारी नगर पंचायत पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि 15 जनवरी से ड्रेनेज सिस्टम के लिए काम शुरू किया जाएगा एवं जल्द ही गोपाल नगर की सड़कों पर बहते नालियों के पानी की समस्या का निदान किया जाएगा। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि अस्थाई रूप से अतिक्रमणकारी के विरुद्ध जांच कर अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

# एक रात में टूटे पांच दुकानों के ताले, 51 हजार नकदी चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** शहर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से आमजन में दहशत का माहौल बन गया है। ठंड के मौसम में चोरों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि एक ही रात में हिलसा–थरथरी पथ (बिहारी रोड) स्थित पांच गल्ला की दुकानों को निशाना बना लिया गया। चोरों ने छत के रास्ते प्रवेश कर कई दुकानों के ताले तोड़े और नकदी व सामान पर हाथ साफ कर दिया। ह्यूमन राइट्स डिफेंडर के नालंदा जिला अध्यक्ष बलराम कुमार ने बताया कि वे सोमवार की रात करीब 10 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। मंगलवार की सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो अंदर सामान बिखरा मिला। चोरों ने तीन ताले तोड़कर करीब दो हजार रुपये नकद और एक एलईडी टीवी चोरी कर ली गई।दूसरे गल्ला व्यापारी जयप्रकाश नारायण के पुत्र सूरज कुमार ने बताया कि उनकी दुकान में भी छत के रास्ते घुसकर तीन ताले काटे गए और करीब दो हजार रुपये नकद चुरा लिए गए। तीसरे व्यापारी रामप्रीत के पुत्र सुबोध कुमार ने बताया कि बांस की सीढ़ी लगाकर छत से दुकान में घुसकर गल्ले में रखे नकद करीब बीस हजार रुपये चोरी कर ली गई। चौथे व्यापारी बृजनंदन प्रसाद के पुत्र रामभजन प्रसाद के अनुसार उनकी दुकान से करीब दो हजार रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी हुई है। वहीं पांचवें व्यापारी डोमन सिंह के पुत्र शिवनारायण शिव ने बताया कि चोरों ने उनकी दुकान से पच्चीस हजार रुपये नकद और पांच बोरा सरसों की चोरी की है। इसके अलावा पास के एक टेंट हाउस में भी चोरी का प्रयास किया गया, हालांकि वहां से कुछ हाथ नहीं लगा। हैरानी की बात यह है कि सभी दुकानें महज 500 मीटर के दायरे में और हिलसा–थरथरी मुख्य मार्ग पर स्थित हैं, जहां रातभर वाहनों की आवाजाही रहती है। इसके बावजूद इतनी बड़ी वारदात दिया गया। पुलिस की रात्रि गश्ती व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से शहरी और ग्रामीण इलाकों में लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस संबंध में हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिला है। पीड़ितों से आवेदन मिलते ही मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# मानवता की मिसाल पेश करते हुए देर रात बेसहारा लोगों के बीच बांटा कंबल

**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** भीषण ठंड और शीतलहर के प्रकोप के बीच, जहाँ गरीब, असहाय एवं बेसहारा लोग खुले आसमान के नीचे रात बिताने को मजबूर हैं, वहीं इशरत वेलफेयर सेवा संस्थान एवं आगाज ब्लड डोनेशन की संयुक्त टीम ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए सेवा भाव से कंबल वितरण अभियान चलाया। संस्था की टीम द्वारा देर रात लगभग एक से दो बजे के बीच नवादा शहर के विभिन्न इलाकों में फुटपाथों एवं खुले स्थानों पर सो रहे जरूरतमंद लोगों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। इस दौरान कई लोग केवल मामूली चादर, बोरी अथवा प्लास्टिक शीट के सहारे ठंड से बचने की कोशिश करते पाए गए। ऐसे ठिठुरते लोगों को बिना किसी शोर-शराबे के कंबल ओढ़ाकर राहत पहुँचाई गई, ताकि वे कड़ाके की ठंड में सुरक्षित एवं सुकून भरी नींद ले सकें। इस सेवा कार्य में मुदस्सर उर्फ सलमान, अबू बकर, शाहिद, डॉ. इशरत नाज़ एवं बिलकिस सहित पूरी टीम सक्रिय रूप से शामिल रही। टीम के सदस्यों ने शहर के विभिन्न स्थानों पर जाकर ठंड से कांप रहे जरूरतमंद लोगों को चिन्हित किया और उन्हें कंबल प्रदान किए।

# डॉ. प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री शहरी विकास योजनाओं का किया उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गया टाउन विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के अंतर्गत कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस क्रम में वार्ड संख्या 30 साकेत पुरी, कटारी रोड में पार्क के जीर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन किया गया जिसकी कुल लागत 14 लाख 8 हजार 937 रुपये है। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने वार्ड संख्या 36 शहमीर तकया में पथ एवं नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। यह कार्य 8 लाख 39 हजार रुपये की लागत से संपन्न कराया जा रहा है। वहीं वार्ड संख्या 46 सविता विहार कॉलोनी में पथ एवं नाली निर्माण कार्य का भी उद्घाटन किया गया जिसकी लागत 19 लाख 74 हजार रुपये है। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना और नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना है। पार्कों के जीर्णोद्धार से जहां लोगों को बेहतर मनोरंजन एवं स्वास्थ्य लाभ मिलेगा, वहीं पथ एवं नाली निर्माण से आवागमन सुगम होगा और जलजमाव की समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गया शहर के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है और चरणबद्ध तरीके से सभी वार्डों में आवश्यक विकास कार्य कराए जा रहे हैं। जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं मौके पर कमल बारीक, राजनंदन गांधी, धीरेन्द्र धीरू सहित स्थानीय जनता मौजूद रहे।

# गयाजी परियोजना को 220 केवी डीसी ट्रांसमिशन लाइन की स्वीकृति

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने जताई प्रसन्नता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा सचिवालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मंगलवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में गयाजी परियोजना को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक में 400/220/132 केवी चंदौती पीएमटीएल ग्रिड सबस्टेशन से आईएमसी गयाजी तक 220 केवी डीसी ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण की नई योजना को स्वीकृति प्रदान की गई। इस निर्णय पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह योजना गयाजी के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस पहल के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय गयाजी के लिए मील का पत्थर साबित होगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति से गयाजी में डिजिटल अवसंरचना को मजबूती मिलेगी और औद्योगिक व व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आएगी। इससे उत्पादकता में वृद्धि होगी तथा बिजली परिचालन लागत में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि बेहतर बिजली आपूर्ति से स्थानीय उद्यमियों को अपने व्यवसाय के विस्तार में सहूलियत मिलेगी, वहीं किसानों को सिंचाई और कृषि आधारित कार्यों में लाभ होगा। इसके साथ ही आम उपभोक्ताओं को भी नियमित और स्थिर बिजली आपूर्ति का सीधा लाभ मिलेगा जिससे दैनिक जीवन अधिक सुगम होगा। विधानसभा अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद गयाजी क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और विकास की रफ्तार तेज होगी।

# जिला पशुपालन पदाधिकारी ने मवेशी अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, डॉक्टरों में मचा हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड के गुरुआ एवं भरौंधा मवेशी अस्पताल समेत छह पशु अस्पतालों के डॉक्टर के अनुपस्थित रहने की शिकायत पर सोमवार को नवपदस्थापित जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार रॉय ने आठ पशु अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। इसमें सात अस्पतालों में पशु चिकित्सक अनुपस्थित मिले। अस्पतालों में या तो चिकित्सक गायब मिल रहे या यहां समय से नहीं आ रहे। कई डॉक्टरों का आवास पदस्थापना वाले क्षेत्र में नहीं है। यह खुलासा औचक निरीक्षण में हुआ। डॉक्टरों से जवाब-तलब किया जाएगा। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार रॉय ने बताया कि सोमवार की सुबह अस्पतालों का औचक जांच की गई। चेरकी, गुरुआ, गुरारू, भरौंदा, आमस, मथुरापुर, चंडी स्थान और बोधगया के मटिहानी पशु अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। इसमें सिर्फ चेरकी में चिकित्सक (टीवीओ) मिले। शेष सात अस्पतालों में पशु चिकित्सक अनुपस्थित मिले। बताया कि इस संबंध में अनुपस्थिति रहे सभी चिकित्सकों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। बताया कि जिले भर के सभी पशु अस्पतालों के चिकित्सकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि है कि वे समय पर अस्पताल खुलवाने के साथ उपस्थित रहे।

# घने जंगल में संयुक्त तलाशी अभियान, नक्सलियों के हथियार बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** सशस्त्र सीमा बल की 29वीं वाहिनी गया के कमांडेंट मधुकर अमिताभ के निर्देशन में एक महत्वपूर्ण संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया। यह अभियान 'डी' समवाय, सलैया के निरीक्षक (सामान्य) अनुज कुमार पाठक के नेतृत्व में सशस्त्र सीमा बल तथा गया जिला पुलिस के साथ मिलकर थाना भदवार क्षेत्र अंतर्गत पननवा टांड के घने जंगलों में संचालित किया गया। प्राप्त आसूचना के अनुसार नक्सलियों द्वारा पननवा टांड क्षेत्र के जंगलों में हथियार और गोलाबारूद छिपाकर रखे जाने की जानकारी मिली थी। इसी आधार पर सशस्त्र सीमा बल और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने रबदी पहाड़ी स्थित पननवा टांड जंगल क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए हथियारों का जखीरा बरामद किया गया। अभियान के दौरान 30 इंच बैरल का 12 बोर का एक हथियार तथा 1.5 फीट आकार के .315 मिलीमीटर साइज के दो देशी हथियार बरामद किए गए। बरामदगी से क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में सुरक्षा बलों को अहम सफलता मिली है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि इन हथियारों का उपयोग किसी बड़ी वारदात में किया जा सकता था। बरामद किए गए सभी हथियारों को विधिक कार्रवाई के लिए थाना भदवार, जिला गया को सुपुर्द कर दिया गया है। संयुक्त अभियान के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता बढ़ा दी गई है। सुरक्षा बलों द्वारा क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि नक्सली गतिविधियों को पूरी तरह से नियंत्रित किया जा सके।

# पंचायत रोजगार सेवकों ने काम किया ठप, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** मंगलवार को गुरारू प्रखण्ड अंतर्गत पदस्थापित पंचायत रोजगार सेवकों ने प्रमुख द्वारा अपने सहकर्मी के साथ मारपीट किये जाने के विरोध में अपने कार्य को ठप रखा। ग्रामीण आवास योजना का वेरिफिकेशन नहीं किया। गांवों में इंतजार करते रह गये ग्रामीण। गौरतलब है कि सोमवार को घटेरा पंचायत के रोजगार सेवक पंकज कुमार ने प्रमुख उर्मिला देवी पर अपने चैंबर में बुलाकर मारपीट करने का आरोप लगाया था। इस संबंध में पूछे जाने पर अपर थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने बताया कि दोनों तरफ से आवेदन दिया गया था जिसमें प्राथमिक दर्ज कर ली गई है। जी राम जी योजना कर्मी विनित कुमार, आंचल कुमारी, गौतम कुमार, ज्ञानेन्दू कुमार, मिथलेश कुमार, अजीत कुमार, जैनेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रमुख द्वारा की गई मारपीट से पीड़ित पंकज कुमार की आंख में काफी चोट आयी है। इनके द्वारा हाल में ही आंख के रेटिना का ऑपरेशन करवाया गया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरारू के चिकित्सकों द्वारा बेहतर इलाज हेतु मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# रेल ट्रैक पेट्रोलमैन की मौत पर रेल यूनियन में असंतोष, जांच की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेल मंडल अंतर्गत गया जंक्शन पर ड्यूटी के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से रेल ट्रैक पेट्रोलमैन वकील यादव की हुई मौत को लेकर रेल यूनियन में गहरा असंतोष व्याप्त है। यूनियन का कहना है कि असुरक्षित ट्रैक संरक्षण नीति के कारण पेट्रोलिंग के दौरान कर्मियों की जान जोखिम में पड़ रही है और कर्तव्य निभाते हुए वे रन ओवर का शिकार हो रहे हैं। ईसीआरईयू के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार पासवान ने इस घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के जान-माल से खुलकर खेल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले कई महीनों से पूरे जोन में पेट्रोल मैन से 16 से 20 किलोमीटर तक पेट्रोलिंग कराए जाने का विरोध किया जा रहा था। यह मुद्दा यूनियन के संज्ञान में भी आया था और जोनल स्तर पर पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के प्रधान मुख्य अभियंता के समक्ष रखा गया था। यूनियन की मांग रही है कि पेट्रोलिंग बीट को 8 से 10 किलोमीटर तक सीमित किया जाए, पेट्रोल मैन को जीवन रक्षक उपकरण उपलब्ध कराए जाएं और पेट्रोलिंग आवश्यकता के अनुसार साप्ताहिक की जाए, लेकिन इन मांगों को अब तक लागू नहीं किया गया। संतोष कुमार पासवान ने आरोप लगाया कि पेट्रोल मैन से लगातार 15-15 दिन तक काम कराया जा रहा है और स्टाफ की कमी का बहाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है कि पूरे जोन में पीडब्ल्यूआई, एसएसई से लेकर अधिकारियों तक कई विभागों में अतिरिक्त स्टाफ रखा गया है जबकि फील्ड में काम करने वाले कर्मियों को प्रताड़ित किया जाता है। यदि निष्पक्ष जांच हो तो सच्चाई सामने आ सकती है। मंगलवार को गया जंक्शन स्थित एईएन कार्यालय में यूनियन के एक प्रतिनिधि मंडल ने विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर समस्याएं रखीं।

# भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने रेलवे सुरक्षा पर उठाए सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गया से दिल्ली की यात्रा के दौरान दुरंतो एक्सप्रेस में हुई चोरी की एक गंभीर घटना के बाद रेलवे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सह भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा इस घटना के शिकार हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रीमियम ट्रेन मानी जाने वाली दुरंतो एक्सप्रेस के एसी कोच में भी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही है जो बेहद चिंताजनक है। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने बताया कि गया से मुगलसराय के बीच एसी टू टायर कोच ए2 की सीट संख्या 13 और 14 पर यात्रा के दौरान जब वे रात में सो रहे थे, उसी समय अज्ञात चोरों ने उनका यात्रा बैग चोरी कर लिया। सुबह उठने पर घटना की जानकारी होने पर उन्होंने तत्काल कोच अटेंडेंट को इसकी सूचना दी और रेलवे प्रशासन को भी अवगत कराया। इस घटना से उन्हें गहरी निराशा हुई है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा रेलवे की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन इस तरह की घटनाएं यात्रियों के भरोसे को कमजोर करती हैं। उन्होंने रेल सुरक्षा बल और रेलवे अधिकारियों से मांग की कि ट्रेनों में हो रही चोरी की घटनाओं पर सख्ती से रोक लगाई जाए और दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। डॉ. मिश्रा ने कहा कि आम लोग अपनी मेहनत की कमाई और जरूरी सामान लेकर यात्रा करते हैं, ऐसे में चोरी की घटनाएं मानसिक पीड़ा देने वाली होती हैं। उन्होंने रेलवे से अपील की कि ट्रेनों में सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए, गश्त बढ़ाई जाए और सुरक्षा के प्रति सतर्कता को और मजबूत किया जाए। ताकि यात्रियों को सुरक्षित और निश्चिंत यात्रा का वातावरण मिल सके और भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# दिनदहाड़े प्रधान शिक्षक की बाइक चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** वजीरगंज प्रखंड क्षेत्र में दिनदहाड़े बाइक चोरी की एक घटना सामने आई है जिससे लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। प्राथमिक विद्यालय कांधा के प्रधान शिक्षक विपिन कुमार की अपाचे बाइक को चोरों ने दिनदहाड़े उड़ा लिया। यह घटना सोमवार की संध्या करीब पांच बजे की बताई जा रही है। पीड़ित प्रधान शिक्षक विपिन कुमार अमैठी पंचायत के ग्राम बभनी टोला बरबिगहा के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि वे प्राथमिक विद्यालय कांधा में प्रधान शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं और वर्तमान में वजीरगंज विद्युत पावर ग्रिड के निकट एक किराए के मकान में रहते हैं। सोमवार को विद्यालय में छुट्टी होने के बाद वे संध्या लगभग पांच बजे अपने किराए के मकान के सामने बाइक खड़ी कर ऊपर चले गए। कुछ देर बाद जब वे नीचे लौटे तो देखा कि उनकी बाइक वहां से गायब थी। बाइक चोरी की जानकारी मिलते ही उन्होंने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन जब कहीं से कोई सुराग नहीं मिला तो उन्होंने वजीरगंज थाना में जाकर प्राथमिकी दर्ज कराई।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: एफ/सीआर/डब्ल्यूसी/125, दिनांक 08.01.2026,** मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिला–मुंगेर, बिहार–811214 के द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर संदर्भित या समरूप कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय एवं तकनीकी संसाधन युक्त निविदाकारों से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** 8 व्हीलर डीईटीसी के संबंधित उपकरणों (अल्टरनेटर, इलेक्ट्रिकल कंट्रोल सिस्टम, हाइड्रॉलिक सिस्टम (रेडिएटर फैन ड्राइव), डी. जी. सेट–11 केवीए, अल्टरनेटर (कोच बैटरी चार्जर) एवं हाइड्रॉलिक लिफ्टिंग प्लेटफॉर्म) की ओवरहॉलिंग। **परिमाण:** 04 (चार) अदद। **निविदा मूल्य:** रु. 2,28,48,021.20, **प्रतिभूति राशि:** रु. 2,64,300/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य, जीसीसी, अप्रैल 2022 के पार्ट I के कार्यों के लिए क्लॉज 03 निविदाओं के लिए), **कार्य समापन की तिथि:** इस कार्यालय से स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह के अंदर संपूर्ण कार्य पूरा किया जाएगा। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 30.01.2026 को 15.00 बजे। **"समरूप कार्य की प्रकृति" की परिभाषा:** "टावर कार पार्ट्स की ओवरहॉलिंग/रिपेयरिंग के पूर्व प्रमाणित अनुभव के साथ कोई फर्म। भारतीय रेल की किसी भी यूनिट या पीयू या केंद्र/राज्य सरकार के प्रतिष्ठानों या सार्वजनिक सूचीबद्ध कंपनी/ट्रस्ट में निष्पादित उपर्युक्त कार्यों में से कोई एक या अधिक कार्य जिनका औसत वार्षिक कारोबार रु.500 करोड़ और उससे अधिक है, पर विचार किया जाएगा"। निविदा कागजात वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगा।

MISC-356/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/इंजी./गति शक्ति इकाई/हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **ई–निविदा सं. 05_2025-26, दिनांक: 09.01.2026। कार्य का विवरण:** लिलुआ–जीएसयू/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के तहत लिलुआ वर्कशॉप के अंदर नए जी+2 एम एंड सी प्रयोगशाला भवन का निर्माण और लिलुआ–ट्रैवर्सर बे–1 का पिट से एलएचबी/ ईएमयू पीओएच के सरफेस टाइप में विस्तार और रूपांतरण। **अनुमानित मूल्य:** रु. 22,32,19,723.75, **बयाना राशि:** रु. 12,66,100/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** 0.00, **समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 03.02.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई–निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-528/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# थैलेसीमिया से पीड़ित 7 बच्चे बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए सीएमसी वेल्लोर रवाना : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़, संवेदनशील एवं सर्वसुलभ बनाने की दिशा में निरंतर प्रभावी कार्य कर रही है। इसी क्रम में थैलेसीमिया (मेजर) पीड़ित 07 बच्चों का एक नया बैच 13 जनवरी को बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) हेतु तमिलनाडु के वेल्लोर स्थित क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (सीएमसी) रवाना किया गया है। यह थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों का सातवां बैच है। श्री पांडेय ने कहा कि सातवें बैच में राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित बच्चों को बीएमटी हेतु भेजा गया है। इनमें मधुबनी, मुजफ्फरपुर, मधेपुरा, वैशाली, सीतामढ़ी, खगड़िया एवं पूर्वी चंपारण से एक-एक बच्चा शामिल है। इससे पूर्व अलग-अलग चरणों में कुल 26 बच्चों का सफलतापूर्वक बोन मैरो ट्रांसप्लांट कराया जा चुका है। राज्य सरकार थैलेसीमिया, हीमोफिलिया एवं सिकल सेल एनीमिया जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के समुचित उपचार एवं सतत देखभाल के लिए बहुस्तरीय प्रयास कर रही है जिसके अंतर्गत राज्य में 06 एकीकृत डे-केयर केंद्रों की स्थापना की गई है जहां थैलेसीमिया के मरीजों को जांच सुविधा, ब्लड ट्रांसफ्यूजन, आयरन चेलेटिंग दवाएं, एंटी हेमोफिलिक फैक्टर (एएचएफ) ट्रांसफ्यूजन सहित आवश्यक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। श्री पांडेय ने कहा कि 12 वर्ष से कम आयु के योग्य बच्चों के लिए संचालित मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना के तहत बिहार सरकार द्वारा क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया गया है।

# देसी महुआ शराब बरामद, तस्कर फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब के खिलाफ कार्रवाई की है। मानाविघा गांव में छापेमारी के दौरान एक कारोबारी के घर से 5 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की गई। हालांकि पुलिस को देखते ही कारोबारी मौके से फरार हो गया। कोंच थाना प्रभारी सुदेह कुमार ने बताया कि पुलिस को अवैध शराब की बिक्री की सूचना मिली थी। इसी आधार पर मानाविघा गांव निवासी मुन्ना चौधरी (पिताः रामप्रवेश चौधरी) के घर पर छापा मारा गया। छापेमारी के दौरान मुन्ना चौधरी पुलिस को देखकर भाग निकला। पुलिस ने फरार कारोबारी के खिलाफ मंगलवार को कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। यह कार्रवाई बिहार में लागू शराबबंदी कानून के तहत की गई है।

# प्रयाग नारायण सिंह की 11वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** गांधीवादी विचारक, चिंतक, धर्मसुधारक एवं समाजसेवी स्व. प्रयाग नारायण सिंह की 11वीं पुण्यतिथि समारोह श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अतुलनीय सामाजिक योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विधायक अजय दांगी, आयोजक हिमांशु शेखर, सुभाष यादव, सतेन्द्र नारायण, बृजमोहन शर्मा ने दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। आयोजनकर्ता हिमांशु शेखर ने सभी अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर किया। स्मृति समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अजय दांगी ने कहा कि आज के समाज को स्व. प्रयाग नारायण सिंह द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षा के प्रसार हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों की स्थापना में अहम भूमिका निभाई तथा समाज में व्याप्त धार्मिक कुरीति बलि प्रथा को समाप्त कराने में उल्लेखनीय योगदान दिया। विधायक ने कहा कि उनके अधूरे कार्यों को पूरा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस सभा का संचालन पत्रकार संजय अथर्व एवं बी. पी. एन. ग्लोबल स्कूल के निदेशक नामित राजा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन हिमांशु शेखर ने किया। इस अवसर पर आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। चिकित्सा शिविर में डॉ. विश्वमूर्ति मिश्रा, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. अपराजिता कुमारी, डॉ. बी.डी. शर्मा, डॉ. कृतिका अग्रवाल, डॉ अनुराग कुमार, डॉ. मृत्युंजय कुमार, डॉ. गोपाल कृष्ण, डॉ. आनंद राज, डॉ. गजेन्द्र सिंह, डॉ. अमित नारायण रघु एवं डॉ. ऋचा कुमारी ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

# मिल्की ग्रामवासियों ने की पुराने बिजली तार बदलने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** प्रखंड के सरबहदा पंचायत अंतर्गत मिल्की ग्राम के वार्ड 14 में पुराने टूटे-फूटे गले तार लगे रहने से बिजली उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हमेशा बिजली की तार गिरने व अनहोनी होने का खतरा बना रहता है। भारतीय जनता पार्टी के युवा पंचायत अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि तार बदलने के संबंध में विद्युत अभियंता खिजरसराय एवं जिलाधिकारी गया को इस संबंध में दर्जनों हस्ताक्षर युक्त लिखित सूचना उपलब्ध कराई गई है तथा कई बार संजीव कुमार जीईई खिजरसराय एवं स्क्यूटिव अभियंता से दूरभाष पर संपर्क स्थापित किया गया। परंतु अब तक कार्य प्रगति पर नहीं आ सका है। यथावत स्थिति बनी हुई है। सिर्फ ताल मटोल की जा रही है। संबंधित अधिकारियों से अपील है कि समय रहते पुराने तार को बदलकर कॉपर तार से बदल दिया जाय ताकि कोई अनहोनी की समस्या खड़ी न हो जाय। मौके पर अर्जुन साव, रवि कुमार, राजू कुमार, रौशन कुमार, रवि कुमार, प्रिंस कुमार आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# विधायक फंड से बनी नाली टूटी, महीनों बाद भी नहीं हुई मरम्मत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के कोंच थाना रोड में विगत अक्टूबर माह में विधायक निधि से नाली निर्माण कार्य कराया गया था, लेकिन निर्माण के तीसरे ही दिन कोंच थाना गेट के पास करीब दो फीट नाली टूट गई थी। इसकी जानकारी तत्काल कार्य के अभिकर्ता विपिन शर्मा एवं संबंधित जेई को दी गई थी। आवेदक ग्राम कठौतिया निवासी उपेंद्र शर्मा ने बताया कि उन्होंने कई बार अभिकर्ता एवं जेई से नाली की मरम्मत कराने का अनुरोध किया, लेकिन केवल यह कहकर टाल दिया गया कि कार्य अभी चल रहा है और बाद में ठीक कर दिया जाएगा। बावजूद इसके आज तक नाली की मरम्मत नहीं कराई गई। उन्होंने बताया कि उनका मकान भी कोंच थाना रोड में स्थित है। वर्तमान में नाली टूटकर करीब छह फीट तक क्षतिग्रस्त हो चुकी है और उसमें कचरा भर जाने के कारण जल निकासी पूरी तरह से बाधित हो गई है। इससे आसपास जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो रही है। पीड़ित ने पत्रकारों के माध्यम से प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि इस मामले को जिम्मेदारीपूर्वक प्रकाशित किया जाए। ताकि दोषी संवेदक पर कार्रवाई हो और नाली निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जा सके।


**AFFIDAVIT**

I, A VIJAY KUMAR, son of Devmuni Prasad, resident of Village-Paraseya Kala, Post- Semary, P.S.- Dawath, Parsiya Kalen, Semri, Rohtas, Bihar-802211, Presently residing at Khoja Imli, Post & P.S.-PhulwariSharif, Dist.-Patna, Bihar-801505 do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That my Aadhaar Card No.- xxxx xxxx 2154 and PAN No. is xxxxx 2330E.
2. That I am posted as an A.S.I. (Assistant sub-Inspector) at A.S.G, Patna in C.I.S.F. Department.
3. That the spelling of my name is written in my above Aadhaar Card and PAN Card as 'A VIJAY KUMAR'. But the spelling of my name is written in my Service records as 'A VIJAYA KUMAR'.
4. That I further declare, 'A VIJAY KUMAR' and 'A VIJAYA KUMAR' is the same and one person.
5. That I am swearing this affidavit regarding my pension.
6. That the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief.

I would be self-responsible for this affidavit.

DEPONENT
VIJAY KUMAR

**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(जिला वाहन कोषांग)

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन–2025

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सभी वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि बिहार विधान सभा आम निर्वाचन–2025 के अवसर पर सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र यथा (219–गोह, 220–ओबरा, 221–नबीनगर, 222–कुटुम्बा, 223–औरंगाबाद एवं 224–रफीगंज) में चुनाव कार्य में प्रयुक्त वाहनों का लॉगबुक विज्ञापन प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर जिला परिवहन कार्यालय, औरंगाबाद में अनिवार्य रूप से जमा कर दें। ताकि वाहनों का अंतिम मुआवजा भुगतान ससमय किया जा सकें।

नोडल पदाधिकारी,
जिला वाहन कोषांग–सह–
जिला परिवहन पदाधिकारी, औरंगाबाद

PR. No. 021789 (Election) 2025-26

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

**अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।**

संपादकीय

# शहरी स्वच्छता खिताब की बंद सीमाएं

शहरी विकास मंत्रालय का हर साल होने वाला 'स्वच्छता सर्वेक्षण' मुख्यतः कचरा प्रबंधन, डोर-टू-डोर कलेक्शन और खुले में शौच पर केंद्रित है। यह सर्वेक्षण जल गुणवत्ता या पाइपलाइन रखरखाव की गहन जांच नहीं करता। इंदौर ने स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार वेस्ट प्लस और वाटर प्लस प्रमाणन पाए, लेकिन 'कैग' रिपोर्ट से 65% पानी की बर्बादी, लीकेज में देरी और स्टाफ की कमी उजागर हुई। पेय जल सर्वेक्षण 2023 के नतीजे जारी ही नहीं हुए, जो चेतावनी दे सकते थे। 'कैग' ने 2019 में चेताया कि स्रोत पर पानी साफ होने पर भी वितरण तक दूषित हो जाता है, इसका कारण 'लीक डिटेक्शन सिस्टम' न होने से। लेकिन, शिकायतें महीनों नजरअंदाज रहीं। भागीरथपुरा की घटना के बाद ही निगम आयुक्त हटाए गए और इंजीनियर सस्पेंड हुए। हाईकोर्ट ने प्रतिक्रिया को 'असंवेदनशील' बताया, जबकि 72 वार्डों में दूषित पानी की शिकायतें लगातार मिलती रही। विपक्ष (कांग्रेस) ने इसे राजनीतिक हथियार बनाया, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मेयर पुष्यमित्र भर्गव के इस्तीफे और 1 करोड़ मुआवजे की मांग की। भाजपा पार्षदों ने भी अफसरों पर इल्जाम लगाया कि फोन नहीं उठाते। घटना ने 'ट्रिपल इंजन' सरकार की नाकामी उजागर की, राज्यव्यापी ऑडिट की मांग उठी। यह बात सही है कि इस घटना से इंदौर की वैश्विक साख को ठेस लगी, निवेशकों का भरोसा डगमगाया। गिलेन-बारे सिंड्रोम जैसे जटिल रोगों से इलाज महंगा पड़ा। इस घटना से सबक मिला कि स्वच्छता रैंकिंग को व्यापक बनाएं, जिसमें जल सुरक्षा शामिल हो। नियमित ऑडिट, एएमसी लीक मरम्मत के लिए अनिवार्य करें। भविष्य में ऐसी विडंबना रोकने के लिए एकीकृत जल प्रबंधन जरूरी है। इंदौर की सफाई नीतियां सतही सफाई पर सफल रहीं, लेकिन भागीरथपुरा संकट ने जल गुणवत्ता, रखरखाव और सर्वेक्षण की गहरी खामियां उजागर कीं। स्वच्छ सर्वेक्षण कचरा प्रबंधन पर केंद्रित होने से पेयजल सुरक्षा नजरअंदाज रही। स्वच्छ सर्वेक्षण दृश्यमान संकेतकों जैसे डोर-टू-डोर कलेक्शन, खुले शौच पर 100% स्कोर देता है। लेकिन, पेयजल गुणवत्ता या पाइप लाइन रखरखाव की जांच नहीं करता। पेय जल सर्वेक्षण 2023 (16 करोड़ खर्च) के नतीजे जारी न होने से चेतावनी दब गई। वाटर प्लस प्रमाणन अपशिष्ट जल ट्रीटमेंट पर था। लेकिन, वितरण पाइप लाइनों में सीवेज मिश्रण रोकने का कोई सख्त तंत्र न था। 'कैग' ने 4481 खराब जल नमूनों पर कार्रवाई न होने और बोरवेल टेस्टिंग की कमी बताई। 23 ओवरहेड टैंकों में सफाई व बायोलॉजिकल टेस्टिंग नहीं हुई और शिकायतें महीनों अनदेखी रहीं। 'अमृत योजना' में पाइप लाइनें साथ बिछाने से लीकेज बढ़ा। इस घटना से यह सबक मिला कि नीतियों को जल सुरक्षा से जोड़ा जाना जरूरी है। नियमित ऑडिट भी अनिवार्य करना भी सबक है। एनएचआरसी ने शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की कमी रेखांकित की। इंदौर शहर स्वच्छता में देश में नंबर वन है, पर इसके ग्रामीण हिस्से जलप्रदूषण की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। यहां औद्योगिक और शहरी अपशिष्ट एक साथ ग्रामीण धाराओं में मिलते हैं। खजूरी, बेटमा और राऊ बेल्ट में जलाशयों के पास बड़ी मात्रा में प्लास्टिक और नालियों का पानी सीधे पोखरों में जा रहा है। स्थानीय पंचायतों में तकनीकी सक्षम कर्मियों की कमी की वजह से जल गुणवत्ता की नियमित जांच नहीं हो पाती। पिपलियाहाना क्षेत्र के एक सामाजिक संगठन के अनुसार, इंदौर का शहरी मॉडल तभी सफल होगा जब उसका ग्रामीण बेल्ट भी स्वच्छ जल तक पहुँच पाएगा। इस बारे में पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्थिति केवल प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता की कमी का दुष्परिणाम भी है। स्वच्छ पानी केवल सरकारी परियोजना से नहीं, बल्कि नागरिक भागीदारी से संभव है। भूजल का प्रदूषण किसी एक साल की देन नहीं है। दशकों से चले आ रहे अपशिष्ट प्रबंधन की विफलता और रासायनिक खेती का असर अब जल स्रोतों में दिख रहा है।

# स्वतंत्रता का अधिकार यानी विदेश यात्रा की आजादी

**हमारे संवैधानिक ढांचे में स्वतंत्रता राज्य का कोई उपहार नहीं है, बल्कि यह उसका पहला दायित्व है। कानून के अधीन, किसी नागरिक की घूमने, यात्रा करने, आजीविका और अवसर पाने की स्वतंत्रता भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटी का एक अनिवार्य हिस्सा है। जहां न्याय, सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था के हित में कानून ऐसा प्रावधान करता है वहां उस स्वतंत्रता को विनियमित या प्रतिबंधित किया जा सकता है। हालांकि, ऐसा प्रतिबंध सीमित होना चाहिए। जब प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों को कठोर बाधाओं में बदल दिया जाता है, या अस्थायी अक्षमताओं को अनिश्चितकालीन बहिष्कार में बदलने दिया जाता है तो राज्य की शक्ति और व्यक्ति की गरिमा के बीच संतुलन बिगड़ जाता है, और संविधान का वादा खतरे में पड़ जाता है।**

**विनय झैलावत**

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में अपने एवं महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि आपराधिक कार्यवाही के लंबित होने का इस्तेमाल पासपोर्ट के नवीनीकरण पर अनिश्चितकालीन रोक लगाने के लिए नहीं किया जा सकता। खासकर जब सक्षम आपराधिक अदालतों ने विदेश यात्रा पर नियंत्रण रखते हुए ऐसे रिन्यूअल की इजाजत दी हो। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की खंडपीठ ने एक व्यापारी महेश कुमार अग्रवाल द्वारा दायर अपील मंजूर करते हुए विदेश मंत्रालय और क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, कोलकाता को उनका सामान्य पासपोर्ट दस साल की सामान्य अवधि के लिए फिर से जारी करने का निर्देश दिया। खंडपीठ ने कलकत्ता उच्च न्यायालय का फैसला रद्द करते हुए कहा कि इस न्यायालय ने कई फैसलों में बार-बार कहा है कि विदेश यात्रा का अधिकार और पासपोर्ट रखने का अधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार के पहलू हैं। उस अधिकार पर कोई भी प्रतिबंध निष्पक्ष, न्यायसंगत और उचित होना चाहिए। इसका एक वैध उद्देश्य के साथ एक तर्कसंगत संबंध होना चाहिए।

उच्च न्यायालय ने केवल राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण अधिनियम, 2008 और गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम, 1967 के तहत उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही लंबित होने के कारण अपीलकर्ता के पासपोर्ट के नवीनीकरण से इंकार कर दिया था। खंडपीठ ने कहा कि स्वतंत्रता नियम है, प्रतिबंध अपवाद। खंडपीठ ने कहा कि अनुच्छेद 21 के तहत स्वतंत्रता राज्य का कोई उपहार नहीं है, बल्कि यह उसका पहला दायित्व है। साथ ही कहा कि किसी नागरिक की घूमने, यात्रा करने, आजीविका और अवसर पाने की स्वतंत्रता अनुच्छेद 21 का एक अनिवार्य हिस्सा है। कोई भी प्रतिबंध सीमित, आनुपातिक और स्पष्ट रूप से कानून में निहित होना चाहिए। न्यायालय ने चेतावनी दी कि प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों को कठोर बाधाओं में नहीं बदला जाना चाहिए, या अस्थायी अक्षमताओं को अनिश्चितकालीन बहिष्कार में बदलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।



हमारे संवैधानिक ढांचे में स्वतंत्रता राज्य का कोई उपहार नहीं है, बल्कि यह उसका पहला दायित्व है। कानून के अधीन, किसी नागरिक की घूमने, यात्रा करने, आजीविका और अवसर पाने की स्वतंत्रता भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटी का एक अनिवार्य हिस्सा है। जहां न्याय, सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था के हित में कानून ऐसा प्रावधान करता है वहां उस स्वतंत्रता को विनियमित या प्रतिबंधित किया जा सकता है। हालांकि, ऐसा प्रतिबंध सीमित होना चाहिए। जब प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों को कठोर बाधाओं में बदल दिया जाता है, या अस्थायी अक्षमताओं को अनिश्चितकालीन बहिष्कार में बदलने दिया जाता है तो राज्य की शक्ति और व्यक्ति की गरिमा के बीच संतुलन बिगड़ जाता है, और संविधान का वादा खतरे में पड़ जाता है।

अपीलकर्ता का पासपोर्ट अगस्त 2023 में समाप्त हो गया था। हालांकि रांची में आपराधिक न्यायालय और दिल्ली उच्च न्यायालय (जहां सजा के खिलाफ उसकी अपील लंबित है) दोनों ने नवीनीकरण के लिए आपत्ति नहीं का आदेश दिया था। लेकिन, उन्होंने कड़ी शर्तें लगाई। न्यायालय की शर्त थी कि पहले से अनुमति के बिना विदेश यात्रा नहीं कर सकता है। रांची न्यायालय ने नवीनीकृत किए गए पासपोर्ट को अपने पास दोबारा जमा करने का आदेश भी दिया। इन न्यायिक अनुमतियों के बावजूद, पासपोर्ट अथॉरिटी ने पासपोर्ट अधिनियम, 1967 की धारा 6(2)(एफ) के तहत रोक का हवाला देते हुए नवीनीकरण से इंकार कर दिया। यह आपराधिक कार्यवाही लंबित होने पर इनकार करना अनिवार्य बनाता है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने इस इंकार को सही ठहराया। कानून की व्याख्या करते हुए कहा कि जब तक आपराधिक अदालत का आदेश किसी विशेष विदेश यात्रा के लिए अनुमति नहीं देता, तब तक यह रोक पूरी तरह से लागू रहेगी।

सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालय का दृष्टिकोण गलत पाते हुए कहा गया कि पासपोर्ट अधिनियम, 1967 की धारा 6(2)(एफ) का एकमात्र उद्देश्य आरोपी की अदालत में उपलब्धता सुनिश्चित करना है, न कि स्थायी अक्षमता थोपना। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि पासपोर्ट अधिनियम की धारा 6(2)(एफ) कोई पूर्ण रोक नहीं है। इसे धारा 22 और छूट अधिसूचना जीएसआर 570(ई) के साथ पढ़ा जाना चाहिए। फैसले में कहा गया कि 'दोनों न्यायालयों ने धारा 6(2)(एफ) को तब तक पूरी तरह से रोक माना है, जब तक कोई क्रिमिनल कार्यवाही चल रही है, बिना धारा 22 और जीएसआर 570(ई) के तहत कानूनी छूट के मैकेनिज्म को पूरी तरह से लागू किए है। उन्होंने इस बात को ठीक से नहीं समझा कि जो फौजदारी न्यायालय असल में अपीलकर्ता के मामलों को देख रहे हैं, उन्होंने नवीनीकरण की इजाजत दी है। साथ ही किसी भी विदेश यात्रा पर कड़ा कंट्रोल भी रखा है। उन्होंने असल में एक सीमित पाबंदी को, जो किसी आरोपी की मौजूदगी पक्का करने के लिए बनाई गई, एक विधिक पासपोर्ट रखने में लगभग स्थायी विकलांगता में बदल दिया, भले ही खुद फौजदारी न्यायालय ऐसी विकलांगता को जरूरी न मानते हों।'

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि धारा 6(2)(एफ) और धारा 10(3)(ई) के पीछे असली मकसद यह पक्का करना है कि फौजदारी कार्यवाही का सामना करने वाला व्यक्ति फौजदारी न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में रहे। यह मकसद इस मामले में रांची का न्यायालय और दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई शर्तों से पूरी तरह से पूरा होता है, जिसमें अपीलकर्ता को किसी भी विदेश यात्रा से पहले पहले से इजाजत लेने की जरूरत होती है। फौजदारी मामले में नवीनीकरण के तुरंत बाद पासपोर्ट दोबारा जमा करना होता है। इन सुरक्षा उपायों में एक नवीनीकृत किए गए पासपोर्ट को भी अनिश्चित काल के लिए मना करना, जबकि दोनों फौजदारी न्यायालय ने जानबूझकर नवीनीकरण की इजाजत दी है, अपीलकर्ता की आजादी पर एक असंगत और अनुचित पाबंदी होगी।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि इस अनुमान के डर से नवीनीकरण से मना करना कि अपीलकर्ता पासपोर्ट का गलत इस्तेमाल कर सकता है, असल में फौजदारी न्यायालय के जोखिम के आकलन पर सवाल उठाना है और पासपोर्ट अथॉरिटी के लिए एक सुपरवाइजर की भूमिका मान लेना है जो कानून में नहीं है। पासपोर्ट जब्त या नवीनीकरण के मौलिक अधिकारों की चर्चा मेनका गांधी बनाम भारत के बिना अपूर्ण है। मेनका गांधी बनाम भारत संघ का ऐतिहासिक मामला संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को बरकरार रखता है। यह मामला तब शुरू हुआ जब याचिकाकर्ता का पासपोर्ट, पासपोर्ट अधिनियम के तहत अधिकारियों द्वारा जब्त कर लिया गया था। पासपोर्ट की इस गैरकानूनी जब्ती के परिणामस्वरूप सर्वोच्च न्यायालय के सात न्यायाधीशों के पैनल ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया था। सर्वोच्च न्यायालय के ये महत्वपूर्ण फैसले यूपीएससी पाठ्यक्रम के अहम हिस्से हैं। मेनका गांधी मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए 'मील का पत्थर' फैसले की विवेचना अगले स्तंभ में करेंगे।

अध्यात्म

## धैर्य की पराकाष्ठा



बाल गंगाधर तिलक भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी थे पर साथ ही साथ वे अद्वितीय कीर्तनकार, तत्वचिंतक, गणितज्ञ, धर्म प्रवर्तक और दार्शनिक भी थे। हिंदुस्तान में राजकीय असंतोष मचाने वाले इस करारी और निग्रही महापुरुष को अंग्रेज़ सरकार ने मंडाले के कारागृह में छह साल के लिए भेज दिया। यहीं से उनके तत्व चिंतन का प्रारंभ हुआ। दुख और यातना सहते-सहते शरीर को व्याधियों ने घेर लिया था। ऐसे में ही उन्हें अपने पत्नी के मृत्यु की ख़बर मिली। उन्होंने अपने घर एक खत लिखा - 'आपका तार मिला। मन को धक्का तो ज़रूर लगा है। हमेशा आए हुए संकटों का सामना मैंने धैर्य के साथ किया है। लेकिन इस ख़बर से मैं थोड़ा उदास ज़रूर हो गया हूँ। हम हिंदू लोग मानते हैं कि पति से पहले पत्नी को मृत्यु आती है तो वह भाग्यवान है, उसके साथ भी ऐसे ही हुआ है। उसकी मृत्यु के समय मैं वहाँ उसके क़रीब नहीं था इसका मुझे बहुत अफ़सोस है। होनी को कौन टाल सकता है? परंतु मैं अपने दुख भरे विचार सुनाकर आप सबको और दुखी करना नहीं चाहता। मेरी ग़ैरमौजूदगी में बच्चों को ज़्यादा दुख होना स्वाभाविक है। उन्हें मेरा संदेशा पहुँचा दीजिए कि जो होना था वह हो चुका है। इस दुख से अपनी और किसी तरह की हानि न होने दें, पढ़ने में ध्यान दें, विद्या ग्रहण करने में कोई कसर ना छोड़ें। मेरे माता पिता के देहांत के समय मैं उनसे भी कम उम्र का था। संकटों की वजह से ही स्वावलंबन सीखने में सहायता मिलती है। दुख करने में समय का दुरुपयोग होता है। जो हुआ है उस परिस्थिति का धीरज का सामना करें। '

अत्यंत कष्ट के समय पर भी पत्नी के निधन का समाचार एक कठिन परीक्षा के समान था। किंतु बाल गंगाधर तिलक ने अपना धीरज न खोते हुए परिवार वालों को धैर्य बँधाया व इस परीक्षा को सफलता से पार किया। जीवन भर उन्होंने कर्मयोग का चिंतन किया था वो ऐसे ही तो नहीं! 'गीता' जैसे तात्विक और अलौकिक ग्रंथ पर आधारित 'गीता रहस्य' उन्होंने इसी मंडाले के कारागृह में लिखा था।

# कैसे हल हो भारत में दूषित जल की समस्या?

**आंकड़े बताते हैं कि पश्चिमी देशों के अनुभव काफी उपयोगी साबित हुए हैं। स्विट्जरलैंड में शहरी जल उपचार की गुणवत्ता सर्वोच्च है और विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वहां का नल का पानी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। वे अपशिष्ट जल को पुनर्चक्रित करते हैं, जो कई देशों में अपनाया जाता है। यूरोप में 'ब्लू रिवोल्यूशन' रणनीति कुशल उपयोग, अपशिष्ट कमी और पारिस्थितिक संतुलन पर जोर देती है। प्रबंधित एक्विफर रिचार्ज (एम.ए.आर.) जैसी विधियां अपनाई जाती हैं, जिसमें नदी तलों को समायोजित करना, बैंक फिल्ट्रेशन, सतही पानी का वितरण और रिचार्ज कुओं का उपयोग शामिल है।**

**विनीत नारायण**

भारत, जो दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है, आज दूषित जल के एक गंभीर संकट से जूझ रहा है। हाल के वर्षों में, विशेष रूप से 2025-2026 में, नल के दूषित पानी से 5,500 से अधिक लोग बीमार हुए और 26 शहरों में 34 मौतें हुईं। ये आंकड़े न केवल चौंकाने वाले हैं, बल्कि एक बड़ी राष्ट्रीय समस्या की ओर इशारा करते हैं। भारत की प्रमुख नदियां, जैसे गंगा और यमुना, औद्योगिक अपशिष्ट, अनुपचारित सीवेज और कृषि अपवाह से बुरी तरह प्रदूषित हैं। विश्व जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों में से 120वें स्थान पर है और लगभग 70 प्रतिशत भूजल स्रोत दूषित हैं।

दूषित जल की समस्या भारत में बहुआयामी है। मुख्य कारणों में अनुपचारित सीवेज सबसे बड़ा है, जो नदियों और भूजल को प्रदूषित करता है। इसके अलावा, कृषि से निकलने वाले कीटनाशक और उर्वरक तथा उद्योगों से निकलने वाले रसायन, जैसे भारी धातु और विषाक्त पदार्थ जल स्रोतों को नष्ट कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, कपड़ा और चमड़ा उद्योगों से निकलने वाला अपशिष्ट कई नदियों को प्रभावित कर रहा है। 163 मिलियन भारतीयों के पास सुरक्षित पेयजल की पहुंच नहीं है और 21 प्रतिशत संक्रामक रोग जल से संबंधित हैं। हाल ही में इंदौर और अन्य शहरों के घटनाक्रमों ने इस समस्या को और उजागर किया है। यह असंगति सरकार की पारदर्शिता पर सवाल उठाती है।

पूरे देश में टाइफाइड जैसे रोग फैल रहे हैं, जो दूषित पानी से जुड़े हैं। आर्थिक रूप से, यह संकट उत्पादकता को प्रभावित करता है, क्योंकि बीमारियां कार्यबल को कमजोर करती हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से, यह जैव विविधता को भी नुकसान पहुंचाता है और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को बढ़ाता है। सरकार की उदासीनता इस समस्या का एक प्रमुख कारण है। केंद्र सरकार पर आरोप है कि वह स्वच्छ जल और स्वच्छ हवा प्रदान करने में विफल रही है। विपक्ष के अनुसार मुख्य कारणों में कमी नियमों की है, जिनमें अत्यधिक निजीकरण, सरकारी भ्रष्टाचार और सामान्य उपेक्षा शामिल हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार चुनावी वादे जैसे 'हर घर जल' योजना लागू तो हुई, लेकिन गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया। भ्रष्टाचार के कारण फंड का दुरुपयोग होता है और स्थानीय स्तर पर बुनियादी ढांचा अभी भी पुराना है। सीवेज और पेयजल लाइनों की मिश्रण जैसी समस्याएं आम हैं। राष्ट्रीय स्तर पर, जल गुणवत्ता 2025-26 में एक प्रमुख चुनौती है लेकिन इस गंभीर चुनौती को कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सी.एस.आर.) को स्थानांतरित करने की बजाय सरकार को अधिक सक्रिय होना चाहिए। यह उदासीनता न केवल स्वास्थ्य संकट पैदा करती है, बल्कि सामाजिक असमानता को भी बढ़ाती है, क्योंकि इससे गरीब तबके के लोग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। दूषित जल की समस्या का समाधान संभव है, यदि बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया जाए। सबसे पहले, स्रोत पर प्रदूषण को रोकना जरूरी है। उद्योगों को अपशिष्ट उपचार संयंत्र स्थापित करने के लिए बाध्य किया जाए। कृषि में जैविक खेती को प्रोत्साहित करें, ताकि रसायनों का अपवाह कम हो। सीवेज उपचार को 100 प्रतिशत बनाना चाहिए, जो वर्तमान में अपर्याप्त है।




आंकड़े बताते हैं कि पश्चिमी देशों के अनुभव काफी उपयोगी साबित हुए हैं। स्विट्जरलैंड में शहरी जल उपचार की गुणवत्ता सर्वोच्च है और विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वहां का नल का पानी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। वे अपशिष्ट जल को पुनर्चक्रित करते हैं, जो कई देशों में अपनाया जाता है। यूरोप में 'ब्लू रिवोल्यूशन' रणनीति कुशल उपयोग, अपशिष्ट कमी और पारिस्थितिक संतुलन पर जोर देती है। प्रबंधित एक्विफर रिचार्ज (एम.ए.आर.) जैसी विधियां अपनाई जाती हैं, जिसमें नदी तलों को समायोजित करना, बैंक फिल्ट्रेशन, सतही पानी का वितरण और रिचार्ज कुओं का उपयोग शामिल है।

वहीं अमरीका और यूरोप में मेम्ब्रेन सैपरेशन टैक्नोलॉजी, सोलर वाटर डिसइंफैक्शन (एस.ओ.डी.आई.एस.) और सिरेमिक फिल्ट्रेशन जैसी तकनीकें आम हैं। यूरोपीय संघ में जल बचत पर जोर है, विभिन्न क्षेत्रों में दक्षता बढ़ाने के लिए। काऊंसिल ऑफ यूरोपियन बैंक ने 16 देशों में जल और स्वच्छता परियोजनाओं में 1.8 बिलियन यूरो का निवेश किया है। प्रकृति-आधारित समाधान (एन.बी.एस.) यूरोप में जल प्रबंधन में उपयोगी हैं, जैसे वैटलैंड्स और वन क्षेत्रों का उपयोग फिल्टर के रूप में किया जाना। भारत को पश्चिमी अनुभवों से सीखते हुए उनके सफल उपायों को अपनाना चाहिए। स्थानीय समुदायों को शामिल करने पर भी जोर दिया जाए, नवीनतम तकनीकी का नवाचार करने पर भी जोर देने की आवश्यकता है। सरकारी तंत्र की पारदर्शिता बढ़ाए जाने की जरूरत है। सरकार राष्ट्रीय जल नीति को मजबूत करे, जिसमें जलवायु परिवर्तन को भी शामिल किया जाए, उदासीनता छोड़कर सक्रिय होना चाहिए, अन्यथा संकट और गहराएगा। स्वच्छ जल हर नागरिक का अधिकार है और इसे सुनिश्चित करना राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए।

## आज का कार्टून

आठ युद्ध रुकवाने के लिए मुझे तो नोबेल मिलना ही चाहिए: ट्रंप




## राशिफल

**मेष**
अचल सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन सराहनीय रहेगा। कानूनी मामलों में आपको सफलता मिल सकती है।

**वृषभ**
किसी नये प्रोजेक्ट्स में भागीदारी करनी पड़ेगी। नयी जॉब में समस्या आ सकती है। बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रखें।

**मिथुन**
सरकारी कार्यों में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिये। कार्यक्षेत्र में आपका मन नहीं लगेगा। आपको अपने खर्चों को कम करना पड़ेगा।

**कर्क**
सामाजिक संस्थाओं को आप अत्यधिक सहयोग दे सकते हैं। आप अत्यन्त ऊर्जावान महसूस करेंगे। आपको उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है।

**सिंह**
जीवनसाथी की सलाह से आपको लाभ होगा। प्रेम सम्बन्धों में तनाव की सम्भावना बन रही है। मांगलिक कार्यों की योजना बना सकते हैं।

**कन्या**
नौकरीपेशा लोगों को नयी जॉब का ऑफर मिल सकता है। आय की स्थिति बेहतर रहने वाली है। पति-पत्नी के बीच सम्बन्ध मधुर रहने वाले हैं।

**तुला**
मित्रों के साथ टकराव हो सकता है। ऑफिस के माहौल पर नजर बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में नयी तकनीकों का प्रयोग उचित नहीं होगा।

**वृश्चिक**
परिजनों के साथ सार्थक समय बितायेंगे। उच्च अधिकारियों के माध्यम से आपको लाभ मिलेगा। सबके सामने आपकी प्रशंसा भी होगी।

**धनु**
अपनी कार्यशैली में सन्देह न करें। आज आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। जिसके लिये शायद आप तैयार न हों। नयी सम्पति खरीदना चाह रहे हैं तो दिन बहुत शुभ है।

**मकर**
जीवनसाथी के साथ थोड़ी नोक-झोंक हो सकती है। यदि आप किसी जिम्मेदार पद पर हैं तो आपके पास आज दोहरी जिम्मेदारी रहेगी। आपको अपनी उत्तेजना पर नियन्त्रण रखना चाहिये।

**कुंभ**
धन सम्बन्धी मामलों को लेकर सावधानी रखें। आप बच्चों के भविष्य को लेकर चिन्तित रहेंगे। पुरानी उलझनों में आप दोबारा उलझ सकते हैं।

**मीन**
बिगड़ी हुयी बात या डील को आप समझदारी से सम्भाल लेंगे। किसी प्रोजेक्ट में आ रही आर्थिक बाधा दूर होगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आपको शानदार सफलता मिल सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### गरिमा लोहिया ने बाढ़ एसडीएम का पद संभाला



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के एसडीएम के रूप में चर्चित एआईआर सेकंड रैंक प्राप्त आईएएस गरिमा लोहिया ने मंगलवार को अपना पद संभाल लिया। इस दौरान निर्वतमान एसडीएम आशीष कुमार मौजूद थे जिनका तबादला मोतिहारी नगर आयुक्त के पद पर हुआ है । नए एसडीएम ने क्षेत्र में बेहतर प्रशासन उपलब्ध कराने का भरोसा दिया है। इस मौके पर पंडारक बीडीओ सह प्रशिक्षु आईएएस बिगनेस सिंह आदि मौजूद रहे। कुछ ही महीने में बाढ़ एसडीएम के पद पर तीसरे अधिकारी की नियुक्ति की गई है।

### दूसरे दिन भी निकाला जहरीला सांप

**बाढ़ /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कचहरी गंगा घाट स्थित बाल शनि धाम मंदिर के पिछ वाली जमीन से दूसरे दिन भी जहरीले सांप निकला जिसे मुख्य पुजारी बाबा शिव मुनि जी महाराज ने एक बाल्टी में उठाकर रखा है। अभी तक सांप की पहचान नहीं हो पाई है। कुछ लोग उसे अजगर बता रहे हैं तो कुछ लोग रसल्स वाइपर सांप को देखने के लिए भी इकट्ठा हो गई। उन्हें पुजारी ने बताया कि इस जीव जंतु से मंदिर को कोई खतरा नहीं आज तक किसी को भी खतरा नहीं पहुंचा है वन विभाग को यह सांप हवाले कर दिया जाएगा।

### दूसरे दिन भी लाखों लीटर पानी होता रहा बर्बाद



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मलाही गांव स्थित प्रखंड कार्यालय के सामने सोमवार के दिन सड़क चौड़ीकरण के दौरान जेसीबी मशीन से मिट्टी खोदाई के समय पीएचडी विभाग के पाइप लाइन को क्षति पहुंचाने के चलते पाइप से पानी बाहर आने लगा पहले तो यह पानी फगवाड़ा जैसा सड़क पर आने जाने वाले यात्रियों को परेशान किया और अब यह पानी पूरे इलाके में सड़क किनारे भाकर स्थानीय दुकानदारों की परेशानी बढ़ा दी है। 24 घंटे गुजर जाने के बावजूद भी ना तो पीएचडी विभाग से ठीक किया और ना ही नगर परिषद में इस पर संज्ञान लिया प्रशासनिक पदाधिकारी के कार्यालय के सामने इस तरह का नजारा सड़क से होकर गुजरने वाले वाहन और पैदल यात्रियों के लिए संकट पैदा कर दिया है। मामले पर कोई भी पदाधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

### जल गोविंद निवासी की ट्रेन से गिरकर हुई मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जल गोविंद गांव निवासी कपिल देव प्रसाद के 35 वर्षीय पुत्र नरोत्तम कुमार की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई मृतक नरोत्तम कुमार 10 जनवरी की रात्रि विभूति एक्सप्रेस ट्रेन से सवार होकर बाढ़ आ रहा था तभी मोकामा और बाढ़ रेलवे स्टेशन के मेकरा कन्हैपुर गांव के पास ट्रेन से गिर गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। रेल पुलिस को जानकारी मिलने के बाद मोकामा रेल पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पहचान के लिए 72 घंटे तक अपने पास सुरक्षित रखा था परिजनों ने जब खोजबीन कर थक गया तो इसकी गुमशुदगी की लिखित शिकायत बाढ़ थाना में मंगलवार के दिन दर्ज कराया और फिर बाढ़ रेल पुलिस से सहायता मांगने पहुंचा रेल पुलिस ने पता करके बताया कि 2 दिन पूर्व मोकामा रेल थाना में एक अज्ञात लाश बरामद हुई है। परिजन जब मोकामा जाकर लाश की पहचान की तो लाश नरोत्तम का ही निकला। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मोकामा रेल थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि शव की पहचान कर ली गई है ।

### जाम के कारण वाहन रेंगते रहे





**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गांधी मैदान रोड के बीबीगंज व थाना मोड के पास जाम के कारण मंगलवार को पूरे दिन वाहन रेंगते रहे.जाम के कारण कई जगह जगह गाड़िया फंसती रही. जाम में एबुलेंस व स्कूली बस समेत आम लोगों का वाहन फंसे रहे है. परंतु जाम हटाने के लिए कही पर पुलिस के जवान नजर नही आये. चंद मिनट की दूरी तय करने में घंटे भर लग गए. बस पडाव से तकियापर जाने में एक घंटे समय लग जा रहा है. हाल ही नप व छावनी परिषद प्रशासन द्वारा सडक किनारे से अतिक्रमण हटाया गया था. इसके बाद भी सडक पर जाम लगा रहा है. इस मार्ग में यातायात सुचारू रूप से संचालन करने के लिए यातायात पुलिस और नही स्थानीय पुलिस भी नजर नही आती है. जिससे ई रिक्शा समेत अन्य वाहनों मनमानी ढंग से परिचालन करते है और नो इंट्री में भी सडक किनारे वाहन खड कर दे रहे. जिससे सडक जाम लगा रहा है.
441

### स्टैंड शुल्क के विवाद को लेकर ट्रैक्टर चालक और ठेकेदार के बीच हुई मारपीट



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को मनेर जमीरगंज, बाजार पर के पास स्टैंड शुल्क के विवाद को लेकर आलू लोड ट्रैक्टर चालको व ठेकेदार के लोगों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना से अफरा तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर जब पुलिस पहुंची तो एक मामला सामने आया कि एक ही नंबर के दो ट्रैक्टर पकड़े गए। इस मामले में फर्जी नंबर वाले ट्रैक्टर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फर्जी नंबर वाले ट्रैक्टर पर भी कंप्यूटराइज पनचिग नंबर लगा हुआ था। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह आलू लेकर मनेर जमीरगंज, बाजारपर स्थित थोक मंडी में पहुंचने वाला ट्रैक्टर चालको से स्टैंड के ठेकेदारों एवं उनके लोगों द्वारा वसूली को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद में जमकर मारपीट हुई। मारपीट के सूचना के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो लगभग 10 ट्रैक्टर खड़े थे। जिसमें से दो ट्रैक्टरों का एक ही नंबर पाया गया और दोनों ही ट्रैक्टर पर कंप्यूटराइज पंचिंग नंबर लगा था। जिसके बाद पुलिस में दोनों ट्रैक्टर को पकड़ कर थाने लाई और जिसमें एक ट्रैक्टर को जांच में सही पाया। इसके बाद जो गलत नंबर वाले ट्रैक्टर था, उसके चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ट्रैक्टर को जब्त कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### चार घंटा बताकर 9 घंटे बंद रही बिजली आपूर्ति

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र में रविवार को मेंटेनेंस के लिए चार घंटा के बदले 9 घंटा तक बिजली आपूर्ति बंद रही। जिसके कारण शहरी समेत ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को कई घंटे अंधेरे में रहना पड़ा। और काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। बता दे कि रामनगर ग्रीड में 11 बजे से लेकर दोपहर तीन तक बिजली विभाग के अधिकारियों ने मेगा ब्लॉक लेकर मेंटेनेंस का काम शुरू किया था लेकिन जब तीन बजे तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई। काफी इंतजार के बाद जब अधिकारियो से संपर्क की गया तो संध्या 6 बजे आपूर्ति बहाल करने का आश्वाशन दिया गया, लेकिन उसके बाद भी बिजली आपूर्ति नहीं हुई। करीब 8 बजे बिजली आपूर्ति बहाल की गई। जिसके कारण घंटो शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहा। इनवर्टर समेत तमाम उपकरण भी बंद हो गया। इस संदर्भ में जेई गौतम कुमार ने बताया कि रामनगर ग्रीड में मेंटेनेंस का काम किया जा रहा था। ससमय काम पूरा करने के लिए कर्मी लगे थे लेकिन थोड़ा विलंब हुआ। जैसे ही रामनगर से बिजली आपूर्ति हुई वैसे ही तमाम फीडरों में बिजली आपूर्ति बहाल की गई।

### सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल, बेतिया रेफर

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सहोदरा मुख्य मार्ग में नुनिया टोला के समीप दो बाइक की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान शिकारपुर गांव निवासी मोहम्मद कैश और मोहम्मद अख्तर के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पहुचीं डायल 112 की पुलिस व ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को प्राथमिक उपचार के लिये अनुमंडल अस्पताल में लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बेतिया जीएमसीएच रेफर कर दिया गया।

# कृषि अनुसंधान परिसर में एक दिवसीय सहभागी बीज उत्पादन कार्यशाला का आयोजन







**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में दिनांक 13 जनवरी, 2026 को एक दिवसीय सहभागी बीज उत्पादन कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बामेती, पटना द्वारा प्रायोजित था। कार्यशाला में बिहार के छह विभिन्न जिलों- गया, पटना, वैशाली, नालंदा, भोजपुर एवं जहानाबाद से आए किसानों एवं प्रसार कर्मियों सहित कुल 24 प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुआ, तत्पश्चात दीप प्रज्वलन एवं आईसीएआर गीत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने कृषि में गुणवत्तापूर्ण बीज की निर्णायक भूमिका पर प्रकाश डाला तथा सहभागी बीज उत्पादन को बीज प्रणाली को सुदृढ़ करने का एक प्रभावी माध्यम बताया। उन्होंने किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर भी बल दिया, जिससे फसल उत्पादन एवं किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे संस्थान के तकनीकी सहयोग से बीज उत्पादन कार्य को अपनाएं। इससे पूर्व, कार्यक्रम के आयोजन सचिव एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संतोष कुमार ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला की विषयवस्तु एवं उद्देश्यों से अवगत कराया। उन्होंने बीज उत्पादन में सहभागी दृष्टिकोण के महत्व पर विशेष बल दिया। डॉ. आशुतोष उपाध्याय, प्रभागाध्यक्ष, भूमि एवं जल प्रबंधन ने सहभागी बीज उत्पादन की सफलता एवं गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन के लिए प्रभावी भूमि एवं जल प्रबंधन को आवश्यक बताया। डॉ. संजीव कुमार, प्रभागाध्यक्ष, फसल अनुसंधान ने 'आत्मनिर्भर किसान' की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कृषि उत्पादकता में वृद्धि एवं सतत कृषि सुनिश्चित करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बीज की अनिवार्यता पर बल दिया। डॉ. उज्ज्वल कुमार, प्रभागाध्यक्ष, सामाजिक-आर्थिक एवं प्रसार ने बीज विपणन एवं प्रभावी वितरण प्रणाली के महत्व को रेखांकित किया तथा कहा कि गुणवत्तापूर्ण बीज की समय पर उपलब्धता किसानों द्वारा उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों को अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यशाला का समापन परस्पर संवादात्मक चर्चा एवं प्रक्षेत्र भ्रमण के साथ हुआ, जिससे प्रतिभागियों की सहभागी बीज उत्पादन प्रक्रिया तथा कृषि विकास में इसकी भूमिका के प्रति समझ और अधिक सुदृढ़ हुई।

## युवा शक्ति से विकसित भारत बनायेंगे : प्रेम कुमार



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से पटना में युवा संवाद का आयोजन किया गया. मौके पर उपस्थित फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि भारत विश्व का युवा देश है .युवा शक्ति से नया सवेरा लायेंगे है संकल्प की विकसित भारत बनायेगे. युवाओं के पास असीम ताकत हाथों में डिग्रियां मन मे कुछ कर दिखाने की अवसर है लेकिन अबसर नगण्य है. फाउंडेशन हर पंचायत में युवा विकाश केंद्र खोलकर युवाओ को कैरियर मार्गदर्शन करेगा साथ कौशल विकाश का प्रशिक्षित का शिविर आयोजित करेगा. आज हजारों युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत बटेर पालन, बकरी पालन, गाय पालन, मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, जैविक खाद निर्माण, जैम जैली, अचार, पापड़, अगरबती, मोमबत्ती, रेडिमेड कपड़ा , खिलौना बनाकर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे है.

## दानापुर को जलजमाव से मुक्त कराना पहली प्राथमिकता: मंत्री राम कृपाल यादव

### काम में कोताही करने वाले पदाधिकारी नपेंगे : रामकृपाल यादव





**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कृषि भवन में दानापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जल-जमाव, सड़कों की स्थिति, पेयजल आपूर्ति तथा अन्य विभिन्न चालू योजनाओं एवं आगामी वित्तीय वर्ष में प्रस्तावित योजनाओं को लेकर दानापुर के संबंधित पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की. मंत्री ने कहा कि दानापुर को जल जमाव से मुक्ति दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता है. 250 करोड़ की 34 किमी लंबी बड़े नाला का निर्माण कार्य चल रहा है. बुडको को आदेश दिया कि मार्च के पहले सभी योजनाओं को पूर्ण कर लिया जाए. नहीं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी. मंत्री ने बिस्कुट फैक्ट्री रोड, गोला रोड चौड़ीकरण, और रूपसपुर नहर रोड के चौड़ीकरण के काम में भी तेजी लाने का निर्देश दिया. मंत्री ने कहा कि पटना नगर निगम के वार्ड संख्या 3 में पांच बड़े नालों का निर्माण किया जाना है. जिसका डीपीआर बनाया जा रहा है. खगौल नगर परिषद में सम्राट अशोक भवन तथा मोती चौक के पास वेंडिंग जोन बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है. मंत्री ने कहा कि अगले हफ्ते सभी अधिकारियों के साथ दानापुर और खगौल नगर परिषद में किए जा रहे नाला निर्माण की योजनाओं का स्थल निरीक्षण करेंगे. इस बैठक में नूतन राजधानी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी, पटना नगर निगम, नगर परिषद् दानापुर व नगर परिषद् खगौल के कार्यपालक पदाधिकारी, बुडको पटना पश्चिम के परियोजना पदाधिकारी तथा दिल्ली मेट्रो पटना के परियोजना प्रबंधक भी उपस्थित थे.

## मकर संक्रांति पर बाजारों में रौनक, फुलवारी शरीफ से अनीसाबाद तक उमड़ी खरीदारों की भीड़



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मकर संक्रांति के अवसर पर पटना के फुलवारी शरीफ, बेऊर जानीपुर, परसा बाजार, संपतचक, गौरीचक, रामकृष्ण नगर और अनीसाबाद इलाकों में खरीदारी को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला. पर्व से पहले और पर्व के दिन बाजारों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और देर शाम तक चहल-पहल बनी रही. सुबह से ही इन इलाकों के प्रमुख बाजारों, चौक-चौराहों और सड़कों के किनारे सजी अस्थायी दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही शुरू हो गई. दही, चूड़ा, तिल, गुड़, लाई, मिठाइयों, फल-सब्जियों और पूजा सामग्री की दुकानों पर सबसे अधिक भीड़ देखी गई. महिलाओं और बच्चों की मौजूदगी से बाजारों की रौनक और बढ़ गई. ठंड के बावजूद लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी. दिन में धूप निकलने से खरीदारी में लोगों को काफी सहूलियत मिली. दुकानदारों के अनुसार इस बार मकर संक्रांति को लेकर बिक्री बेहतर रही और सुबह से शाम तक दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही. ग्रामीण इलाकों से आए लोग भी फुलवारी शरीफ, परसा बाजार और संपतचक के बाजारों में खरीदारी करते नजर आए. वहीं बेऊर जानीपुर, रामकृष्ण नगर, गौरीचक और अनीसाबाद में स्थानीय बाजारों के साथ-साथ सड़कों के किनारे लगी दुकानों पर भी जमकर खरीदारी हुई. पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला. परिवार के साथ बाजार पहुंचे लोग एक-दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते नजर आए. कुल मिलाकर मकर संक्रांति ने क्षेत्र के बाजारों में रौनक और उल्लास का माहौल बना दिया.

## सुबह-शाम कनकनी, दिन में धूप से राहत, मकर संक्रांति पर भी ठंड का असर बरकरार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में मकर संक्रांति के मौके पर दिन के समय धूप निकलने से लोगों को ठंड से आंशिक राहत मिली, लेकिन सुबह और शाम के समय कनकनी का एहसास लगातार बना हुआ है. मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल ठंड से पूरी तरह राहत के आसार नहीं हैं और आने वाले कुछ दिनों तक यही स्थिति बनी रहने की संभावना है. सोमवार को प्रदेश के अधिकतम तापमान में 5.6 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई. राज्य का अधिकतम तापमान 20.6 से 27.0 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 4.6 से 11.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया. मौसम विभाग का कहना है कि अगले चार दिनों तक तापमान में किसी तरह के बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. आंकड़ों के अनुसार राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस किशनगंज में दर्ज किया गया।

## पंचायत सरकार भवन में चल रहे निर्माण कार्य की सूची दीवाल पर चिपकाए जाने की उठने लगी मांग

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के ग्रामीण अब सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी के लिए सरकार से निवेदन करते नजर आ रहे हैं कि पंचायत में चल रहे विकास का चाहे वह किसी भी योजना की हो उसकी जानकारी पंचायत सरकार भवन में डिस्प्ले बोर्ड पर चिपकाई जाए ताकि ग्रामीणों को पंचायत में चल रहे विकास कार्य,उनका योजना का नाम, विकास की राशि, संवेदक का नाम सहित चिपकाए जाने से ग्रामीणों को यह जानकारी हो पाएगी की पंचायत में वित्तीय वर्ष में कौन-कौन से कम हुए। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत के जनप्रतिनिधि किसी भी प्रकार के विकास कार्य की जानकारी नहीं देते हैं और कुछ कार्य तो कागज पर ही हो जाता है। ऐसे में पंचायत सरकार भवन से पूर्ण जानकारी मिलने पर उसकी गुणवत्ता और काम पूरा होने या अधूरा होने की जानकारी आम ग्रामीणों को सुगमता से मिल जाएगी और काम की गुणवत्ता भी बरकरार रहेगी। चुकी प्रखंड कार्यालय या फिर अनुमंडल कार्यालय से आम ग्रामीणों को विकास योजना की सूची इकट्ठा करना एक कठिन काम है। इसके लिए पदाधिकारी लगातार ग्रामीण को टहलाते रह जाते हैं। पंचायत सरकार भवन में जानकारी उपलब्ध होने से ग्रामीणों को जानकारी और सूचना के लिए भाग दौड़ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि पंचायत सरकार भवन कई पंचायत में शोभा की वस्तु बन कर रह गई है। सिर्फ भवन देखने को हैं लेकिन वहां सरकारी कामकाज कुछ भी नहीं होता है। ऐसे में सरकार को इस पर कठोरता पूर्वक पंचायत सरकार भवन में कामकाज करने पर जोर दिया जाए।

## तक्षशिला कॉलेज में खेल सप्ताह का समापन, सत्तार मेमोरियल कॉलेज ने जीती क्रिकेट ट्रॉफी



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तक्षशिला कॉलेज ऑफ एजुकेशन, फुलवारी शरीफ, पटना में आयोजित खेल सप्ताह के अंतिम दिन अंतर महाविद्यालय क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया. इस टूनार्मेंट में इस्लामिया टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, फुलवारी शरीफ, पटना और सत्तार मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, फुलवारी शरीफ, पटना की टीमों ने भाग लिया. फाइनल मैच तक्षशिला कॉलेज ऑफ एजुकेशन और सत्तार मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बीच खेला गया. बेहद रोमांचक मुकाबले में सत्तार मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और अंतर महाविद्यालय क्रिकेट टूनार्मेंट की ट्रॉफी अपने नाम कर ली. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सत्तार मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह और इस्लामिया टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य आर. के. अरुण उपस्थित रहे. दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना को बनाए रखने का संदेश देते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं. तक्षशिला कॉलेज ऑफ एजुकेशन के डायरेक्टर इकबाल एहसन ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि इन खिलाड़ियों से भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा सकती है. वहीं कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सवीता सिन्हा ने स्वागत भाषण में अतिथियों और सभी टीमों का स्वागत किया तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की. इस अवसर पर कॉलेज के छात्र, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं अन्य स्टाफ बड़ी संख्या में मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया. खेल सप्ताह के समापन के साथ ही कॉलेज परिसर में खेल और अनुशासन के महत्व को लेकर सकारात्मक संदेश देखने को मिला.

## बिहटा में नाबालिग लड़की ने की आत्महत्या, घर में फंदे से लटक कर दी जान, जांच में जुटी पुलिस



**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहटा थानाक्षेत्र के कृष्णा नगर के वार्ड 9 में एक किराए के मकान में एक नाबालिक बच्ची ने आत्महत्या कर ली। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवार में मातम छा गया ।मृतक का परिवार मूल रूप से भोजपुर जिला का रहने वाला है। इधर घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस एवं ऋछ टीम को दी गई है।जहां ऋछ की टीम मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।मृतक बच्ची की पहचान सृष्टि कुमारी पिता त्रिपाठी सिंह कृष्णगढ़ जिला भोजपुर की रहने वाली है । मृतक बच्चे की मां ने बताया कि ढेर माह पहले हम लोग बिहटा में रहने के लिए आए थे और कल देररात्रि सभी लोग एक साथ सोने चले गए सुबह जब 9:00 बजे उठा तो देखा कि मेरी बेटी दूसरे रूम में फांसी लगा ली है जिसे नीचे उतर गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी स्थानीय लोगों ने पुलिस की सूचना दी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घटना को लेकर थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा जानकारी मिली है प्रथम दृष्टि आत्महत्या का मामला सामने आ रहा है हालांकि घटना का पीछे कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है घटना स्थल पर एफएसएल की टीम जांच कर रही है।

## मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर गंगा आरती में उमड़े श्रद्धालु



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संस्कृति गंगा समग्र की ओर से मकर संक्रांति के पूर्व संध्या पर रामजीचक स्कूल रोड घाट पर गंगा आरती देखने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान गंगा पूजन किया और गंगा घाट पर 11 हजार दीपों से गंगा घाट जगमगा उठा. गंगा नदी तट से ऊपर तक जहां तक नजर जा रही थी, श्रद्धालु ही श्रद्धालु थे. संध्या 5.30 बजे घंटाल और शंखध्वनि के बीच आरती शुरू हुई. इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने-अपने मोबाइल की रोशनी जला ली. एक तरफ गंगा नदी की आरती हो रही थी, दूसरी ओर से पूरा वातावरण मोबाइल की रोशनी से जगमग हो उठा. ऐसा लग रहा था मानो गगन के सितारे इसका स्वागत कर रहे हों. बनारस के ग्यारह पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ गंगा की आरती की. जहां श्रद्धालुओं की हजारों आंखें भक्ति में टिक गयीं. इसके साथ ही समिति की ओर से आयोजित एक दिवसीय गंगा आरती का समापन हो गया.

**गंगा नदी को स्वच्छ रखने के लिए आगे आएं-राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान**

मुख्य अतिथि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने गंगा नदी को स्वच्छ और जीवंत रखने की लोगों से अपील की. उन्होंने कहा कि हमारी सांस्कृतिक , यात्रा और हमारी जीवन भी गंगा नदी पर आधारित है. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय उत्थान का काम कर रहे है. उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में विकसित देश है, वह नदी के किनारे बसे हुए है. जीवन नदियों पर आधारित है और सांस्कृतिक और सभ्यता के साथ गंगा पर आधारित है. उन्होंने कहा कि जीवन दानी है गंगा को स्वच्छ बनाने के लिए आम लोगों से अपील किया है. उन्होंने कहा कि सभी अपने समय का छोटा-छोटा हिस्सा देकर गंगा नदी को साफ रखने में मदद करें. उन्होंने कहा कि स्वच्छ रखने के लिए. मौके पर पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद , कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ,पूर्व विधायक आशा सिन्हा , गंगा समग्र के रमा शंकर सिंन्हा, उमेश कुमार , कार्यक्रम संयोजक रोशन कुमार सिंह , शंभुनाथ पाण्डेय , प्रीति कुमारी,विजेंद्र कुमार , जदयू पटना महानगर उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, नप उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि राजनाथ उर्फ राजू जायसवाल, भाजपा नेता विनय मेहता , शंकर सिंह, विजय भोटी, उदय सिंह , पार्षद प्रतिनिधि विजेंद्र कुमार समेत कार्यकर्ता मौजूद थे.

## चोरी के 10 मोबाइल के साथ चोर और खरीदार गिरफ्तार, फुलवारी शरीफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारी शरीफ थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी के मोबाइल के साथ एक चोर और एक खरीदार को गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार खगौल लख क्षेत्र से एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर फुलवारी शरीफ थाना अंतर्गत ब्लॉक गेट के सामने स्थित पटना पुस्तक केंद्र से रिषभ कुमार, उम्र 24 वर्ष, पिता प्रमोद कुमार, निवासी उत्तरी संगत, थाना फुलवारी शरीफ, जिला पटना को चोरी के 10 मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया.

## पैक्स प्रबंधक के चयन हेतू विज्ञापन

**बैरियाप्रखंड के पखनाहा डुमरिया पैक्स में पैक्स प्रबंधक के चयन हेतू स्नातक पास कम्प्यूटर योग्यताधारी योग्य एवं पात्र इच्छुक आवेदकों से दिनांक 27जनवरी 26 से 31 जनवरी 26 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है। विशेष जानकारी के लिए पखनाहा डुमरिया पंचायत के पैक्स कार्यालय पर अध्यक्ष से संपर्क किया जा सकता है।**

**दिनेश कुमार कुशवाहा**
अध्यक्ष, पखनाहा डुमरिया पैक्स,
बैरिया प.चंपारण

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व जनप्रतिनिधि के नाम पर बनेगी सड़क

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)** प्रखंड के श्रीपुर पंचायत के श्रीपुर कसवा स्थित पंचायत सरकार भवन गांधी सभागार में पंचायत विकास समिति की बैठक का आयोजन किया गया.जिसकी अध्यक्षता उदय जायसवाल द्वारा किया गया.बैठक में पैक्स गोदाम सरकारी विद्यालय पथ को पंचायत के पूर्व जनप्रतिनिधियों के नाम से सड़क का निर्माण कराए जाने का निर्णय लिया गया.उक्त सड़क को सरपंच रामअयोध्या प्रसाद,कमला कुंवर,अजय प्रसाद सेवा सदन के निजी कोष से कराने की बात कही गई.जिसमें पूर्व जनप्रतिनिधियों में रामबरन सिंह,बाबूलाल सिंह,रमाकांत शर्मा, रामअयोध्या प्रसाद,नागेंद्र साह,हदीश मियां,पन्नालाल साह, जंगवीर ठाकुर,रूपन साह,रिंकू देवी,सोनी सिंह आदि के नामों से सड़क का निर्माण कार्य कराया जाएगा.बैठक के दौरान श्री जायसवाल ने कहा कि सड़क का नाम सरपंच मुखिया पथ रखा गया है,जिसका उद्घाटन पूर्व सरपंच रामअयोध्या प्रसाद द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया जाएगा.अवसर पर सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित रहें।

### बनकटवा में जप्त खाद का वितरण

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला कृषि पदाधिकारी के आदेश पर बनकटवा में जप्त खाद का वितरण किया गया खाद 24 दिसम्बर 2025 की रात कृषि पदाधिकारी जितना, झरोखर पुलिस तथा सैकड़ों एसएसबी द्वारा घेराबंदी कर अगरवा और रेगनिया गांव से पकड़ा था जप्त खाद को बनकटवा और बिजबनी पूर्वी पंचायत के पैक्स अध्यक्ष को जप्त 1956 बोरा यूरिया व फासफेटीक खाद को हवाले किया गया बड़ी संख्या में बनकटवा और अगरवा में खाद लेने के लिए किसानों की भीड़ लगी रही खाद के लिए लालायित किसानों लगातार शाम तक खाद के लिए लाइन में लगे रहे बनकटवा पैक्स के पास 850 बोरा खाद तथा अगरवा में 1156 बोरा खाद बताया गया दोनों जगह खाद वितरण के लिए अनुमंडल कृषि पदाधिकारी राजू गुप्ता, जिला कृषि समन्वयक दीपक कुमार मौके पर उपस्थित रहे देर शाम तक निर्धारित दर पर खाद का वितरण होता रहा।

### पहले फेज में 3255 किसानों का बना फॉर्मर आईडी

**7053 किसानों का हुआ ई केवाईसी**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** किसानो के लिए कृषि से संबंधित किसी भी प्रकार के लाभ के लिए फॉर्मर आईडी अनिवार्य कर दिया गया है। हालांकि फॉर्मर रजिस्ट्री को लेकर सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार पहले फेज का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस दौरान प्रखंड के 3255 किसानों का फॉर्मर रजिस्ट्री किया गया है। वही 7053 किसानों का ई केवाईसी भी किया गया है। बीएओ रोहित गौतम ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में सभी पंचायतों में कैंप लगाकर फॉर्मर आईडी बनाया गया है। पहला फेज 6 जनवरी से 9 जनवरी तक होना था हालांकि विभाग के निर्देश पर इसे बढ़ाकर 11 जनवरी तक किया गया। उन्होंने सभी किसानों से अपील किया है कि फॉर्मर आईडी सभी के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। जल्द ही दूसरे फेज के लिये भी रोस्टर जारी होगा। वही ई केवाईसी को लेकर कृषि कर्मियो को आवश्यक निर्देश दिया गया है।

### विधायक ने आदापुर प्रखंड कार्यालय का किया दौरा

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने आदापुर दौरे के बाद प्रखंड कार्यालय व अंचल कार्यालयों की औचक निरीक्षण मंगलवार के दिन किया, कार्यालय पहुंचने के बाद सभी विभागों में लम्बित फाईलों को शीघ्र निपटाने की हिदायत दी, उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को जनता तक पहुंचाने में आपका ही जरूरत है,जिससे आम जनता को परेशानी नहीं हो ,निरिक्षण के उपरांत वरीय पदाधिकारियों की एक समीक्षात्मक बैठक की आयोजन हुई जिसमें प्रखंड पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, राजस्व अधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी पंचायती राज पदाधिकारी, उक्त बैठक में शामिल हुए जिन्हें आम तौर पर बताया गया कि आने वाले फरियादीयो की समस्याओं को त्वरित करते हुए समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें, सिन्हा को शिकायत मिली थी कि अंचल कार्यालयों में पर्याप्त भ्रष्टाचार की बोल बाला है, जनता को अपने कामों के लिए प्रखण्ड का दौरा लगाना पड़ता है, जनहित की समस्याओं को प्राथमिकता दें और पारदर्शिता के साथ कार्य करें जिससे आमजनों में विश्वास बने, विधायक के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष लाल बाबू सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष नितेश पटेल,भरत सिंह, राजेश कुमार गुप्ता, किशोरी पटेल, धीरेन्द्र कुमार निराला,दसयी पासवान, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहें।

### रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनी

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एकमा के डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। यह दिवस महान विचारक, समाज सुधारक और युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा दिवस 2026 की थीम युवाओं का सशक्तिकरणः विकसित भारत की नींव पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर कॉलेज की सचिव इंजीनियर जयप्रकाश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करना तथा स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, आत्मनिर्भरता, चरित्र निर्माण व देशभक्ति जैसे मूल्य ही सशक्त और विकसित भारत की आधारशिला हैं। कार्यक्रम के दौरान स्वामी विवेकानंद के जीवन, उनके आदर्शों व युवाओं के प्रति उनके संदेशों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने युवाओं से आत्मविश्वास, अनुशासन व सकारात्मक सोच के साथ समाज व राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य मृत्युंजय मिश्रा, ट्रस्टी राजीव कुमार शर्मा, कंचन भारती, अनूप कुमार, अमित कुमार, अजीत कुमार, सुजीत कुमार, हरिशंकर सिंह, नागेंद्र कुमार सिंह, संतोष सिंह सहित कॉलेज के सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने व उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प व्यक्त किया। इसी क्रम में प्रखंड व नगर क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में स्वामी विवेकानंद की जयंती धूमधाम से मनाई गई।



### राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवा सम्मेलन आयोजित

**नगरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन अवसर के उपलक्ष्य में एक भव्य युवा सम्मेलन का आयोजन स्वामी विवेकानंद संघ आर्य नगर कोहबरवा में सफलतापूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ आर बी सिंह इंटर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नागेंद्र राय की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रामचन्द्र आर्य शिशु विद्यालय के छपरा चन्द्रशेखर कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, खबसी के प्राचार्य रामाधार कुमार, रामकृष्ण मिशन आश्रम छपरा के सचिव स्वामी अतिदेवानंद जी महाराज तथा कॉमर्स एवं साइंस कॉलेज, पटना के प्रोफेसर डॉ. वाल्मीकि कुमार मौजूद रहे।

# सारण के पांच सीएचसी बनेंगे मॉडल स्वास्थ्य केंद्र

## गांवों तक पहुंचेगी अत्याधुनिक इलाज सुविधा

**मुख्यमंत्री सात निश्चय-3 के तहत प्रथम चरण में पांच अस्पतालों का किया गया चयन**





**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और ग्रामीण क्षेत्रों में मरीजों को आधुनिक व गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री सात निश्चयझपार्ट 3 योजना के तहत सारण जिले के पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) को मॉडल स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रथम चरण में दरियापुर, दिघवारा, अमनौर, मांझी और परसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का चयन किया गया है। इन सीएचसी को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर इस तरह विकसित किया जाएगा कि अब गंभीर बीमारियों के इलाज और बड़े ऑपरेशन के लिए मरीजों को जिला मुख्यालय या बड़े शहरों की ओर रुख न करना पड़े। गांव और प्रखंड स्तर पर ही बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही प्रसूति शल्य कक्ष (मातृ एवं स्त्री रोग ऑपरेशन थिएटर) को भी मॉडल स्वरूप दिया जाएगा।

**गैप असेस्मेंट के आधार पर होगा विकासः**

योजना के क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारी चयनित अस्पतालों का गैप असेस्मेंट कर रहे हैं। इसके तहत अस्पतालों में उपलब्ध भवन, चिकित्सा उपकरण, विशेषज्ञ चिकित्सक, पारा मेडिकल स्टाफ और अन्य संसाधनों की स्थिति का आकलन किया जा रहा है। आकलन के बाद जो भी कमी पाई जाएगी, उसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। आवश्यक उपकरणों की आपूर्ति के साथ-साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों और प्रशिक्षित पारा मेडिकल कर्मियों की पदस्थापना सुनिश्चित की जाएगी।

**मॉडल प्रसव कक्ष और ऑपरेशन थिएटर का निर्माण**

जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम अरविन्द कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री सात निश्चयझपार्ट 3 योजना के अंतर्गत चयनित सीएचसी में प्रसव कक्ष, मातृ एवं स्त्री रोग ऑपरेशन थिएटर तथा जनरल व इमरजेंसी ऑपरेशन थिएटर को अत्याधुनिक बनाया जाएगा। लेबर रूम में ऑटोक्लेव, शैडोलेस लैंप, एलईडी स्पॉट लाइट, सक्शन मशीन, सिरिंज पंप, फीटल डॉप्लर, फोटोथेरेपी यूनिट, रेडिएंट वार्मर, मल्टी पैरामीटर मॉनिटर, एलडीआर बेड, क्रैश कार्ट सहित सभी आवश्यक उपकरण लगाए जाएंगे। इससे सुरक्षित प्रसव के साथ नवजात शिशुओं की बेहतर देखभाल संभव हो सकेगी।

**स्त्री रोग और जनरल ओटी में मिलेंगी आधुनिक सुविधाएंः**

मातृ एवं स्त्री रोग ऑपरेशन थिएटर में एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन, हाइड्रोलिक ऑपरेशन टेबल, डिफिब्रिलेटर, इलेक्ट्रो कॉटरी मशीन, ब्लड वार्मर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, हिस्टेरोस्कोपी जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वहीं जनरल व इमरजेंसी ऑपरेशन थिएटर में भी सभी आवश्यक जीवनरक्षक उपकरण लगाए जाएंगे, ताकि आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी इलाज किया जा सके।

**ग्रामीण मरीजों को मिलेगा बड़ा लाभ**

सिविल सर्जन डॉ. राजकुमार चौधरी ने बताया कि इन मॉडल स्वास्थ्य केंद्रों के विकसित होने से ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को इलाज के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। प्रसव, ऑपरेशन और गंभीर बीमारियों का उपचार स्थानीय स्तर पर ही संभव होगा। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की दिशा में यह योजना अहम साबित होगी।

स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि सभी चयनित सीएचसी में जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर उन्हें जिले के लिए आदर्श मॉडल स्वास्थ्य केंद्र के रूप में स्थापित किया जाए, ताकि आमजन को सुलभ, सुरक्षित और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सांस्कृतिक एवं साहित्यिक परिषद, महाविद्यालयीन छात्र कार्य इकाई, मोतिहारी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। संगोष्ठी का विषय ह्लवैश्वीकरण के युग में स्वामी विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकताह्व रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने की। उन्होंने आभासी माध्यम से संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद के विचारों को आज के युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. प्रशून दत्त सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा स्वामी विवेकानंद की संघर्षपूर्ण जीवन-यात्रा और भारत की छवि को वैश्विक मंच पर स्थापित करने में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप में सामाजिक चिंतक एवं प्रांत प्रचारक श्रीमान रविशंकर जी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में स्वामी विवेकानंद के विचारों की समकालीन समाज और युवाओं के लिए प्रासंगिकता को गहराई से रेखांकित किया। कार्यक्रम में प्रो. शिरीष मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए स्वामी विवेकानंद के विचारों की महानता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के सह-संयोजक डॉ. अनुपम कुमार वर्मा, सहायक आचार्य, समाज कार्य विभाग रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# चौथे दिन भी नहीं थमी आयकर-ईडी की कार्रवाई

## मो. कलीम से जुड़े नेटवर्क पर कसता शिकंजा, रक्सौल में हलचल तेज



**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल में बड़े कारोबारी मो. कलिम से संबंधित मामलों की जांच अब निर्णायक मोड़ की ओर बढ़ती दिख रही है। आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की संयुक्त टीम चौथे दिन भी शहर और आसपास के इलाकों में लगातार छानबीन करती रही। लंबी अवधि से चल रही इस कार्रवाई ने पूरे व्यावसायिक जगत में बेचैनी बढ़ा दी है। सूत्रों के अनुसार जांच अब केवल प्रतिष्ठानों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि मो. कलिम से जुड़े लेन-देन, सहयोगियों और करीबी व्यक्तियों के आर्थिक रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं। बीके हीरो शोरूम, तनिष्क ज्वेलरी शोरूम और विष्णुपुरवा स्थित आवास के अलावा उनके एकाउंटेंट तथा बैंक रोड निवासी एक व्यक्ति के यहां भी दस्तावेजों की गहराई से पड़ताल की गई। जांच एजेंसियों की बढ़ती सक्रियता से संकेत मिल रहे हैं कि संदिग्ध लेन-देन और वित्तीय संबंधों की परतें धीरे-धीरे खुल रही हैं। खास तौर पर बैंक रोड़ स्थित एक आवास पर पड़े छापे के बाद उससे जुड़े मामलों पर एजेंसियों का फोकस बढ़ा है, जिससे आने वाले दिनों में जांच का दायरा और फैलने की संभावना जताई जा रही है। अब तक न तो आयकर विभाग और न ही ईडी ने किसी प्रकार की आधिकारिक जानकारी साझा की है। वहीं मो. कलिम की ओर से भी चुप्पी बनी हुई है। इस बीच शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म है और लोग छापेमारी के नतीजों को लेकर तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं।बताया जा रहा है कि यह पूरी कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति, कर अपवंचना और संदेहास्पद वित्तीय गतिविधियों से जुड़े पहलुओं की जांच के तहत की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही यह साफ हो सकेगा कि मामला किस दिशा में जाता है। फिलहाल प्रशासनिक एजेंसियां पूरी गोपनीयता और सख्ती के साथ अपने अभियान को आगे बढ़ा रही है।

# रक्सौल में सामाजिक एकता का संगम, रामबाबू यादव के आवास पर हजारों लोगों के साथ दही-चूड़ा-खिचड़ी महाभोज

## अतिक्रमण कार्रवाई के खिलाफ जनआंदोलन का आह्वान



**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मकर संक्रांति जैसे लोकआस्था और आपसी सौहार्द के महापर्व पर रक्सौल के लक्ष्मीपुर स्थित पूर्व विधान प्रत्याशी रामबाबू यादव के आवास पर सामाजिक एकता का भव्य और ऐतिहासिक दृश्य देखने को मिला। हर समाज, हर वर्ग और हर समुदाय के हजारों लोग एक साथ पंगत में बैठकर दही-चूड़ा-खिचड़ी का आनंद लेते नजर आए। यह आयोजन न केवल पर्व का उत्सव था, बल्कि भाईचारे और सामाजिक समरसता का सशक्त संदेश भी बन गया।महाभोज की विशेषता इसकी पारंपरिक व्यवस्था रही। चिवड़ा पश्चिमी चंपारण के चनपटिया से मंगाया गया, वहीं शुद्ध गुड़ भी चनपटिया से विशेष रूप से लाया गया। तिलकुट पटना और गया से मंगवाए गए, जिससे महाभोज में स्थानीय के साथ-साथ क्षेत्रीय परंपराओं का भी सुंदर संगम देखने को मिला। इस अवसर पर रामबाबू यादव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मकर संक्रांति का पर्व मिल-बैठकर खाने, सोचने और समाज को जोड़ने का पर्व है। लेकिन आज कड़ाके की ठंड के बीच गांव से लेकर शहर तक आम लोगों में भय का माहौल बना दिया गया है। अतिक्रमण के नाम पर वर्षों से बसे निर्दोष लोगों को उजाड़ा जा रहा है, जो लोकतंत्र की भावना के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि यह देश प्रजातंत्र है, राजतंत्र नहीं। जो लोग आजादी से पहले से अपने घर बनाकर रह रहे हैं, उन्हें अचानक बेदखल किया जाना किसी भी हालत में उचित नहीं है। रामबाबू यादव ने आरोप लगाया कि रक्सौल शहर में नोटिस देकर लोगों को डराया जा रहा है और इसके पीछे अवैध उगाही का खेल चल रहा है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र के विधायक और सांसद का घेराव करें, क्योंकि कानून जनता के हित के लिए बनता है, जनता को डराने के लिए नहीं। उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार इस ह्लकाले कानूनह्व को वापस नहीं लेती है तो बड़ा जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में यह मुद्दा तेजी से फैल रहा है और ऐसा न हो कि हालात नेपाल जैसी जनआक्रोश की स्थिति में पहुंच जाएं। कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब के अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा रामबाबू यादव को सम्मानित किया गया।महाभोज में बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें ध्रुव प्रसाद श्रीवास्तव, सरपंच लक्ष्मण चौरसिया, मुस्तजाब आलम, जिला परिषद सदस्य मोहम्मद नबिया, हसन अंसारी, कमरुद्दीन मंसूरी, सुनील कुशवाहा, संजय पांडे, नुरुल्लाह खान, हृदेश चौरसिया, सैफुल आजम, दीपक कुमार, नरूला खान, भूपेंद्र पांडे, ठाकुर जमा, राजेश चौरसिया, पवन कुमार, अबरार आलम, अशोक कुमार, पवन यादव, मनोज पासवान, रविंदर कुमार, वीर बहादुर यादव, लाल किशोर प्रसाद, गणेश झा, अनिल पान सहित कई प्रमुख नाम शामिल रहे।

# पश्चिम चंपारण को मिलेगा 150 करोड़ की विकास योजनाओं का तोहफा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के दौरान पश्चिम चंपारण जिले को लगभग 150 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात मिलने जा रही है। इस दौरान विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, समृद्धि यात्रा के अंतर्गत बड़ी योजनाओं का रूपरेखा अंतिम चरण में है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा बेतिया नगर के बड़ा रामना मैदान में कृषि यंत्रीकरण मेला आयोजित किए जाने की संभावना जताई जा रही है। वहीं, इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री और उनके साथ सभी विभागों के प्रधान सचिव जन संवाद कार्यक्रम के जरिए स्थानीय जनता से संवाद करेंगे। इस दौरान विकास कार्यों की हकीकत से भी लोगों को रूबरू कराया जाएगा। खास तौर से श्सात निश्चयश योजना के दूसरे और तीसरे चरण के तहत संचालित योजनाओं पर जोर दिया जाएगा।इसके साथ ही, मुख्यमंत्री आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिले प्रचंड जनादेश के बाद कार्यकताओं और मतदाताओं का आभार व्यक्त करेंगे। इसके अलावा, मुख्यमंत्री गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में जीविका दीदियों की समस्याओं से भी अवगत होंगे। अस्पतालों में निशुल्क दवाओं की उपलब्धता, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री सड़क संपर्क योजना, जन जीवन हरियाली योजना समेत एक दर्जन से अधिक योजनाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया जायेगा। कुल मिलाकर, मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा जिले में विकास के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में अहम कदम साबित होगी।

## पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन मेरी प्राथमिकता : आयुक्त काजले वैभव नितिन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** काजले वैभव नितिन ने आज बेतिया स्थित उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पश्चिम चंपारण का कार्यभार औपचारिक रूप से ग्रहण किया।कार्यभार ग्रहण करने के बाद, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण पश्चिम चंपारण के निदेशक अरुण प्रकाश बेतिया ने उन्हें एक बुके भेंट कर हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर जिला परिषद एवं ग्रामीण विकास अभिकरण के वरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी मौजूद थे।पदभार ग्रहण करने के बाद श्री काजले वैभव नितिन ने जिले में चल रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं, ग्रामीण विकास कार्यक्रमों और पंचायत स्तरीय कार्यों की संक्षिप्त समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन उनकी प्रमुख प्राथमिकता होगी। उनका उद्देश्य है कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए और इसके लिए अधिकारियों को आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।अधिकारियों ने काजले वैभव नितिन के नेतृत्व में जिले के विकास को नई दिशा और गति मिलने की उम्मीद जताई। उनकी कार्यशैली को लेकर अधिकारियों में उत्साह और सकारात्मकता देखने को मिली।श्री नितिन के मार्गदर्शन में जिले में विकास की नई राह पर अग्रसर होने की उम्मीद जताई जा रही है, और सभी अधिकारी इस दिशा में अपने योगदान को और प्रभावी बनाने के लिए तैयार हैं।

## बिजली चोरी में शहर के 19 लोगो पर प्राथमिकी

**नकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी व बड़े बकायेदारों पर लगातार करवाई कर रही है। इसी क्रम में नगर के विभिन्न वार्डो में विभाग द्वारा एक टीम गठित कर सघन छापामारी अभियान चलाया। इस करवाई में शहर के ब्लॉक रोड, पांडेयटोला, कचहरी रोड, नंदपुर, शिवगंज, हरदिया समेत अन्य इलाकों में 19 लोगों के यहां बिजली चोरी के मामले पकड़े गए। पकड़े गए सभी उपभोक्ताओं शहरी जेई गौतम कुमार द्वारा शिकारपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। जेई श्री कुमार ने बताया कि इस करवाई में 19 लोगो को पकड़ा गया है जिनके ऊपर नौ लाख 92 हजार 561 रुपए का बकाया व जुर्माना किया गया है।

# हम साथ समय के चलकर दिखाएंगे, हम संस्कृति के लिए विवेकानंद स्वयं बन जाएंगेः प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ




**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वामी विवेकानंद की जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर छपरा मंडल कारा परिसर में एक अत्यंत प्रेरणादायक, भावनात्मक व आत्ममंथन से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मंडल कारा में निरुद्ध युवाओं को आत्मचिंतन, आत्मबल, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक जीवन-दृष्टि से जोड़ना था। चूंकि मंडल कारा में अधिकांश बंदी युवा वर्ग से हैं, इसलिए यह आयोजन उनके जीवन में परिवर्तन और पुनर्निर्माण की दिशा में एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा। कार्यक्रम की शुरूआत प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ, सारण के कुमार शशि राज द्वारा प्रस्तुत प्रेरक गीतों से हुई। युवा वर्ग हम साथ समय के चलकर स्वयं दिखाएंगे, हम संस्कृति के लिए विवेकानंद स्वयं बन जाएंगे...। जैसे भावपूर्ण शब्दों ने पूरे वातावरण को ऊर्जा, संकल्प और सकारात्मकता से भर दिया। यह आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज (हरिद्वार) के तत्वावधान में प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ, सारण द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आर. एन. चौधरी, विकास कुमार सिंह, अभिनंदन कुमार, चंदन कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक दीपस्तंभ हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानंद का प्रसिद्ध संदेश- उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो!!को कारा में रह रहे युवाओं के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया। वक्ताओं ने कहा कि जीवन की परिस्थितियां चाहे जितनी कठिन क्यों न हों, यदि मन में दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच हो तो व्यक्ति अपने भविष्य को नई दिशा दे सकता है। उन्होंने युवाओं से आत्मगौरव, आत्मविश्वास और चरित्र निर्माण को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के कुंदन कुमार ने अपने संबोधन में युवाओं से अनुशासन, नैतिकता, आत्मसंयम और सेवा भाव को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि आत्मपरिवर्तन से ही समाज और राष्ट्र का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के दौरान स्वामी विवेकानंद के आदर्शों, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका, आत्मनिर्भरता और चरित्र निर्माण पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर कारा प्रशासन के अधिकारियों को सम्मान स्वरूप प्रेरक साहित्य भेंट किया गया। साथ ही बंदियों को नियमित गायत्री मंत्र जप, ध्यान और आत्मशुद्धि के माध्यम से सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित लोगों को देव स्थापना चित्र भेंट कर राष्ट्र निर्माण में युवाशक्ति की भूमिका को रेखांकित करते हुए युग निर्माण सत्संकल्प के साथ किया गया। यह आयोजन छपरा मंडल कारा में निरुद्ध युवाओं के लिए आशा, आत्मविश्वास और नवजीवन का सशक्त संदेश बनकर सामने आया।

## भाजपा की वीबीजीरामजी योजना पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा वीबीजीरामजी योजना को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन छपरा स्थित पार्टी के मुख्य कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने की। अध्यक्षीय संबोधन में रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि वीबीजीरामजी कार्यक्रम की विशेषताओं और लाभों को बूथ स्तर तक पहुँचाना सभी कार्यकताओं की जिम्मेदारी है, ताकि आमजन को योजना का वास्तविक और सीधा लाभ मिल सके। कार्यशाला के मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि तरैया विधायक जनक सिंह ने कहा कि मनरेगा में पूर्व से चली आ रही कई त्रुटियों को वीबीजीरामजी के माध्यम से दूर किया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग केवल नाम के आधार पर विरोध कर रहे हैं, जबकि यह योजना गरीबों और मजदूरों के हित में है। सोनपुर विधायक विनय कुमार सिंह ने कहा कि वीबीजीएरामजी से गरीबों और मजदूरों को अधिक रोजगार के अवसर मिलेंगे, काम की उपलब्धता बढ़ेगी और आय में भी वृद्धि होगी। इससे देश के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। छपरा विधायक छोटी कुमारी ने कहा कि इस योजना से मजदूरों और गरीबों को सीधे लाभ मिलेगा तथा भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगेगी। वीबीजीरामजी कार्यशाला के लिए जिला संयोजक पूर्व महामंत्री शत्रुघ्न भक्त तथा सह संयोजक जिला मंत्री अर्द्धेन्दु शेखर और राजीव कुमार सिंह को मनोनीत किया गया।

**खोया-पाया**

मैं, हृदय कुमार, पिता-श्री बालेश्वर प्रसाद, ग्राम-मखदुमपुर, पो.- खगौल, थाना- दानापुर, जिला-पटना का निवासी हूं. मैं अपने घर से गाड़ीखाना अपने दुकान से आ रहा था, साथ में मेरे पास जमीन कागजात (मदर डिड) संख्या-6807 दिनांक-13-12-1995, खाता नं.- 29, प्लौट नं.-1857, तौजी, नं.- 5225, थाना नं.- 41, लखनी विगहा का ऑरिजनल कॉपी साथ में था, जो कि खगौल गाड़ीखाना के रास्ते में कहीं गिर गया. बहुत खोजबीन किया किन्तु नहीं मिला. जिसका सनहा नंबर SDN-475/26 दिनांक-08/01/2026 है. किसी व्यक्ति को मिले तो कृपया संपर्क करें- मो.-9060063145.

# एआई रचनात्मक सोच को देता है नया आयाम

## एआई एवं जनरेटिव एआई के अंतरविषयक अनुप्रयोगों पर विशेष व्याख्यान आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्थानीय एस.एस. कॉलेज, के गणित विभाग द्वारा "अंतरविषयक अध्ययन में एआई एवं जनरेटिव एआई के अनुप्रयोग" विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत मंगलवार को द्वितीय व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। यह व्याख्यान श्रृंखला शिक्षण, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों की बढ़ती भूमिका को समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल के रूप में देखी जा रही है। इस अवसर पर प्रो. सुमन कुमार, निदेशक (ग्रेजुएट कोर्स) एवं प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग, ट्रॉय विश्वविद्यालय, अमेरिका, संसाधन व्यक्ति के रूप में उपस्थित रहे। अपने व्याख्यान में उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं जनरेटिव एआई की अवधारणाओं को सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में एआई केवल कंप्यूटर विज्ञान तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, शिक्षा, साहित्य, चिकित्सा, अपराध नियंत्रण एवं शोध जैसे विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक और क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है। प्रो. सुमन कुमार ने बताया कि अंतरविषयक अध्ययन में एआई का प्रयोग डेटा विश्लेषण, जटिल समस्याओं के समाधान, अनुसंधान की गुणवत्ता में वृद्धि तथा




शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, संवादात्मक एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने में सहायक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि जनरेटिव एआई रचनात्मक सोच को नया आयाम देता है तथा विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को नवाचार के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. दीपक कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि एआई एवं जनरेटिव एआई जैसी उभरती तकनीकें उच्च शिक्षा प्रणाली को नए स्वरूप में ढाल रही हैं। उन्होंने कहा कि अंतरविषयक अध्ययन आज के समय की अनिवार्यता है और ऐसे अकादमिक आयोजन विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्राचार्य महोदय ने गणित विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के नवाचार-आधारित कार्यक्रमों के आयोजन पर बल दिया। इस अवसर पर गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाश कुमार ने कहा कि एआई एवं जनरेटिव एआई जैसी उन्नत तकनीकें गणितीय चिंतन, तर्कशक्ति एवं विश्लेषणात्मक क्षमता को नई ऊंचाइयां प्रदान कर रही हैं। उन्होंने बताया कि अंतरविषयक अध्ययन के माध्यम से गणित का अन्य विषयों के साथ समन्वय विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ता है और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाता है।

# सोलर लाइट खराब होने से ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के पोखराहा पंचायत में लगाए गए मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर लाइट खराब होने के कारण ग्रामीणों को अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। सोलर लाइट लगाए जाने के बाद ग्रामीणों को उम्मीद थी कि गांव की गलियों और सार्वजनिक स्थलों पर रोशनी फैलेगी, लेकिन हकीकत इसके उलट नजर आ रही है। पंचायत में लगभग 50 से 60 सोलर लाइट लगाए गए हैं, जिनमें से करीब 30 से 40 सोलर लाइट से किसी प्रकार की रोशनी नहीं मिल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सोलर लाइट लगने के बाद कुछ ही दिनों तक रोशनी मिली, उसके बाद लाइटें बंद हो गईं। इसके बाद न तो किसी अधिकारी ने सुध ली और न ही संबंधित एजेंसी के लोग मरम्मत के लिए पहुंचे। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अभिषेक कुमार ने बताया कि सोलर लाइट के पोल पर खराबी की सूचना देने के लिए एक मोबाइल नंबर 7561992777 अंकित किया गया है, लेकिन उस नंबर पर कॉल करने पर स्विच ऑफ बताया जाता है। इससे स्पष्ट होता है कि केवल औपचारिकता निभाने के लिए गलत या निष्क्रिय नंबर लिखा गया है। ग्रामीणों ने इस समस्या की जानकारी संबंधित पदाधिकारियों को भी दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस संबंध में जब कृष्णनंदन पंडित से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस मामले में अब तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सोलर लाइट खराब रहने से गांव में रात के समय आवागमन में परेशानी हो रही है और सुरक्षा को लेकर भी लोगों में चिंता बढ़ गई है।

## एक नजर

### समाजसेवी के निधन पर शोक सभा

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज नगर पंचायत के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दिलीप उर्फ कारू प्रसाद के पिता, 80 वर्षीय प्रहलाद प्रसाद का बीमारी के कारण निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर नगर पंचायत परिसर में शोकसभा का आयोजन किया गया, जहां उपस्थित लोगों ने स्व. प्रहलाद प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। शोकसभा में नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा, थाना प्रभारी शंभू कुमार, पूर्व चेयरमैन डॉ. गुलाम साहिद, शंकर शौंडिक, हरेंद्र कुमार, योगेंद्र यादव, शोभा शर्मा, संजय चौरसिया, वार्ड पार्षद राजू मिश्र, नूरुल होदा खान, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मंत्री जी, मो. जसीम, अरुण कुमार, सूरज, राकेश कुमार, राजू गुप्ता, पवन प्रसाद, हरेंद्र सिंह, विनय खत्री, शंभू गुप्ता, फहद शाही सहित कई समाजसेवी, गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की।

### आरोपित गिरफ्तार भेजा गया जेल

**मखदुमपुर(जहानाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर हत्या के प्रयास का आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि टेहटा थाने में पूर्व में एक मामला दर्ज किया गया था जिसमे हवल्लीपुर गांव निवासी रवि कुमार फरार चल रहा था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा गया है। उसके विरुद्ध हत्या के प्रयास का आरोप है। इस मामले में अभियुक्त फरार चल रहा था।

### लॉकेट छीनने का आरोपित गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के मखदुमपुर थाना की पुलिस ने बच्चा के गला से सोने का लॉकेट छीनने का आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दिवाकर कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि मखदुमपुर बाजार स्थित लड़ौआ मोहल्ले का राजेश कुमार एक बच्चा के गला से सोने का लॉकेट छीन लिया था। जिनके परिजनों ने घटना की सूचना मखदुमपुर थाने को दी इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने राजेश कुमार की गिरफ्तारी की। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व भी राजेश कुमार स्कूल से आ रहे एक बच्चा के गले से लॉकेट छीन लिया था। जिसमें उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जेल से छूटने के बाद दोबारा उसने दूसरे बच्चे के गले से सोने का लॉकेट छीन लिया जिसमें उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### निःशुल्क आंख एवं कान जांच शिविर आयोजित, 252 लोगों की हुई जांच

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड अंतर्गत फिता बिगहा स्थित रज्जा पैलेस में रविवार को निःशुल्क आंख एवं कान जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. जे. आर. खान द्वारा कुल 252 मरीजों की आंख एवं कान की जांच की गई। जांच के दौरान अधिकतर मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए। चिकित्सकों द्वारा चिन्हित मरीजों का 19 जनवरी को गया में निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा, जबकि अन्य मरीजों को आवश्यक परामर्श एवं दवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर जिला बीस सूत्री सदस्य मोहम्मद ख्वाजा अतिक रज्जा ने बताया कि शिविर में चंद्रेहटा, फिता बिगहा, गोला पर, हाजीपुर, केरा प सहित आसपास के कई गांवों से लोग पहुंचे। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के स्वास्थ्य शिविर बेहद जरूरी हैं, जिससे जरूरतमंद लोगों को समय पर इलाज मिल सके। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जा सकें। शिविर के सफल आयोजन से क्षेत्र में सकारात्मक संदेश गया और स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की।

### फार्मर रजिस्ट्री व ई-केवाईसी कार्य का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**हसपुरा।** प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों व टोलों में फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी का कार्य तेजी से संचालित किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण अभियान में राजस्व कर्मचारी, प्रखंड कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, शिक्षा सेवक, बीटीएम, एटीएम तथा कार्यपालक सहायक सक्रिय रूप से लगे हुए हैं, ताकि अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण समय पर पूरा हो सके। इसी क्रम में हसपुरा डीह स्थित कार्यस्थल पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी एवं अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने पहुंचकर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों से प्रगति की जानकारी ली और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार बीडीओ एवं सीओ ने अमझर शरीफ, बाला बिगहा, अहियापुर, जैतपुर सहित दर्जनों गांवों का दौरा कर फार्मर रजिस्ट्री व ई-केवाईसी की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि हसपुरा प्रखंड में अब तक लगभग 25 प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी अपलोड की जा चुकी है। हालांकि, फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण के दौरान किसानों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### हत्या प्रयास सहित अन्य अपराधों में 31 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। अलग-अलग मामलों में 31 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत नौ अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में तीन, शराब कांड में 4 एवं अन्य शीर्ष कांड में 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 80 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। इसी क्रम में 28 वारंट का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1083 वाहनों की जांच की गई जिसमें 69500 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार जिले में मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार की देर शाम कार्रवाई के फलस्वरूप अलग-अलग थाना क्षेत्र से 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 9 लोगों को जेल भेजा गया है।

# गायत्री परिवार ने निशक्त जनों के बीच किया कम्बल वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में अखंड दीपक प्राकट्य शताब्दी एवं माता भगवती देवी शर्मा जी के जन्मशताब्दी वर्ष 2026 के एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में गायत्री शक्तिपीठ औरंगाबाद एवं गायत्री प्रज्ञापीठ गोह में कम्बल वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ स्वामी विवेकानंद जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।
जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अनुज कुमार सिंह ने बताया कि अगर हम समर्थ हैं तो इस भीषण ठंड में किसी का सहारा बन सकते हैं। एक कंबल, एक स्वेटर किसी की रात, किसी



की सांस और शायद किसी की जिंदगी बचा सकता है। ठंड से शरीर कांपता है लेकिन सहयोग करने से आत्मा गर्म होती है। इस भीषण ठंड में किसी के लिए हम सभी उसकी गर्माहट बन सकते हैं। अगर हम संवेदनशील हैं तो कुछ किए बिना मन नहीं मानेगा। मौके पर सासाराम उपजोन समन्वयक श्यामानंद शर्मा, पूर्व उपजोन समन्वयक नीरज सिंह, महिला ट्रस्टी विभा सिंह, महिला मंडल से सीमा सिंह, सुधा सिंह, गुड़िया कुमारी, शांति देवी, जिला समन्वयक नवनीत कुमार एवं गोह प्रज्ञापीठ के कृष्ण अग्रवाल, रामचंद्र साव, रामकिशोर सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, गोह थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह मौजूद रहे।

# आशा ऐप के माध्यम से क्षेत्र में जाकर सर्वे करने का मिला निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड में आशा दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में सभी आशा को एनिमिक एवं उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उसका लाइन लिस्ट बनाने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि ऐसे गर्भवती महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मखदुमपुर में लाकर प्रत्येक माह के 9, 15 एवं 21 तारीख का जांच करवाएं तथा डॉक्टर द्वारा दिये गए सलाह के अनुसार उपचार करवाने हेतु मरीजों को प्रेरित करें। साथ ही सभी आशा को बताया गया कि आशा एप के माध्यम से अब क्षेत्रो में जाकर सर्वे और डीयू लिस्ट को अधतन करना है। आगामी 10 फरबरी से होने वाली फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत दो वर्ष से ऊपर के सभी महिला एवं पुरुषों को एल्बेंडाजोल एवं डीइसी की गोली उम्र के हिसाब से अलग- अलग डोज खिलाने के लिए भी आशा को निर्देश दिया गया। साथ ही इसके लिए माइक्रोप्लानिंग कैसे करनी है इस संबंध में भी विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। गर्भवती महिला, दो वर्ष से कम उम्र के छोटे बच्चे, गंभीर रूप से बीमार लोगो को इसकी गोली नहीं खानी है इसके बारे विस्तार पूर्वक भी बताया गया।

### एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने न्यायालय द्वारा वारंट निर्गत के आलोक में हरिहरगंज धीरेंद्र राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि औरंगाबाद न्यायालय द्वारा निर्गत हुई थी उसी के आलोक में गांव से ही धीरेंद्र को हिरासत में लेकर औरंगाबाद न्यायालय में पेश किया गया।

# दो दिवसीय अम्बे महोत्सव की रूपरेखा तैयार

## 19 और 20 जनवरी को होगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** अम्बे महोत्सव का आयोजन जिला प्रशासन एवं सतबहिनी मंदिर न्यास समिति के संयुक्त तत्वाधान में 19 और 20 जनवरी को किया जाएगा। महोत्सव के आयोजन को लेकर मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियांशु बसु ने की। बैठक में न्यास समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं शामिल हुए। महोत्सव के आयोजन से संबंधित



पहलुओं पर विचार-विमर्श कर कार्यक्रमों का मिनट टू मिनट प्रारूप तैयार किया गया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रखंड स्तर के सभी मंदिरों एवं ऐतिहासिक स्थलों का डाक्यूमेंट्री फिल्म बनाई जाएगी। जिसके खर्च का वहन सतबहिनी मंदिर न्यास समिति करेगी। महोत्सव के दौरान आयोजित प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में प्रखंड क्षेत्र के बाहरी संगीत शिक्षकों को प्रतिनियुक्त किया जाएगा। बजट के अभाव में किसी भी कलाकार को प्रोत्साहन राशि नहीं दी जाएगी। मंदिर की सजावट, दीप यात्रा की सामग्री, मोमेंटो आदि उपलब्ध कराने के लिए न्यास समिति के सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी को अधिकृत किया गया।
दो दिवसीय में महोत्सव की रूपरेखा अम्बे महोत्सव का आगाज धार्मिक अनुष्ठान से किया जाएगा। 19 जनवरी की सुबह 8:15 बजे सतबहिनी मंदिर परिसर से कलश यात्रा और झांकी निकाली जाएगी। श्रद्धालु हरदत्ता गांव के समीप बटाने नदी के तट से जलभरी कर मंदिर परिसर लौटेंगे। दस बजे से रंगोली, चित्रकला, निबंध, प्रश्न मंच प्रतियोगिता तथा मंच उद्घाटन दोपहर एक बजे किया जाएगा। शाम चार बजे से स्थानीय स्कूलों के बच्चों की गायन प्रतियोगिता तथा 6:30 से बाहरी कलाकारों की प्रस्तुति होगी। वहीं महोत्सव के दूसरे दिन सुबह दस बजे से मौखिक प्रश्न मंच प्रतियोगिता, 12:15 से सतबहिनी मां पर आधारित गीत प्रतियोगिता, दो बजे से 2:30 बजे तक जिले में आयोजित विभिन्न महोत्सवों के दो - दो सदस्यों का सम्मान संगोष्ठी, शाम 5:30 बजे से स्थानीय विद्यालय के बच्चों का गीत एवं नृत्य प्रतियोगिता, संध्या छह बजे दीप यज्ञ तथा 6:30 से बाहरी कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

# बीइओ ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

## ऑनलाइन अटेंडेंस में शिक्षकों से मांगा स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण बीपीआरओ सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमर ने किया। इन्होंने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान मध्य विद्यालय पखनौर पहुंचा जहां 114 बच्चों का हाजिरी बनाया हुआ था लेकिन भौतिक रूप से 31 बच्चे ही विद्यालय में पाये गये। इससे प्रतीत होता है कि व्यक्तिगत लाभ के लिए ऐसा किया गया। वहीं राजकीय मध्य विद्यालय औरवां में शिक्षक अब्दुला सलाम बिना छुट्टी के अनुपस्थित हैं। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन अटेंडेंस जांच किया किया गया। रफीगंज प्रखंड में प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालयों की संख्या कुल 239 विद्यालय है। जिसमें 1700 शिक्षक पदस्थापित हैं। जिसमें ऑनलाइन अटेंडेंस में 1423 शिक्षक इन एवं आउट पाये गये। जबकि 277 शिक्षक इन एवं आउट दोनों में नहीं पाये गये। इन 277 शिक्षकों को स्पष्टीकरण किया गया है। संतोष जनक स्पष्टीकरण नहीं होने की स्थिति में वेतन की कटौती के साथ अनुशाशनिक कार्रवाई किया जायेगा। विद्यालय में लापरवाही बिल्कुल ही बर्दाश्त नहीं होगा।

# अकादमिक उन्मुखीकरण हेतु कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

औरंगाबाद। सीआरसी पीएमश्री प्लस टू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बसडीहा कला में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय मासिक अकादमिक उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला रोस्टर के अनुसार कक्षा चार एवं पांच में अध्यापन करने वाले शिक्षकों के लिए आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन विद्यालय के संरक्षक मो. अख्तर आलम तथा समन्वयक कौशल किशोर द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। उद्घाटन के बाद समन्वयक कौशल किशोर ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि इस तरह की कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में मौजूद अकादमिक चुनौतियों की पहचान करना तथा लक्ष्य आधारित परिणामों को बेहतर बनाने




में शिक्षकों को सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि आंकड़ा आधारित जानकारी उपलब्ध कराकर अधिगम प्रतिफल को सशक्त किया जा सकता है, साथ ही शिक्षकों के भीतर नवाचार की भावना को भी प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान अभियान गीत के माध्यम से शिक्षक चंद्रदीपराम ने जीवन में शिक्षा के महत्व को अत्यंत रोचक और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित शिक्षकों ने सराहा। कार्यशाला में शिक्षक अखिलेश कुमार भारती, फरहना कादरी, नाजिया प्रवीण तथा रूबी कुमरी ने विद्यालयों में संचालित शैक्षिक गतिविधियों पर अपने विचार साझा किए और अनुभवों के आधार पर सुझाव भी दिए। इस अवसर पर विद्यालय परिसर एवं सीआरसी अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों से शिक्षक एवं शिक्षिकाएं अनिता देवी, प्रमिला सिंह, सुषमा कुमारी, रंजना कुमारी, पायल कुमारी, मनीष कुमार मनी, संजय कुमार, अनुप कुमार, मनोज कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# उच्च विद्यालय ओबरा में विधायक का अभिनंदन, सेवानिवृत्त शिक्षक को विदाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** उच्च विद्यालय ओबरा में नवनिर्वाचित विधायक डॉक्टर प्रकाश चंद्रा के अभिनंदन समारोह के साथ विद्यालय के सेवानिवृत्त वरीय शिक्षक अजय शर्मा के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक बिंदेश्वर प्रसाद ने की, जबकि संचालन शिक्षक वीरबहादुर सिंह द्वारा किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय परिवार की ओर से नवनिर्वाचित विधायक डॉक्टर प्रकाश चंद्रा को अंगवस्त्र और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं सेवानिवृत्त वरीय शिक्षक अजय शर्मा को भी अंगवस्त्र और गुलदस्ता देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस



अवसर पर विधायक डॉक्टर प्रकाश चंद्रा और शिक्षक मनोज ने उपस्थित सभी लोगों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में विधायक डॉक्टर प्रकाश चंद्रा ने कहा कि शिक्षक से ही शिक्षा का विकास होता है और शिक्षा से बढ़कर कोई चीज नहीं है। उन्होंने छात्रों से शिक्षकों और अभिभावकों से प्रेरणा लेने की अपील करते हुए कहा कि पूर्व में संयुक्त परिवार की परंपरा के कारण शिक्षा और संस्कार मजबूत थे, जिसे फिर से अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अपने अभिभावकों से प्रेरणा लेकर ही वे आगे बढ़े और जनआशीर्वाद से विधायक बने। उन्होंने ओबरा विधानसभा क्षेत्र में प्रेरणादायी कार्य करने का संकल्प भी दोहराया। सेवानिवृत्त वरीय शिक्षक अजय शर्मा ने विद्यालय परिवार और नवनिर्वाचित विधायक को बधाई देते हुए नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और आशा जताई कि वे गांवों में शिक्षा की रोशनी फैलाने का कार्य करेंगे।

# सुपर बाजार समिति का छठा स्थापना दिवस धूमधाम से मना, विधायक प्रमोद कुमार सिंह रहे मुख्य अतिथि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के प्राणपुर गांव में मंगलवार दोपहर सुपर बाजार समिति के छठे स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने अन्य अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में पैक्स अध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद सदस्य अरविंद कुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि जैनुल अंसारी, पैक्स अध्यक्ष मोहन यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखंड कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह, हम प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव तथा सुपर बाजार समिति अध्यक्ष मो. साजिद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन सुपर बाजार समिति के संरक्षक सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा ने किया। अपने संबोधन में विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि सुपर बाजार की स्थापना से किसानों और मजदूरों को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए दूर नहीं जाना पड़ता, जिससे उन्हें सीधा लाभ मिल रहा है।



उन्होंने कहा कि इस विधानसभा का प्रत्येक नागरिक उनकी जिम्मेदारी है और वे सभी के विधायक हैं। विधायक ने घोषणा की कि शीघ्र ही सुपर बाजार परिसर में उप-स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही पातीं बिगहा तक जर्जर सड़क के निर्माण की प्रक्रिया विधानसभा सत्र समाप्त होते ही शुरू की जाएगी। उन्होंने पिछड़े क्षेत्र को विकसित विधानसभा बनाने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि अगले पांच वर्षों में सभी आवश्यक विकास कार्य पूरे किए जाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत मगध सम्राट बिरहा गायक सुदर्शन यादव ने सुमधुर प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं मगध सम्राट बिरहा गायक अखिलेश लाल यादव की उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा और बढ़ गई। इस अवसर पर प्रो. संतोष कुमार सिंह, रामलायक सिंह, सुनील कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि उमेश पासवान, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा, तुलसी यादव, भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, लालदेव पासवान, राजद नेता मो. कौशर, सचिव भोला प्रसाद वर्मा, डॉ. तुलसी यादव, मो. इबरार, अभिषेक उर्फ बिट्टू, द्वारिका विश्वकर्मा, सतेंद्र विद्यार्थी, जुनैद आलम सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साह और उल्लास के वातावरण में हुआ। स्थानीय लोगों ने सुपर बाजार समिति की भूमिका की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण केंद्र बताया।

# अनुग्रह नारायण स्मारक कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नबीनगर के अनुग्रह नारायण स्मारक कॉलेज में स्वामी विवेकानंद का स्मरण करते हुए प्राचार्य प्रो. डॉ. सत्येंद्र प्रजापति के निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया।इस अवसर पर एनसीसी व एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा "कृत्रिम बुद्धिमता के दौर में भारत के युवा" विषय पर सामूहिक परिचर्चा की गई। साथ ही स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित फिल्म का प्रसारण किया गया। फ़िल्म के माध्यम से छात्र-छात्राओं को स्वामी जी के बचपन, गुरु की तलाश, विश्व संसद में भारत का प्रतिनिधित्व एवं रामकृष्ण मिशन के माध्यम के भारत का उत्थान करने की प्रेरणास्पद जीवन यात्रा की जानकारी हुई। 'कृत्रिम बुद्धिमता के दौर में भारत के युवा' विषय पर संवाद करते हुए मानव श्रम की गरिमा बनाए रखने की चिंता को मूल रूप से उठाया। साथ ही यह कि भारत के युवा किस तरह आधुनिक तकनीक को सुलभ, सस्ता और जनोपयोगी बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी शामिल हुए।

# ब्लैक स्पॉट को चिह्नित कर कार्य योजना बनाने का केंद्रीय मंत्री ने दिया आदेश

## जिले में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिये गए कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिले में सांसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय निर्देशों के आलोक में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा राष्ट्रीय राजमार्गों से संबंधित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा के उद्देश्य से बैठक आयोजीत की गई। बैठक में जिले से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों पर संचालित एवं प्रस्तावित परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। विशेष रूप से सिमरिया, खगड़िया फोरलेन परियोजना के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, एनएच-122 (पूर्ववर्ती एनएच-28) पर सड़क सुरक्षा से संबंधित सुधारात्मक उपायों, एनएच-333। (हीरा टोल से मुंगेर पुल तक) सड़क चौड़ीकरण एवं गोलंबर निर्माण कार्यों तथा एनएच-31 पर विद्युत व्यवस्था के अधिष्ठापन की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त औटा सिमरिया छह लेन परियोजना के प्रारंभ होने के पश्चात बढ़े यातायात दबाव को ध्यान में रखते हुए आरओबी-209 के निर्माण कार्य में तेजी लाने, राजेंद्र पुल से बीहट बाजार तक सर्विस लेन के चौड़ीकरण, सिमरिया रोटरी प्वाइंट एवं चकिया थर्मल गुमटी के समीप पुलिस चेकपोस्ट निर्माण तथा हाई टेंशन निष्क्रिय विद्युत खंभों को हटाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। जेल गेट से ट्रैफिक चौक तक सड़क को मोटरेबल बनाने, निर्माणाधीन स्थलों पर दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु मानव संसाधन बढ़ाने, प्रमुख चौराहों पर प्रभावी यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने तथा राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे रंबल स्ट्रिप, साइनेज, सोलर ब्लिंकर एवं रिफ्लेक्टिव टेप लगाने जैसे उपायों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर मंत्री ने ब्लैक स्पट को चिन्हित कर कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया ताकि दुर्घटना में कमी आय। बैठक में गन्ना मंत्री संजय पासवान, जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, विधान पार्शद उर्मिला ठाकुर, विधायक बेगूसराय कुंदन कुमार, विधायक तेघड़ा रजनीश कुमार, मटिहानी नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह, रियाबरियारपुर अभिशेक आनंद, जिला परिषद अध्यक्ष सुरेन्द्र पासवान, उप विकास आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित थे।

# कैडेट्स ने अपनी कला का किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बरौनी।** नगर परिषद बरौनी के निपानिया स्थित मिलिट्री केम्प में 47 बिहार बटालियन एनसीसी द्वारा दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर अंतिम पड़ाव पर है। शिविर के नौवें दिन आयोजित 'सांस्कृतिक संध्या' में कैडेट्स ने अपनी कला और प्रतिभा का ऐसा रंग बिखेरा कि पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सैन्य अनुशासन के बीच लोक संस्कृति और राष्ट्रभक्ति के इस अनूठे मेल ने सभी का मन मोह लिया। गीत और नृत्य से दी राष्ट्रभक्ति की सीख कार्यक्रम का आगाज देशभक्ति गीतों के साथ हुआ। कैडेट्स ने सामूहिक नृत्य, नाटक और सुरीले गीतों के माध्यम से भारत की विविधता में एकता का संदेश दिया। कठिन सैन्य प्रशिक्षण की थकान को पीछे छोड़ते हुए युवाओं ने मंच पर अपने आत्मविश्वास का परिचय दिया।कैम्प कमांडेंट एवं 47 बिहार बटालियन एनसीसी, भागलपुर के कमान अधिकारी कर्नल जितेंद्र सिंह राना ने कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए कहा की एनसीसी का उद्देश्य केवल ड्रिल या हथियार चलाना सिखाना मात्र नहीं है। बल्कि यह युवाओं के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम है। इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन कैडेट्स के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारते हैं और उन्हें अपनी जड़ों व संस्‌ति से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। विदित हो कि यह शिविर 4 जनवरी से प्रारंभ हुआ था। जिसमें कैडेट्स ने पिछले 9 दिनों से कठिन अनुशासन, शारीरिक प्रशिक्षण और सैन्य कौशल का अभ्यास किया। 9वें दिन की इस रंगारंग शाम ने कैडेट्स में नई ऊर्जा का संचार किया है। शिविर का विधिवत और औपचारिक समापन 13 जनवरी को किया जाएगा।

## देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**संदेश (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** संदेश थाना क्षेत्र के पडुरा रामपुर गांव से पुलिस ने 12 लीटर देशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर द्वारिका चौधरी है। वह स्थानीय गांव निवासी दसई चौधरी का पुत्र है। पुलिस को गुप्त सूचना मिला कि पंडुरा रामपुर में एक आदमी देशी महुआ शराब बेंच रहा है। उसी समय गस्ती में तैनात एसआई लाल बाबू माझी सत्यता को जानने के लिए पांडुरा रामपुर गांव पहुंचे। जहां दो शराब तस्कर पुलिस की गाड़ी देख कर भगाने लगा। सशस्त्र बल के सहयोग से एक तस्कर द्वारिका चौधरी को शराब के साथ पकड़ा गया। जबकि दूसरा फरार हो गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपित को जेल भेज दिया।

# पंजाब से मुजफ्फरपुर ले जाई जा रही शराब भोजपुर में जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग भोजपुर द्वारा मद्यनिषेध इकाई पटना के संयुक्त छापामारी में एक दस चक्का कंटेनर से लगभग 60 लाख का विदेशी शराब संग एक तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर सह चालक सुनील राय है। वह मुजफ्फरपुर जिला के सरैया थाना क्षेत्र के बहिलवाड़ा निवासी किशोर राय का पुत्र है। मद्यनिषेध विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश को गुप्त सूचना मिली कि पंजाब से एक ट्रक पर भारी मात्रा में बिहार के मुजफ्फरपुर की ओर शराब की खेप जा रहा है।

सहायक आयुक्त द्वारा निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने बक्सर-पटना फोरलेन के शाहपुर के इटावा मोड़ के पास एक कनटेनर को रोका। जब कनटेनर का तलाशी लिया बिस्किट पैकेट के आड़ में शराब का कार्टन भरा हुआ था। जब कार्टन में रखे शराब कुल 14952 बोतल बरामद हुआ। शराब व्हीस्की, रम का निकला। जिसमें 750 एमएल के 2712, 375 एमएल के 2640 बोतल और 180 एमएल के 9600 पीस टेट्रापैक था। जिसकी किमत 60 लाख रुपये आंकी गई। जप्त शराब चंडीगढ़ से मुजफ्फरपुर ले जाया जा रहा था। छापेमारी टीम में निरीक्षक अनिल कुमार, सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार व धीरज कुमार समेत अन्य थे।

## असहायों के बीच कंबल का वितरण

**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय में कंबल वितरण शिविर का आयोजन किया गया। विभिन्न पंचायतों के तीन दर्जन से अधिक निर्धन, वृद्ध, दिव्यांग, निःसहाय के बीच बीडीओ राहुल रंजन के हाथो कंबल दिया गया। बीडीओ श्री रंजन ने बताया कि जिला से आवंटित कंबल को गरीबों के बीच निष्पक्षता से वितरण किया जा रहा है। महेशवाड़ा, पहसारा पश्चिमी तथा पहसारा पूर्वी पंचायत के वृद्धजन, दिव्यांग, निःसहाय एवं गरीब दलितों के बीच बांटा गया है। मुख्यालय आये फरियादियों और लाभुकों का भौतिक सत्यापन स्थानीय पंचायत के मुखिया, विकास मित्र एवं अन्य ने किया। कंबल वितरण के दौरान संबंधित पंचायत के जनप्रतिनिधि, प्रखंड नाजिर मो मुर्तजा अंसारी, प्रियांशु कुमार, विभाकर कुमार आदि थे।

# मूलभुत सुविधाओं से पूर्ण हो आंगनबाड़ी केन्द्र : डीएम

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत एवं रसोईघर जैसी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में मंगलवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आईसीडीएस से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की भौतिक अवस्थिति, मूलभूत सुविधाएं, पोषण कार्यक्रमों की प्रगति तथा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत एवं रसोईघर जैसी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिन केंद्रों पर पेयजल उपलब्ध नहीं है। वहां पीएचईडी के कनीय अभियंता से समन्वय स्थापित करते हुए एक सप्ताह के भीतर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश सभी सीडीपीओ को दिया गया। साथ ही जिन केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं अपूर्ण हैं। वहां शीघ्र सुधारात्मक कार्रवाई करते हुए समयबद्ध लक्ष्य के साथ कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पोषण ट्रैकर, टीएचआर वितरण, फेसियल रिकग्निशन सिस्टम के माध्यम से लाभार्थियों के सत्यापन, बच्चों के पोषण स्तर की स्थिति तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति की समीक्षा की गई।महिला एवं बाल विकास निगम के अंतर्गत संचालित मिशन शक्ति की विभिन्न योजनाओं की भी समीक्षा की गई। इस क्रम में वन स्टॉप सेंटर फार वूमेन, जिला हब फर एम्पावरमेंट अफ वूमेन, पालनाघर एवं शक्ति सदन की प्रगति की जानकारी ली गई तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित केस वर्करों को निर्देश दिया गया। बैठक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस), डीपीओ मनरेगा, सभी सीडीपीओ, सभी महिला पर्यवेक्षिका तथा संबंधित कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

# मां मैत्रायिणी स्कूल गुंडी में स्थापना दिवस सह निर्माण दिवस मना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** मां मैत्रायिणी योगिनी सिनियर सेकेण्डरी स्कूल गुंडी, बड़हरा में मां मैत्रायिणी योगिनी का निर्माण दिवस व स्कूल का स्थापना दिवस भक्तिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव थे। सर्व प्रथम मां मैत्रायिणी योगिनी, अघोरेश्वर महाप्रभु अवधूत भगवान राम जी तथा अघोराचार्य महाराजश्री बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी के तैल चित्रों पर माल्यार्पण करने के बाद दीप प्रज्ज्वलित किया। उन्होने कहा कि अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान', वाराणसी द्वारा संचालित स्कूल को सेवा और शिक्षा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। अध्यात्म और शिक्षा का अद्भुत संगम करार दिया। अघोर परंपरा के परोपकारी स्वरुप की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक औघड़ द्वारा शिक्षा के माध्यम से पीढ़ियों को पुष्पित व पल्लवित होते देखना हैरान और गर्व कर देने वाला अनुभव है। विश्व में अघोर के वर्तमान आराध्य और वाराणसी स्थित अघोर के विश्वविख्यात हेडक्वार्टर, बाबा कीनाराम स्थल, क्रीं-कुण्ड' के वर्तमान पीठाधीश्वर तथा स्कूल के संस्थापक अघोराचार्य महाराजश्री बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी का दर्शन करने की इच्छा व्यक्त करते हुए कहा कि यहा आकर मैं अभिभूत हूं। ऐसी जगह आकर एक महान संत की जन्मदायिनी को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा हूं। एक औघड़ के सामाजिक सरोकार के लोकोपकारी मिशन के वक्त हमेशा उपस्थित हूं। 13 जनवरी को मां मैत्रायिणी योगिनी का निर्वाण दिवस, सभी अघोर आश्रमों में, श्रद्धापूर्ण वातावरण में मनाया जाता है। इसी कड़ी में मां मैत्रायिणी योगिनी के मूल निवास स्थान, बिहार के भोजपुर जिले के गुंडी में स्थापित 'मां मैत्रायिणी योगिनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक वृहद कार्यक्रम आयोजित हुआ। सुबह साफ़-सफाई, भजन कीर्तन, भक्ति संगीत, कंबल वितरण व प्रसाद का दौर चला। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक डॉ विकास, प्रिंसिपल अनिल कुमार, सोनाली सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष इशानी सिन्हा, अनंत सिंह, नितेश सिंह समेत भारी संख्या में गणमान्य मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** लाखो थाना क्षेत्र के टोल टैक्स के पास मंगलवार को तेज रफ्तार टेंपो ने एक युवक को कुचल दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान बलिया थाना क्षेत्र के सदानंदपुर गांव निवासी पप्पू सिंह के पुत्र अंशु कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार अंशु लोहिया नगर में किराए के मकान में रहकर दूध बेचने का काम करता था और रोजाना गांव से दूध लाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। हादसे के वक्त वह दूध लेकर लौट रहा था। तभी टोल टैक्स के पास तेज रफ्तार टेंपो की चपेट में आ गया। हादसा इतना भयावह था कि अंशु की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही लाखो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## मध्याह्न भोजनकर्मी को किया गया सम्मानित

**मंसूरचक।** प्रखंड के मध्य विद्यालय हवासपुर पश्चिम में कार्यरत सभी रसोइया एवं सफाई कर्मी को विद्यालय परिवार की ओर से गर्म कपड़ों से सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक अबुल हसन ने बताया की यह आयोजन न केवल महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है। बल्कि समाज में सहयोग व एकता का संदेश है। शिक्षक अजय अनन्त ने कहा कि रसोइया विद्यालय की रीढ़ होती हैं। जो न केवल बच्चों के पोषण का ध्यान रखती हैं।बल्कि पूरे विद्यालय परिवार के प्रति निःस्वार्थ भाव से सेवा करती हैं।रसोइयाकर्मी रीता देवी, परमानन्द महतो, कविता देवी, गीता देवी एवं सफाई कर्मी गया देवी ने सम्मान प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रधानाध्यापक के इस सराहनीय प्रयास के लिए उनका आभार जताया। मौके पर शिक्षिका मीरा कुमारी, योगिता तिवारी,पूजा कुमारी, गगन प्रकाश, मो. महफूज आलम, प्रमोद चौधरी, महेश ठाकुर, दिनेश चौधरी उपस्थित थे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल की 25वीं वर्षगांठ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**अररिया।** भारतीय संस्कृति सह आध्यात्मिक धरोहर के उन्नायक युवाओं के परम आदरणीय विवेकानंद जी के जयंती हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर मोहनी देवी मेमोरियल स्कूल के प्रांगण में सोमवार 12 जनवरी 2026 को हर्षोल्लास के जयंती सह युवा दिवस कार्यक्रम का 25वां जयंती मनाया गया। वार्षिकोत्सव सह जयंती के अवसर पर विशेष आयोजन का भव्य रूप से आगाज किया गया। सर्वप्रथम प्रातः काल पूजा अर्चना के पश्चात 8:00 बजे प्रभात फ़ेरी निकाला गया जो अररिया आर एस के संपूर्ण नगर भ्रमण करते हुए विद्यालय में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चे स्वामी जी के वाणी एवं उपदेश सम्बंधीत तखती लेकर जयकारा लगाए। इस प्रभात फ़ेरी में विद्यालय के सभी शिक्षक प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी सम्मलित थे। इस अवसर पर स्वामी जी के जीवन आधारित उपदेश, वाणी एवं जीवन का प्रदर्शनी भी लगाई गई। जैसा कि ज्ञात हो कि इस वर्ष स्वामी विवेकानंद जयंती सह वार्षिकोत्सव पर अंतर विद्यालय भाषण, निबंध प्रतियोगिता खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत किया गया योग एवं विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, रामायण के कुछ अंश और स्वामी विवेकानंद की जीवनकाल के एकांकी नाट्य छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि महेंद्र प्रताप, कमांडेंट 52वीं बटालियन, रवि प्रकाश अनुमंडल पदाधिकारी अररिया, सुशील कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अररिया एवं डी. आर.सी.सी. मैनेजर, आर एस थानाध्यक्ष उपस्थित थे। विद्यालय के गतिविधि की जानकारी विद्यालय के प्राचार्य डॉ पाराशर त्यागी के द्वारा दिया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ संजय प्रधान ने लोगों से आह्वान किया कि स्वामी जी के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए। अर्जुन कुमार झा, सुबोध कुमार झा,श्रीमती अर्पिता और श्रीमती मौसमी सिन्हा, मृणाल प्रधान के द्वारा मंच संचालन एवं मंच विधि व्यवस्था किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता उप मुख्य पार्षद गौतम साह,अजय कुमार सिंह, राज प्रकाश भाटिया, ओम शांति की संचालिका उर्मिला बहन, बैंक कर्मी संजय गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा, आकाश राज, कृपा शंकर द्विवेदी, सुशील गुप्ता, ओमप्रकाश जायसवाल, बिजय केडिया, राजेश गुप्ता, राजेश अग्रवाल, निखिल नयन, वार्ड पार्षद मंगल यादव, प्राचार्य डॉ राशीद, शाहबाज़, सभी प्रिंट एवं मिडिया कर्मी आदि उपस्थित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की सभी शिक्षक, शिक्षिका एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का सहयोग प्रशंसनीय रहा।

# युवा सप्ताह के रूप में एबीवीपी ने मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

## खेल कुंभ का आयोजन

**बलिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई बलिया के द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस को युवा सप्ताह के रूप में खेल कुंभ का आयोजन किया गया। इस दौरान कबड्डी और दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन बलिया ब्लॉक कैंपस मैदान में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व खेलो भारत जिला सहसंयोजक धनंजय प्रियांशु ने किया। इस दौरान परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बलिया की प्राचार्य अर्चना कुमारी एवं एबीवीपी उत्तर बिहार के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दयानिधान गिरी ने कहा कि खेल कुंभ का उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक तथा बौद्धिक रूप से सशक्त बनाना है। खेल कुंभ का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क विकसित करना है। कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखा गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को शारीरिक फिटनेस के महत्व के साथ-साथ स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन शैली अपनाने का भी संदेश दिया गया। एबीवीपी बलिया के नगर अध्यक्ष नीतीश कुमार एवं नगर मंत्री श्रीराम ने कहा कि खेल कुंभ केवल एक खेल आयोजन नहीं बल्कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। नगर उपाध्यक्ष सोनू कुमार एवं प्रकाशनंदन सिन्हा ने बताया कि छात्रा दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सृष्टि कुमारी द्वितीय स्थान पर बिजली कुमारी एवं तृतीय स्थान पर गुंजन कुमारी रही एवं छात्र में प्रथम स्थान पर विनीत कुमार द्वितीय स्थान पर पीयूष कुमार एवं तृतीय स्थान पर विवेक कुमार रहा। खेल कुंभ प्रतियोगिता में नगर सह मंत्री सुमन कुमार, मंगलेश कुमार, मिथलेश कुमार, रौशन कुमार, सुशांत भारती, अभिनव राज, स्वाती कुमारी, सोनम कुमारी, दुर्गेश कुमार आदि शामिल थे।

# महिलाएं हुईं महिला ठग गिरोह की शिकार

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर थाना क्षेत्र के बंधु नगर पोखरिया वार्ड संख्या 39 में महिला ठग गिरोह ने कई गृह्णी को अपना शिकार बनाकर लाखो की ठगी कर ली है। इस संबंध में पीड़ित महिलाओं ने नगर थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं आक्रोशित महिलाओं ने बाजार से दो से तीन संदिग्ध महिलाओं को पकड़कर पुलिस के हवाले भी किया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। ठग गिरोह की तलाश की जा रही है। ज्ञात हो की महिला ठग गिरोह का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ठग महिलाएं प्रलोभन देकर भोली-भाली महिलाओं के घरों में दाखिल होती हैं। सोने-चांदी के कीमती आभूषण लेकर फरार हो जाती हैं। जानकारी के अनुसार यह महिला ठग गिरोह दिन के 11 बजे से 3 बजे के बीच सक्रिय रहता है। गिरोह की महिलाएं खुद को किसी योजना या पहचान का झांसा देकर घर में प्रवेश करती हैं। अपने बैग में लाए गए सोने-चांदी के आभूषण दिखाकर विश्वास में लेती हैं। इसके बाद घर में रखे असली गहनों को लेकर चंपत हो जाती हैं।बताया जा रहा है कि अब तक 10 से 12 लाख रुपये मूल्य के आभूषण ठग गिरोह द्वारा उड़ा लिए गए हैं। जिसमें 15 से 20 महिलाएं ठगी का शिकार हो चुकी हैं।

# प्रत्येक सोम और शुक्र को कार्यालयों में होगी बिजली उपभोक्ताओं की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** मुख्यमंत्री सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के अंतर्गत बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निष्पादन को लेकर ऊर्जा सचिव सह बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह ने सभी आपूर्ति अंचल कार्यालयों के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की और सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को अनिवार्य रूप से अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनें और उनका समाधान करें। विद्युत विभाग, बिहार सरकार तथा जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार विद्युत कार्यालय, जहानाबाद में हर सोमवार और शुक्रवार को उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनेंगे और उसका समाधान कराएंगे। यह व्यवस्था 19 जनवरी से लागू होगी। निर्देशानुसार, सभी अंचल, प्रमंडल, अवर प्रमंडल एवं सेक्शन कार्यालय में सोमवार को अपराह्न 12:30 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक और शुक्रवार को अपराह्न 3:00 बजे से अपराह्न 4:30 बजे तक बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की शिकायतों की सुनवाई कर त्वरित समाधान किया जाएगा। इस दौरान विद्युत कार्यपालक अभियंता अपने डिवीजन ऑफिस में, सहायक विद्युतअभियंता सब-डिविजन में और सेक्शन में कनिया अभियंता उपस्थित रहेंगे। विद्युत कार्यपालक अभियंता जहानाबाद, नंदलाल चौधरी ने बताया कि विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह के निर्देसानुसार प्रत्येक सप्ताह के दो कार्यदिवस सोमवार एवं शुक्रवार को विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, अवर प्रमंडल व प्रशाखा के सभी कार्यालयों में अधिकारी शिकायतों की सुनवाई करेंगे।

# मकर संक्रांति पर दी गई संस्कृति और विज्ञान की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बेगूसराय।** शहर के माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में मकर संक्रांति का पर्व उत्साह और आनंद के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा मकर संक्रांति पर आधारित भाषण, प्रश्न-उत्तर सत्र तथा रंगारंग नृत्य प्रस्तुति उड़ी उड़ी जाए प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ पतंग उड़ाने की गतिविधि में भी भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को मकर संक्रांति के वैज्ञानिक पक्ष के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि इस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है। जिससे दिन बड़े होने लगते हैं और मौसम में सकारात्मक परिवर्तन आता है। इस प्रकार बच्चों ने पर्व का सांस्‌तिक ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक महत्व भी समझा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. शीतल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मकर संक्रांति हमें नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच और निरंतर प्रगति का संदेश देती है। ऐसे गतिविधि-आधारित कार्यक्रम बच्चों की जिज्ञासा, रचनात्मकता और सीखने की रुचि को बढ़ाते हैं। विद्यालय के निदेशक डा. मनीष देवा ने अपने संदेश में कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति और विज्ञान के बीच के सुंदर संबंध को समझाना है। ऐसे आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक सोच, सांस्कृतिक चेतना और जीवन मूल्यों का विकास करते हैं। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास और सकारात्मक वातावरण के साथ हुआ, जिससे विद्यार्थियों ने सीख और आनंद दोनों का अनुभव किया।

# लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करने की अपील

## नगर परिषद में स्वच्छता सर्वेक्षण की कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** नगर परिषद मसौढी क्षेत्र को स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में बिहार और राष्ट्रीय स्तर पर टॉप-10 में शामिल कराने के उद्देश्य से मंगलवार को एक कार्यशाला आयोजित की गई। नगर परिषद के कार्यपालक अधिकारी राजु रंजन ने इसकी अध्यक्षता की। इस दौरान स्वच्छता मित्रों, एनजीओ सुपरवाइजरों और सफाईकर्मियों को स्वच्छता सर्वेक्षण के मानकों तथा आवश्यक तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2026 के स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग के लिए जनभागीदारी और सतत स्वच्छता अभियान महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने घर-घर कचरा संग्रहण, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, यूथ वॉटर मैनेजमेंट और सभी सार्वजनिक स्थलों पर नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में निर्देश दिए गए कि यदि सफाई के बाद दुकानदार या स्थानीय लोग दोबारा से कचरा फेंकते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एनजीओ और सुपरवाइजरों को जुर्माना लगाने का अधिकार दिया गया है। इसके अतिरिक्त सभी ब्लैक स्पॉट, येलो स्पॉट और तालाबों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। कार्यशाला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को 'स्वच्छता चैंपियन' के रूप में पुरस्कृत करने की बात कही गई। बेहतर सफाई कार्य और रैंकिंग सुधार में योगदान देने वाले वार्ड पार्षदों को भी सम्मानित किया जाएगा। नागरिकों से सिटिजन फीडबैक के लिए मोबाइल अपडेट कराने और ऑडियो प्लस फीडबैक को बढ़ावा देने की अपील की गई। इस कार्यशाला में नगर प्रबंधक शेखर कुमार प्रसाद, अमीन रामाधार कुमार यादव और प्रधान लिपिक शिव प्रकाश, विवेक कुमार, राहुल आनंद स्वच्छता साथी बेबी कुमारी, आरती कुमारी, अनु सिन्हा, विकास कुमार शशि, नीतीश आदी शामिल रहे।




# 128 पीस विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** झारखंड से ट्रेनों के जरिए मसौढी क्षेत्र में विदेशी शराब की खेप सप्लाई की जा रही है। वही एक्साईज पुलिस भी लगातार घेराबंदी कर छापेमारी करने में जुटी हैं। ऐसे में मंगलवार की अलहे सुबह बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस से एक्साईज पुलिस ने तिनेरी हॉल्ट से बैग में भरा हुआ विदेशी शराब की खेप को जप्त किया है। जहाँ 122 पीस विदेशी के साथ एक सप्लायर को भी गिरफ्तार किया गया है। जिसका नाम जयप्रकाश कुमार पिता नंदकिशोर प्रसाद हसनपुर कादरीगंज का रहने वाला है। वहीं इसके साथ दो सप्लायर भी थे जो भागने में सफल रहे। एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया की झारखंड से भारी मात्रा में शराब की खेप मसौढ़ी लायी जा रही है। हालांकि तिनेरी हॉल्ट और छोटकी मसौढी हॉल्ट को शराब माफियाओं ने सेफ जोन बना लिया है, जहाँ ट्रेनों के जरिए ये दोनो हॉल्टों के पास उतर जाते हैं और पिट्ठू बैग में भरकर बाइक के जरिए या फिर अन्य वाहनों से मसौढी शहर में प्रवेश कर अन्यत्र जगहों पर डिलीवरी करते हैं। मंगलवार की अलहे सुबह ट्रेन से ला रहे शराब की खेप पकड़ा गया है। जिसमें 118 पीस ऑफिसर चॉइस कंपनी के शराब और 750 एमएल का चार पीस 8 पीस व्हीस्की की शराब जब्त की गई है। कुल 203.520 लीटर शराब को जब्त की गई है। फरार दो शराब सप्लायरों को भी नामजद प्राथमिकी अभियुक्त बनाते हुए गिरफ्तार करने को लेकर कार्रवाई की जा रही है।



## पृष्ठ 1 का शेष

### कृषि एवं अन्य विभागों में ...

प्रशासनिक स्वीकृति भी प्रदान की। इन फैसलों को राज्य के विकास, प्रशासनिक सुगमता और जनहित की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। जन शिक्षा निदेशालय के स्तर से संचालित योजनाओं के बेहतर प्रबंधन एवं समयबद्ध कार्य निष्पादन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूर्व से सृजित पदों में से कुल आठ मरणशील पदों को समर्पित (सरेंडर) करने तथा पदनाम में आवश्यक संशोधन के साथ नौ नए पदों के सृजन को स्वीकृति दी गई है। वहीं खरीफ विपणन मौसम 2025-26 और रबी विपणन मौसम 2026-27 में अधिप्राप्ति कार्य के लिए बिहार राज्य सहकारी बैंक को राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, नाबार्ड एवं अन्य वित्तीय संस्थानों से कुल 7000 करोड़ रुपये ऋण प्राप्त करने तथा इस ऋण के अंतर्गत जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों एवं उनके माध्यम से अधिप्राप्ति कार्य में संलग्न सहकारी संस्थाओं को दिए जानेवाले ऋण पर राजकीय गारंटी प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। दरभंगा हवाई अड्डा के समीप लॉजिस्टिक पार्क एवं कार्गो हब के निर्माण के लिए चिन्हित 50.0004 एकड़ भूमि के अधिग्रहण हेतु अनुमानित 138 करोड़ 82 लाख 88 हजार रुपये की मुआवजा राशि को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त उच्च न्यायालय, पटना के कोर्ट मैनेजर के वेतनमान को लेवल-13 से घटाकर लेवल-9 तथा राज्य के व्यवहार न्यायालयों के कोर्ट मैनेजर के वेतनमान को संशोधित कर लेवल-8 में संपरिवर्तित करने की स्वीकृति दी गई है। बिहार राज्य के अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए बिहार अधिवक्ता कल्याण न्यास समिति को राज्य आकस्मिकता निधि से 30 करोड़ रुपये अग्रिम देने का निर्णय लिया गया है। साथ ही उच्च न्यायालय, पटना में मानदेय एवं संविदा के आधार पर चार विधि सहायक पदों के सृजन तथा पूर्व से सृजित 45 विधि लिपिक पदों का पदनाम बदलकर विधि सहायक करने की स्वीकृति दी गई है। विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा जारी एक पूर्व स्वीकृत्यादेश में संशोधन करते हुए कस्ट्यूम डिजाइन एंड ड्रेस मेकिंग टेक्नोलॉजी के स्थान पर कम्प्यूटर एडेड कस्ट्यूम डिजाइन एंड ड्रेस मेकिंग पदनाम को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा विभाग के अधीन नवस्वीकृत राजकीय पॉलिटेकनिक, बगहा (पश्चिम चंपारण) के लिए कुल 45 शैक्षणिक एवं 61 गैर-शैक्षणिक पदों सहित कुल 106 पदों के सृजन को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

# मसौढ़ी में महाजाम, कई घंटों तक यातायात रहा ठप

## सड़कों पर रेंगते रहे वाहन, हर तबका परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में महाजाम की समस्या लगातार बनी रहती है, जिसका मुख्य कारण अनियंत्रित ऑटो-रिक्शा, अवैध पार्किंग, अतिक्रमण और निर्माणाधीन पुल हैं, जिससे यात्रियों, एम्बुलेंस को भारी परेशानी होती है और पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। इस जाम के कारण घंटों तक सड़कें ठप्प रहती हैं और यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है, ऐसे में मंगलवार को एक और जहां मकर संक्रांति पर्व की खरीदारी को लेकर सड़कों पर सैकड़ों की संख्या में जन सैलाब उमड़ा रहा। वहीं बेहततीब रिक्शा चालक और सड़कों पर अतिक्रमण के कारण घंटों भीषण जाम का सामना करना पड़ा। भीषण जाम की स्थिति से पैदल चलने वाले लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर में ऑटो और रिक्शा की बढ़ती संख्या तथा अनियंत्रित ड्राइविंग के कारण यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। वहीं दुसरी ओर शहर में पुल निर्माण के कारण पहले से ही जगह कम हो गई है। इसके अलावा, सड़क किनारे अवैध दुकानें भी यातायात बाधित करने में योगदान दे रही हैं। बिहार के अन्य हिस्सों में बुलडोजर कार्रवाई देखने को मिल रही है, लेकिन मसौढ़ी में इसका कोई खास असर नहीं दिख रहा है।

# जनता दरबार में डीएम ने सुनीं शिकायतें

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** पुनपुन प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया, जहाँ जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन ने आम लोगों की समस्याएं सीधे सुनीं और त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान कई मामलों का 'ऑन द स्पॉट' निष्पादन कर दिया गया। जनता दरबार में भूमि विवाद, अतिक्रमण, सरकारी जमीन से जुड़ी शिकायतें और पैतृक संपत्ति से संबंधित मामले प्रमुख रूप से सामने आए। डीएम ने हर आवेदन को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मामलों की निष्पक्ष जांच कर विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि जनहित से जुड़े मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

# इंटर कॉलेज यूथ फेस्टिवल का पीजी एथलेटिक्स बना चैंपियन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के पीजी एथलेटिक्स एवं डॉ एपीजे अब्दुल कलाम डब्ल्यूआईटी के संयुक्त तत्त्वावधान में 10 से 13 जनवरी के बीच विश्वविद्यालय मुख्यालय में आयोजित इंटर कॉलेज यूथ फ़ेस्टिवल प्रतियोगिता 2025-26 'अनंतनाद' का समापन समारोह 13 जनवरी, 2026 को जुबिली हॉल में आयोजित किया गया। कुलानुशासक प्रो विजय कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में मिथिला विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ समरेन्द्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो दिलीप कुमार चौधरी, वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रो हरे कृष्ण सिंह, ललित कला संकायाध्यक्ष प्रो लावण्य कीर्ति सिंह 'काव्या', सिंडिकेट सदस्य डॉ बैजनाथ चौधरी 'बैजू' एवं मीणा झा, एमएलएसएम कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ शंभू कुमार यादव, डब्ल्यूआईटी निदेशक प्रो अजय नाथ झा, खेल पदाधिकारी प्रो अमृत कुमार झा, आयोजन सचिव डॉ प्रियंका राय, एमएमटीएम कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ उदय कान्त मिश्र, एनएसएस समन्वयक डॉ आर एन चौरसिया, संस्कृत विभागाध्यक्ष डा कृष्णकांत झा, दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ शिवानंद झा, डॉ नीतू कुमारी, डॉ ममता स्नेही, डॉ सुनीता कुमारी, सहभागी कॉलेज के टोली प्रबंधकों के साथ ही प्रतिभागी छात्र-छात्राएं एवं संगत कलाकारों तथा आयोजन के सहयोगियों सहित 150 से भी अधिक संख्या में लोग उपस्थित थे। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के पीजी एथलेटिक्स को सर्वाधिक 124 अंक के साथ चैंपियन घोषित किया गया, जबकि सीएम कॉलेज दरभंगा को 82 अंकों के साथ उपविजेता। मनीष राज एवं सुमित कुमार झा के संचालन में आयोजित समारोह में अतिथियों का स्वागत पाग, चादर, बुके एवं मोमेंटो से किया गया।




प्रोफ़ेसर समरेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रतिभागियों को बधाई एवं आशीर्वाद देते हुए कहा कि यूथ फ़ेस्टिवल के आयोजन से छात्र-छात्राओं का शारीरिक एवं मानसिक उत्थान होता है। डॉ बैजनाथ चौधरी 'बैजू' ने विश्वविद्यालय एवं यूथ फ़ेस्टिवल प्रतियोगिता के इतिहास एवं महत्त्व को विस्तार से बताते हुए इस आयोजन की सफलतापूर्वक हेतु आयोजन एवं विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी। मीना झा ने कहा कि यूथ फ़ेस्टिवल के द्वारा जो युवा कुंभ का आयोजन विश्वविद्यालय में किया गया, उससे मुझे काफी प्रसन्नता हो रही है। प्रो दिलीप चौधरी ने कहा कि हमारा देश युवाओं का है। युवा हमारे राज्य एवं देश के लिए बड़ी शक्ति है। प्रो लावण्य कीर्ति सिंह 'काव्या' ने कहा कि इस ''अनंतनाद'' में प्रतिभागियों की प्रस्तुति बहुत ही अच्छी रही। अमित कुमार झा ने कहा कि इस आयोजन से अनेक नई प्रतिभाएं सामने आयी हैं। अध्यक्षीय संबोधन में कुलानुशासक प्रो विजय कुमार यादव ने कहा कि भारत में करीब 53% आबादी युवाओं की है, जिनपर देश का भविष्य निर्भर है। इस अवसर पर आयोजन स्थान प्रदान करने के लिए जुबिली हॉल, जंतु विज्ञान विभाग तथा भौतिक विभाग के अध्यक्षों, आयोजन समिति के सदस्यों, तकनीकी सहयोगियों, कोऑर्डिनेटर आदि को भी सम्मानित किया गया।

# डीएम ने सड़क सुरक्षा माह 2026 के अवसर पर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आज समाहरणालय परिसर, दरभंगा से जिलाधिकारी कौशल कुमार द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आम लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह रथ सड़क दुर्घटनाओं से बचाव, सुरक्षित वाहन परिचालन तथा यातायात नियमों के पालन के लिए लोगों को प्रेरित करेगा। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने जिलेवासियों से अपील की कि वे दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें तथा यातायात नियमों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की ही नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा माह को सफल बनाने हेतु जनसहयोग पर बल दिया। जागरूकता रथ जिले के शहरी क्षेत्र एवं प्रखंड में जाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा। इस अवसर पर अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन श्री सलीम अख्तर, जिला परिवहन पदाधिकारी दरभंगा, नजारत उप समाहर्ता पवन कुमार, वरीय उप समाहर्ता (स्थापना) सहित अन्य संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित थे।



# पूर्व डिप्टी सीएम की जयंती पखवाड़ा पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिले के कहलगांव में मंगलवार को बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की जयंती समारोह पखवाड़ा अंतर्गत श्रद्धांजलि सभा सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वही दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी की शुरुआत की गई। इसके पहले कहलगांव अनुमंडलीय अस्पताल में मरीजों के बीच कंबल वितरण किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता सह इस कार्यक्रम के जिला प्रभारी विनोद सिन्हा, प्रदेश भाजपा उद्योग मंच के नेता दिलिप मिश्रा और अन्य पार्टी नेताओं ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वरिष्ठ भाजपा नेता सह जिला कार्यक्रम प्रभारी विनोद सिन्हा ने कहा कि श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी का बिहार के विकास में अमूल्य योगदान रहा है। वे कार्यकर्ताओं के दिल में बसते थे। अनुशासन प्रिय सुशील मोदी जी का जीवन हर कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा पुंज है। भाजपा उद्योग मंच के नेता दिलिप मिश्रा ने उनके जीवन से जुड़े कई संस्मरण को याद करते हुए कहा कि चाहे पक्ष हो या विपक्ष सबों में उनकी भूमिका अग्रणीय रही। उनके जैसा नेता विरले मिलते हैं। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता प्रभाष सिंह ने किया। जबकि अपने संबोधन में भाजपा नेता अशोक गुप्ता, भरत साह, कन्हैया सिंह, राजेश सिंह, ललन झा सहित अन्य वक्ताओं ने उनके जीवन से जुड़े संस्मरण को याद किया और उन्हें सच्चा संगठन कर्ता और बिहार के विकास करने वाले नेता के रूप में याद किया। इस अवसर पर शिवनारायणपुर मंडल उपाध्यक्ष सुधीर मंडल, सामाजिक कार्यकर्ता प्रभाष चंद्र मुखर्जी, अशोक श्रीवास्तव, सूरज कुमार राय, भारतीय मजदूर संघ के बजरंगी पासवान, किशोर कुमार सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे। तत्पश्चात कहलगांव अनुमंडलीय अस्पताल में दर्जनों मरीजों एवं सफाई कर्मियों के बीच कंबल वितरण किया गया।



# बाजार मूल्य पर सभी किसानों को दिया जाए मुआवजा

## डुमरी बन रहे खेल मैदान को लेकर किसानों के साथ चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन प्रखंड के डुमरी रेलवे स्टेशन का ठीक सामने 100 एकड़ में खेल स्टेडियम बनने जा रहा है, जिसको लेकर तकरीबन 100 से अधिक किसानों की जमीन अधिग्रहण की जा रही है। ऐसें मंगलवार को किसानों के साथ केंद्रीय भुअर्जन निदेशक सर्वदा ने बैठक की। मौके पर परियोजना निदेशक डॉ कल्याण अग्रवाल और जिला भूअर्जन पदाधिकारी लव कुश कुमार शामिल रहे। सभी किसानों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा है कि एन एच 78 और एन एच 22 के बाद अब डुमरी के पास बन रहे खेल स्टेडियम में हम सभी किसानों की कृषि भूमि जा रही है। ऐसे में सरकार से मांग करते हैं की जो बाजार मुल्य के आधार पर हम लोग का जमीन की राशी दिया जाए, जब जमीन ही नहीं बचेगी तो हम लोगों का जिवन यापन कैसे होगा, किसानों के जमा पूंजी खेती होती है हम सभी की खेती सभी सड़क बनाने में चली गई है, ऐसे में 70 लख रुपए के हिसाब से हम सबों का जमीन का रेट दिया जाए। डुमरी और मदारपुर के आये हुए किसानों में कमलेश सिंह, कृष्ण यादव, राम लखन भगत, वीरेंद्र प्रसाद के साथ मदारपुर के विनय सिंह, बच्चू सिंह, पिंटू सिंह, टिंकू सिंह, अरविंद सिंह, राजेश सिंह समेत सैकडों किसान समूह चर्चा में शामिल हुए। दरअसल पुनपुन के डुमरी खेल बुनियादी ढांचे विकास के लिए भूमि अधिग्रहण का सामाजिक प्रभाव आकलन अध्ययन को लेकर मंगलवार को डुमरी में केंद्रीय भूअर्जन निदेशक के नेतृत्व में समूह चर्चा का आयोजन किया गया। जहां किसानों की समस्या और निष्पादन को लेकर या चर्चा रखा गया था और इस चर्चा में किसानों ने अपनी समस्या सुनाई है कि बाजार रेट पर हम सभी को के किसानों का मूल्य दिया जाए।

# डीएम ने विकास कार्यों का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन प्रखंड के अंतर्गत चल रहे हैं लोक कल्याणकारी योजना और विकासात्मक योजनाओं का निरीक्षण और जायजा लेते हुए पटना डीएम डॉ त्यागराजन ने अपनी पूरी टीम के साथ मंगलवार को पुनपुन पहुंचे जहाँ जन-प्रतिनिधियों एवं आम जनता से संवाद स्थापित कर फीडबैक लिया गया। इसके अलावा डीएम ने अभियंताओं एवं पदाधिकारियों को सरकार द्वारा क्रियानवित जनहित की विभिन्न विकासात्मक एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गुणवत्ता सुनिश्चित कर समय सीमा के अंदर पूर्ण करने का निदेश दिया गया। वही पुनपुन नगर पंचायत का भी विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। जहां पदाधिकारियों को सरकार द्वारा क्रियानवित जनहित की विभिन्न विकासात्मक एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का निदेश दिया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत पुनपुन समेत कई योजनाओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए समस्याओं से रूबरू कराया। पुनपुन स्थित शहीद रामानंद राम गोविंद सिंह विद्यालय के 9 एकड़ जमीन को भू माफिया कब्जे में कर रहा है इसके अलावा अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार से भी अवगत करवाया। वहीं नगर पंचायत पुनपुन के अपना भवन के निर्माण से संबंधित भी ध्यान आकृष्ट कराया गया इन तमाम बिंदुओं पर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस दिशा में पहल की जाएगी।



# महाविद्यालय कर्मचारी संघ के पूर्व सचिव बिजेंद्र शर्मा को दी गयी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां (पटना)।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्तिथ समीपवर्ती स्थानीय एस यू कॉलेज, हिलसा के कॉन्फ्रेंस हॉल में अवकाश प्राप्त भण्डारपाल बिजेंद्र प्रसाद शर्मा के निधन के उपरांत शोक-सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गयी। शोक-सभा में स्वर्गीय आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और ईश्वर से प्रार्थना की गई की उन्हें श्रीचरणों में स्थान दें। उनके ज्येष्ठ पुत्र राघवेंद्र कुमार ने बताया कि वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। ठंड के कारण उनकी तबियत ज्यादा खराब हो गयी थी। शोक सभा की अध्यक्षता वरीय प्राध्यापक डॉ प्रकाश चंद्र चौरसिया ने किया। उन्होंने ने कहा कि ये शरीर नाश्वर है लेकिन आत्मा अमर है। इंसान चला जाता है लेकिन उसका विमल यश शाश्वत और शेष रह जाता है। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ0 राजीव नयन सिंह ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे काफी जुझारू साथी थे। कर्मचारी संघ के सचिव के रूप में भी उन्होंने सराहनीय कार्य किया और उनके हक के लिए हमेशा विश्विद्यालय प्रशासन और सरकार से लड़ाई लड़ी। वे हिलसा प्रखंड के दबौल गांव के निवासी थे। शोक सभा में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक के अलावा अकाउंटेंट रोनित रॉय, प्रधान सहायिका सुभद्रा सिन्हा, आलोक कुमार सिंह, सचिव शैलेश कुमार, जलेंद्र कुमार, मधुसूदन कुमार, प्रदीप कुमार, गुड्डू, नवीन कुमार, बजरंगी लाल वर्मा, मुनील कुमार, गनौरी प्रसाद, रंजीत कुमार, अजीत व अन्य उपस्थित रहे।

# विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : अरूण मांझी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** नव निर्वाचित विधायक अरूण मांझी ने मंगलवार को मसौढी नगर मुख्यालय के जदयू कार्यालय में जनता की समस्या को लेकर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर जदयू नगर अध्यक्ष अश्विनी उर्फ गोल्डी समेत कई जनप्रतिनिधि शामिल रहे और इस जनसुनवाई में विभिन्न पंचायतों से आए हुए विभिन्न समस्या से विधायक को रूबरू कराया। क्षेत्रवासियों ने विधायक को सड़क, बिजली, पानी, राजस्व, आवास और पेंशन जैसी विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और मौके पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इसके साथ ही विधायक अरूण मांझी ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित और स्थायी समाधान उनकी प्राथमिकता है और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर जदयू नेता लालमोहन सिंह समेत कई लोग शामिल रहे।

# धीमी गति से चल रहा नहर खुदाई का कार्य

**मसौढ़ी।** सिंचाई परियोजना के तहत मसौढ़ी से लेकर पुनपुन तक चल रहे हैं नहर खुदाई का कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। ऐसे में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप यह कार्य काफी पीछे हैं जिसको लेकर सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रमोहन पटेल ने स्थानीय विधायक अरुण मांझी से लिखित पत्र देकर मांग किया है कि पुनपुन बराज प्रमंडल-2. गोह से मुख्यालय मसौढ़ी में स्थानांतरित किया जाए।

# उत्तर कोयल नहर : भूमि अधिग्रहण कार्यों में आ रही समस्याओं का करें त्वरित निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उत्तर कोयल नहर परियोजना के अंतर्गत भूमि रैयतीकरण एवं भूमि अधिग्रहण से संबंधित कार्यों की समीक्षा हेतु महत्वपूर्ण बैठक जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान परियोजना से संबंधित विभिन्न पैकेजों की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इसमें भूमि अधिग्रहण की वर्तमान स्थिति, रैयती एवं गैर-रैयती भू-स्वामियों को मुआवजा भुगतान की प्रगति, रैयतीकरण की प्रक्रिया, सरकारी भूमि के हस्तांतरण, लंबित मामलों तथा अन्य प्रक्रियागत अड़चनों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा नबीनगर, मदनपुर, अम्बा, औरंगाबाद एवं गया प्रमंडलों में भूमि अधिग्रहण की अद्यतन स्थिति से अवगत कराते हुए लंबित प्रक्रियाओं, रैयती दावों के सत्यापन, अधियाचनाओं की स्वीकृति में आ रही कठिनाइयों एवं उनके समाधान के उपायों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि औरंगाबाद जिले में उत्तर कोयल परियोजना के कुल 09 पैकेज हैं, जिनकी कुल लंबाई 77.69 किलोमीटर है। परियोजना हेतु कुल 41.251 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहणीय है, जिसमें से अब तक 36.3995 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूर्ण किया जा चुका है, जबकि 4.8515 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण अभी लंबित है। भूमि के वर्गीकरण के अनुसार रैयती भूमि 29.1048 हेक्टेयर, गैर-मजरूआ आम भूमि 7.1445 हेक्टेयर, गैर-मजरूआ मालिक भूमि 3.017 हेक्टेयर तथा बकास्त भूमि 1.986 हेक्टेयर है। प्रमंडलवार स्थिति की समीक्षा में बताया गया कि उत्तर कोयल प्रमंडल, नबीनगर में कुल 12.2483 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूर्ण हो चुका है। अंबा प्रमंडल में कुल 7.078 हेक्टेयर में से 6.7297 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है तथा 0.2655 हेक्टेयर भूमि शेष है। औरंगाबाद प्रमंडल में कुल 8.210 हेक्टेयर में से 5.8059 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित है तथा 2.4041 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण लंबित है। मदनपुर प्रमंडल में कुल 5.338 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूर्ण कर लिया गया है। वहीं गया प्रमंडल में कुल 8.3776 हेक्टेयर में से 6.2176 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है तथा 2.16 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण शेष है। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लंबित भूमि अधिग्रहण कार्यों में आ रही समस्याओं का त्वरित निष्पादन करते हुए परियोजना से संबंधित सभी शेष कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक में वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव, बेबी प्रिया सहित संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सिजेरियन ऑपरेशन की संख्या बढ़ाने पर सीएस का जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले के अस्पतालों एवं विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रारम्भ में जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम ने संस्थानवार कार्यक्रम की अद्यतन स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य संस्थानों की संख्या बढ़कर 305 हो गई है। उन्होंने कहा कि शेष स्वीकृत संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर सामुदायिक भवन, पंचायत सरकार भवन सहित अन्य सरकारी भवनों में संचालित किया जाएगा। जहां जगह उपलब्ध नहीं होगी, वहां किराये के भवन में स्वास्थ्य संस्थान शुरू किए जाएंगे। सिविल सर्जन ने सदर अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन की संख्या बढ़ाने तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव सेवाओं के विस्तार के निर्देश दिए। इसके साथ ही मातृ-शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, नियमित टीकाकरण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम, गैर-संचारी रोग नियंत्रण, संस्थागत प्रसव, अस्पतालों में दवा एवं डायग्नोस्टिक सेवाओं की उपलब्धता तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के सुचारु संचालन की भी समीक्षा की गई। सभी सम्बंधित अधिकारियों को समयबद्ध लक्ष्य प्राप्त करने, सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा आमजन तक स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. मिथिलेश प्रसाद सिंह, जिला संचारी एवं गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन, मो. नकीब, डॉ. अरविंद सिंह, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, मो. अफरोज हैदर, नागेंद्र कुमार केसरी, आनंद प्रकाश, अविनाश कुमार, उपेंद्र कुमार चौबे, नीलम रानी, सभी अस्पताल एवं स्वास्थ्य प्रबंधक, सभी प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक तथा यूनिसेफ के एसएमसी मो. नैयर सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से वृद्ध की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के भरूब मोड़ के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पैदल यात्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान खुदवां थाना क्षेत्र के मुक्ताहार गांव निवासी 70 वर्षीय लालमोहन राम के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार लालमोहन राम ओबरा से पैदल अपने घर जा रहे थे। इसी क्रम में भरूब मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएच-139 का चौड़ीकरण और फोरलेन निर्माण लंबे समय से लंबित है। संकरी सड़क पर लगातार बढ़ रहे ट्रैफिक और भारी वाहनों की आवाजाही से दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। बावजूद सरकार और प्रशासन स्थिति की गंभीरता को नजरअंदाज कर रही है। सड़क पर यात्रा करना लोगों के लिए लगातार जोखिम भरा साबित हो रहा है। एक सप्ताह में यह तीसरी मौत है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। आरोपी चालक की पहचान हेतु अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहा एनटीपीसी

## नबीनगर एनटीपीसी में ग्रामीण महिलाओं के लिए ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** जिले के बारून एवं औरंगाबाद की सीमा पर अवस्थित नवीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, एनटीपीसी में ग्रामीण महिलाओं के लिए आयोजित 50 दिवसीय ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम एनटीपीसी नबीनगर की नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व नीति के अंतर्गत आयोजित किया गया था। समापन सत्र के दौरान सभी प्रतिभागी महिलाओं के बीच स्वरा महिला संघ की अध्यक्षा आरती बेहेरा के द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय चरण (फ़ेज-दो) में नबीनगर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की कुल 30 महिलाओं ने भाग लिया। वहीं प्रथम चरण में बारून प्रखंड की 25 ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को व्यावसायिक कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा आजीविका अर्जित करने में सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रमाणित प्रशिक्षकों की टीम द्वारा प्रतिभागियों को इंटरएक्टिव एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अंतर्गत महिलाओं को ब्यूटीशियन से संबंधित कौशल के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास एवं मार्केटिंग विषयों में भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अतिरिक्त, चयनित प्रतिभागियों को स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने में भी सहयोग प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली शीर्ष पांच प्रतिभागी महिलाओं को ब्यूटीशियन किट प्रदान कर सम्मानित किया गया जिससे वे अपना व्यवसाय प्रारंभ कर सकें।

# शौच के लिए बधार गए बुजुर्ग की आहर में डूबने से मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** कासमा थाना क्षेत्र के शिवा गम्हरिया गांव स्थित आहर में डूबने से 76 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान जगन्नाथ यादव के रूप में हुई है। घटना मंगलवार सुबह की बताई जा रही है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि जगन्नाथ यादव प्रतिदिन अपने घर से अहले सुबह गांव से दक्षिण दिशा की ओर लगभग एक किलोमीटर दूर आहर तरफ टहलने जाते थे। मंगलवार की सुबह भी वे अपने घर से पैदल आहर तरफ टहलने गए थे। संभवतः शौच के दौरान पैर फिसलने से आहर में जा गिरे जिससे उनकी मौत हो गई। कुछ घंटे बाद जब गांव के ही कुछ लोग टहलने गए तो आहर में एक शव को उपलते देखा। ग्रामीणों की शोर से मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। कुछ लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने आहर से शव को बाहर निकाला। जरूरी पूछताछ के उपरांत शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद से परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजें की मांग की है। घटना की सूचना पर लोहरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अनिल यादव सदर अस्पताल पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि आहर में डूबने से एक वृद्ध की मौत हुई है। पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बेहतर कार्य करने वालों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त और बेहतर कार्य करने वाले दर्जनों युवक, युवतियों एवं बुजुर्गों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम शहर के सम्राट अशोक सभागार में चहकता आंगन फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर युवा सम्मान कार्यक्रम बिहार के 'कैनाल मैन' लौंगी भुइयां, ओबरा के वसुंधरा कुमारी सहित कई अन्य सम्मानित किए गए। जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी ने कार्यक्रम को लेकर आयोजक के प्रति आभार जताया।

# फार्मर रजिस्ट्री से किसानों की बनेगी डिजिटल पहचान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कृषि विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा किसानों को सशक्त बनाने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से फार्मर रजिस्ट्री अभियान पंचायतवार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार फार्मर रजिस्ट्री-किसान की डिजिटल पहचान अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया। मंगलवार को जिले के सभी प्रखंडों की विभिन्न पंचायतों में पंचायत सरकार भवनों एवं अन्य सरकारी भवनों में पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी से संबंधित कार्यों को पूर्ण कर रहे हैं। अभियान को कैंप मोड में सफलतापूर्वक संचालित करने के उद्देश्य से जिले के वरीय पदाधिकारी द्वारा स्थलों पर जाकर नियमित रूप से निरीक्षण एवं निगरानी करने के साथ संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए जा रहे हैं।

# 19 जनवरी से आयोजित अम्बे महोत्सव की रूपरेखा तैयार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अंबा (औरंगाबाद)।** जिला प्रशासन एवं सतबहिनी मंदिर न्यास समिति के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय अम्बे महोत्सव का आयोजन 19 और 20 जनवरी को किया जाएगा। महोत्सव के आयोजन को लेकर मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियांशु बसु ने की। बैठक में न्यास समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। महोत्सव के आयोजन से संबंधित पहलुओं पर विचार-विमर्श कर कार्यक्रमों का मिनट टू मिनट प्रारूप तैयार किया गया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रखंड स्तर के सभी मंदिरों एवं ऐतिहासिक स्थलों का डाक्यूमेंट्री फिल्म बनाई जाएगी। इसके खर्च का वहन सतबहिनी मंदिर न्यास समिति करेगी। महोत्सव के दौरान आयोजित प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में प्रखंड क्षेत्र के बाहरी संगीत शिक्षकों को प्रतिनियुक्त किया जाएगा। बजट के अभाव में किसी भी कलाकार को प्रोत्साहन राशि नहीं दिया जायेगा। मंदिर की सजावट, दीप यात्रा की सामग्री, मोमेंटो आदि उपलब्ध कराने के लिए न्यास समिति के सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी को अधिकृत किया गया। अम्बे महोत्सव का आगाज धार्मिक अनुष्ठान से किया जाएगा। 19 जनवरी की सतबहिनी मंदिर परिसर से कलश यात्रा और झांकी निकाली जाएगी। श्रद्धालु हरदत्ता गांव के समीप बटाने नदी के तट से जलभरी कर मंदिर परिसर लौटेंगे। दस बजे से रंगोली, चित्रकला, निबंध, प्रश्न मंच प्रतियोगिता तथा मंच उद्घाटन दोपहर एक बजे किया जाएगा। शाम चार बजे से स्थानीय स्कूलों के बच्चों की गायन प्रतियोगिता तथा बाहरी कलाकारों की प्रस्तुति होगी। वहीं महोत्सव के दूसरे दिन मौखिक प्रश्न मंच प्रतियोगिता, सतबहिनी मां पर आधारित गीत प्रतियोगिता, गीत एवं नृत्य प्रतियोगिता, संध्या छह बजे दीप यज्ञ तथा बाहरी कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।






# सूर्य महोत्सव को यादगार बनाने में जुटे लोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सूर्य महोत्सव को यादगार बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है। आगामी 25 से 27 जनवरी तक महोत्सव आयोजित किया जाएगा। मंगलवार को राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय, देव के प्रांगण में एक दिवसीय ऑडिशन का आयोजन निर्धारित किया गया है। इस ऑडिशन का मुख्य उद्देश्य देव प्रखंड की समृद्ध लोक कला, लोक संस्कृति एवं पारंपरिक विरासत का संरक्षण एवं संवर्धन करना तथा स्थानीय प्रतिभाओं को सूर्य महोत्सव-2026 के मंच के माध्यम से व्यापक पहचान दिलाना है। ऑडिशन में लोक नृत्य, लोक गायन, शास्त्रीय नृत्य, आधुनिक नृत्य, वादन, नाटक, नृत्य-नाटिका, समूह गीत सहित अन्य सांस्कृतिक विधाओं से जुड़े कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। आयोजन समिति द्वारा ऑडिशन को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। कलाकारों के मूल्यांकन के लिए अनुभवी निर्णायक मंडल का गठन किया गया है जो प्रस्तुति की गुणवत्ता, मौलिकता, पारंपरिकता एवं मंचीय प्रभाव के आधार पर कलाकारों का चयन करेगा। चयनित कलाकारों को महोत्सव के दौरान आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने का अवसर प्रदान किया जाएगा। ऑडिशन के दौरान अनुशासन, समयबद्धता एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाएगा। प्रतिभागी कलाकारों से अपेक्षा की गई है कि वे निर्धारित समय पर आवश्यक सामग्री के साथ उपस्थित होकर अपनी प्रस्तुति दें ताकि ऑडिशन प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके। इस संबंध में प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि देव प्रखंड के प्रतिभागियों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की स्क्रीनिंग एवं ऑडिशन में शामिल होने हेतु पत्र के माध्यम से निर्देश निर्गत किए गए हैं।

# रोको-टोको अभियान के तहत गुलाब देकर किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** एक जनवरी से सड़क सुरक्षा माह की शुरुआत की गई है। इसके तहत जिला परिवहन विभाग की ओर से सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी के नेतृत्व में रोको-टोको अभियान का संचालन डीएम आवास के सामने किया गया। अभियान के दौरान दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट का विधिवत उपयोग करते पाए जाने पर उन्हें गुलाब का फूल एवं चॉकलेट प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा सड़क सुरक्षा नियमों के पालन हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही ऐसे चालकों से यह अपेक्षा की गई कि वे अपने परिजनों एवं आसपास के लोगों को भी हेलमेट, सीट बेल्ट के उपयोग तथा यातायात नियमों के अनुपालन के लिए प्रेरित करेंगे। वहीं, जिन वाहन चालकों द्वारा हेलमेट अथवा सीट बेल्ट का उपयोग नहीं किया गया था, उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग के पदाधिकारियों द्वारा फूल की माला पहनाकर सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उन्हें हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग के लाभ तथा इनके अभाव में संभावित दुर्घटनाओं एवं उससे होने वाली क्षति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। परिवहन विभाग के सौजन्य से यह जागरूकता अभियान 31 जनवरी तक सतत रूप से संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, नुक्कड़ नाटक एवं अन्य विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजनों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं संवेदनशील किया जाएगा। डीटीओ ने बताया कि इस अभियान के दौरान किसी भी वाहन चालक से जुर्माना नहीं वसूला गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

CMYK